सुप्रभात
रांची, सोमवार
04.12.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net अगहन, कृष्ण पक्ष, सप्तमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 141



12 जनता के दिल में सिर्फ मोदी : अमित शाह

## मोदी लहर का कमाल... छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान में भाजपा की सरकार

# अब 2024 में हैट्रिक की गारंटी : मोदी

| तेलंगाना - 119 | |
|---|---|
| बीआरएस | 39 |
| कांग्रेस | 64 |
| भाजपा | 08 |
| अन्य | 01 |

| मध्य प्रदेश - 230/ 116 | |
|---|---|
| भाजपा | 162 |
| कांग्रेस | 67 |
| अन्य | 01 |

| राजस्थान - 199/ 100 | |
|---|---|
| भाजपा | 115 |
| कांग्रेस | 70 |
| अन्य | 14 |

| छत्तीसगढ़ - 90/ 46 | |
|---|---|
| भाजपा | 56 |
| कांग्रेस | 33 |
| अन्य | 01 |

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** मोदी लहर पर सवार भाजपा ने छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान में कमाल कर दिया। तीनों राज्यों में भाजपा ने बंपर बहुमत ला कर सरकार बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। वहीं तेलंगाना में कांग्रेस, बीआरएस से सत्ता छीनने में कामयाब रही है। विधानसभा चुनाव के नतीजों के मुताबिक भाजपा तीन राज्यों में सरकार बनाने जा रही है। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ समेत 4 बड़े राज्यों के वोटों की गिनती में भाजपा को बड़ी जीत मिली है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सफलता ने एग्जिट पोल को गलत साबित किया है। तीन राज्यों में जीत के बाद पीएम मोदी भाजपा मुख्यालय पहुंचे और वहां उपस्थित लोगों को संबोधित किया। उन्होंने जनता को नमन करते हुए कहा, जीत की यह हैट्रिक 2024 के चुनाव में हैट्रिक की गारंटी है।



### चारों राज्यों की स्थिति-

**छत्तीसगढ़ :** 90 सीटों वाले छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का कब्जा था। भाजपा इस बार बड़ी जीत दर्ज कर ली। भाजपा ने छत्तीसगढ़ में बहुमत के आंकड़े को पार कर लिया है। 54 सीटों पर शानदार जीत हासिल कर ली है। बहुमत के लिए 46 सीटों की दरकार थी। चुनाव परिणामों को देखते हुए कहा जा सकता है कि प्रदेश में भाजपा की लहर थी, लेकिन राजनीतिक विशेषज्ञ इसे पकड़ पाने में नाकाम रहे। भाजपा और कांग्रेस के बीच वोट प्रतिशत में करीब चार प्रतिशत का अंतर है। राजनांदगांव से पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह, पाटन से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जीत गये हैं। वहीं टीएस सिंहदेव अंबिकापुर से चुनाव हार गये। 2018 विधानसभा चुनाव के दौरान सत्तारूढ़ भाजपा को सिर्फ 15 सीटें ही मिल सकी थीं। कांग्रेस ने 68 सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनायी थी। खास बात है कि भाजपा ने अब तक सीएम चेहरे का ऐलान नहीं किया और कांग्रेस सीएम भूपेश बघेल के नाम पर ही भरोसा जता रही है।

**मध्य प्रदेश :** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह की अगुवाई वाली भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस से कड़ी चुनौती दी और पूर्ण बुमत हासिल कर लिया। एमपी में कांग्रेस पार्टी की करारी हार हुई है। भाजपा को सत्ता से बेदखल करने की उम्मीद के उतरी कांग्रेस को केवल 66 सीटों से संतोष करना पड़ा है। जनता ने भाजपा को प्रचंड बहुमत से जीत दिलायी है। 230 विधानसभा सदस्यीय राज्य में सरकार बनाने के लिए 116 सीटें चाहिए। भाजपा को अबतक 166 सीटों पर जीत का आशीर्वाद मिल चुका है। विधानसभा चुनाव 2018 में यहां कांग्रेस ने 230 में से 116 सीटों पर जीत हासिल कर कांग्रेस ने सरकार बनायी थी। तब सीएम कमलनाथ को बनाया गया था। हालांकि, 2020 में फ्लोर टेस्ट में फेल होने के बाद कमलनाथ सरकार गिर गयी थी और भाजपा ने वापसी की थी।

**राजस्थान :** हिंदी पट्टी के एक और अहम राज्य में राजस्थान में भाजपा ने पांच साल बाद धमाकेदार वापसी की है। भाजपा मिले स्पष्ट बहुमत और कांग्रेस की हार के बाद अशोक गहलोत ने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया है। राज्यपाल कलराज मिश्र ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। सरकार गठन तक बने रहने को कहा है। भाजपा 112 सीटें जीत चुकी है। यह बहुमत के आंकड़े (101) से 11 सीट अधिक है। कांग्रेस 71 सीटों पर सिमट गयी है। भाजपा ने नयी सरकार के गठन की तैयारियां शुरू कर दी है। कल या फिर परसों पार्टी विधायक दल की बैठक हो सकती है। यहां गहलोत सरकार के अधिकांश मंत्री और दिग्गज नेता चुनाव हार गये हैं। भाजपा के कई नये चेहरों ने धमाकेदार जीत दर्ज की है। (शेष पेज 11 पर)

## जनता-जनार्दन को नमन...




**पीएम मोदी ने** पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज की जीत ऐतिहासिक है। 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना की जीत हुई है। 'विकसित भारत' की आवाज जीत गयी है। 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प की जीत हुई है। पीएम मोदी ने कहा कि कुछ लोग तो यह भी कह रहे हैं कि आज की इस हैट्रिक जीत ने 2024 की हैट्रिक की गारंटी भी दे दी है। उनका इशारा लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाने से था। अगर 2024 में पार्टी जीतती है तो केंद्र में यह भाजपा की हैट्रिक ही होगी। मोदी ने कहा कि आज देश के युवाओं में ये भरोसा लगातार बढ़ रहा है कि भाजपा ही उनकी आकाक्षाएं समझती है, उनके लिए काम करती है। आज हर गरीब कह रहा है- वो खुद जीता है। आज हर वंचित के मन में भावना है- वो खुद जीता है। आज हर किसान यही सोच रहा है- वो खुद जीता है। आज हर आदिवासी भाई-बहन ये सोचकर खुश है कि वो खुद जीता है। हर वो नागरिक इसे अपनी सफलता समझ रहा है, जो 2047 में भारत को एक विकसित राष्ट्र देखना चाहता है। ऐतिहासिक जीत पर पीएम मोदी ने कहा, जनता-जनार्दन को नमन! भारत की जनता का भरोसा सिर्फ और सिर्फ सुशासन और विकास की राजनीति में है, उनका भरोसा भाजपा है। हमें भारत को विजयी बनाना है। मोदी ने कहा, आज इस दिशा में हमने मिलकर एक सशक्त कदम उठाया है। यह विकसित भारत के लक्ष्य की जीत है। अब हमारी जिम्मेदारी बढ़ गयी है। साथ ही भरोसा देता हूं कि आपके कल्याण के लिए हम निरंतर अथक परिश्रम करते रहेंगे। हमें ना रुकना है, ना थकना है। हम विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, 'इस चुनाव में देश को जातियों में बांटने की बहुत कोशिशें हुई लेकिन मैं लगातार कह रहा था कि मेरे लिए देश में 4 जातियां ही सबसे बड़ी जातियां है। जब मैं इन 4 जातियों की बात करता हूं तब हमारी नारी, युवा, किसान और हमारे गरीब परिवार इन 4 जातियों को सशक्त करने से ही देश सशक्त होने वाला है।

# धनबाद जेल में गैंगस्टर अमन सिंह की गोली मार कर हत्या

- छह गोली लगी, जेल परिसर पुलिस छावनी में तब्दील
- धनबाद कारा में बंद था नीरज सिंह हत्याकांड का आरोपी

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** रविवार को दोपहर करीब ढाई बजे एसपी संजीव कुमार धनबाद के चर्चित गैंगस्टर प्रिंस खान गिरोह को लेकर अपने चेंबर में मीडिया से बात कर रहे थे। वहीं दूसरी और अचानक धनबाद जेल में पगली घंटी बजने लगी। मामला था धनबाद जेल में बंद नीरज सिंह हत्याकांड के शूटर अमन सिंह की हत्या का। मंडल कारा में ही गैंगवार की घटना में गैंगस्टर अमन सिंह की गोली मारकर हत्या की दी गयी। उसे 6 गोली लगी है, चार पेट में और दो गोली सिर में। मौके पर ही अमन की मौत हो गयी। घटना के बाद धनबाद मंडल कारा में अपरा तफरी का माहौल बन गया। पूरे जेल को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गयी है। (शेष पेज 11 पर)

### जेल पुलिस छाबनी में तब्दील




घटना की सूचना मिलते ही धनबाद के डीसी वरुण रंजन, एसएसपी संजीव कुमार, एसडीएम उदय रजक एवं अन्य वरिय अधिकारी जेल पहुंचे। आनन- फानन में अमन सिंह को उठाकर धनबाद एसएनएमएमसीएच अस्पताल ले जाया गया, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने अमन सिंह को मृत घोषित कर दिया। पूरे जेल परिसर को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। सैकड़ों पुलिस जवानों को जेल में तैनात किया गया।

**जेल अधिकारियों से पूछताछ :** गैंगवार की इस घटना के बाद प्रशासन पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। जेल में आखिर पिस्टल कहां से आया? यह एक बड़ा प्रश्न है। अमन सिंह को गोली किसने मारी? यह भी पुलिस के लिए चुनौती है। घटना के बाद से पुलिस अधिकारी जेल में कैंप किये हुए हैं। वे छानबीन कर रहे हैं और सब कुछ पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। इन सारी बातों का खुलासा अब जांच के बाद ही होगा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जेल के अधिकारियों से पूछताछ की जा रही है साथ ही साथ बाकी कैदियों से भी पूछताछ की जा रही है।

### टीम इंडिया ने मेहमानों के जबड़े से छीनी जीत

**नयी दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम इंडिया ने टी20 सीरीज पर चौथे टी20 में ही कब्जा जमा लिया था। 5वें मुकाबले में में चिन्नास्वामी स्टेडियम में कांटे की टक्कर देखने को मिली। टीम इंडिया की तरफ से श्रेयस अय्यर ने शानदार फिफ्टी ठोकी। अय्यर की पारी के दम पर टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया के सामने 161 रन का लक्ष्य रखा। इसके बाद टीम इंडिया के गेंदबाजों ने भी कमाल का प्रदर्शन किया। भारत की तरफ से तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने 3 विकेट लिए, वहीं बिश्नोई ने भी 2 विकेट झटके। आखिरी ओवर में अर्शदीप की शानदार गेंदबाजी की बदौलत भारतीय टीम ने इस मुकाबले को 6 रन से अपने नाम कर लिया। ऑस्ट्रेलिया को इस सीरीज में केवल 1 जीत ही तीसरे टी-20 मैच में हासिल हो सका।

# जनादेश स्वीकार, विचारधारा की लड़ाई जारी रहेगी : राहुल गांधी

- पार्टी की हार से निराश हूं, पर कड़ी मेहनत से वापसी करूंगा : खड़गे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** तीन राज्यों में करारी हार के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्वीट किया मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान का जनादेश हम विनम्रतापूर्वक स्वीकार करते हैं। विचारधारा की लड़ाई जारी रहेगी। तेलंगाना के लोगों को मेरा बहुत धन्यवाद - प्रजालु तेलंगाना बनाने का वादा हम जरूर पूरा करेंगे। सभी कार्यकर्ताओं को उनकी मेहनत और समर्थन के लिए दिल से शुक्रिया।



**फिर वापसी भी करेंगे : खड़गे**

वहीं पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने तीन राज्यों में पार्टी की हार पर निराशा जताते हुए कहा कि वह निराश जरूर हैं, पर आगे कड़ी मेहनत के दम पर वापसी भी करेंगे। ये चुनाव परिणाम हमारी अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं रहे हैं, परंतु हमें विश्वास है कि हम मेहनत एवं दृढ़ निश्चय से मजबूती से वापसी करेंगे। विपक्षी गठबंधन इंडिया' के घटक दलों के साथ मिलकर अगले लोकसभा चुनाव के तैयारी करेंगे। उन्होंने तेलंगाना में कांग्रेस की जीत के लिए मतदाताओं का आभार जताया। कांग्रेस पार्टी ने पूरे दम-खम के साथ इन चार राज्यों के चुनाव में भाग लिया। मैं अपने अनगिनत कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करता हूं।


वहीं कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने अपने बयान में कहा कि ठीक 20 साल पहले भी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में हुए विधानसभा चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था। उस वक्त हमें सिर्फ दिल्ली में जीत मिली थी, लेकिन कुछ ही महीनों में जोरदार ढंग से वापसी करते हुए कांग्रेस लोकसभा चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी और केंद्र में सरकार बनायी। रमेश ने कहा कि आशा, विश्वास, धैर्य और दृढ़ संकल्प के साथ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस आगामी लोकसभा चुनावों के लिए तैयारी करेगी।

# तीन राज्यों में हार से इंडिया में कांग्रेस का पावर घटा

## जदयू ने कहा- इंडिया एलायंस की नैया अब नीतीश ही पार लगा सकते हैं

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पांच राज्यों में से चार राज्यों के चुनावा परिणामों से कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। इसके बाद अब चर्चा शुरू हो गयी है कि अंडिया अलायंस में अब कांग्रेस को ज्यादा बैकफुट पर रहना होगा। तेलंगाना को छोड़ दे तो कांग्रेस को कहीं भी सरकार बचाने और बनाने का मौका नहीं मिला। पांच राज्यों के चुनाव से पहले कांग्रेस इंडिया अलायंस बनाने में जुटी थी।



चुनावों के ऐलान के बाद अलायंस पर चल रही चर्चा बंद हो गयी थी। मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी सपा से तकरार के बाद अकेले चुनाव मैदान में उतरी थी। पांच राज्यों के ऐलान से पहले अलायंस की आखिरी बड़ी बैठक मुंबई में हुई थी। अलायंस कैसे आगे बढ़ेगा, उसपर चर्चा हुई थी। उसके बाद इस पर चर्चा लगभग बंद हो गयी थी। अब तो नीतीश कुमार की पार्टी ने स्पष्ट कह दिया कि गंठबंधन की कमान उन्हें सौंपें, क्योंकि 2024 के चुनाव में वही इंडिया की नैया पार लगा सकते हैं।

**कांग्रेस को भारी पड़ा ओवर कांफिडेंस :** अब पांच राज्यों के चुनाव परिणामों के बाद अगर इंडिया अलायंस की चर्चा शुरू होती है तो जाहिर तौर पर कांग्रेस उस स्थिति में नहीं होगी। जिस स्थिति में वह पांच राज्यों के चुनावों से पहले थी। ऐसे में अलायंस में शामिल 26 दल निश्चित तौर पर कांग्रेस के मुश्किल बनेंगे। राजनीतिक सूत्रों का मानना है कि ओवर कंफिडेंस कांग्रेस को भारी पड़ गया। भाजपा तीन राज्यों में प्रचंड जीत का श्रेय लेगी तो वहीं कांग्रेस के हाथ में सिर्फ तेलंगाना आया है। (शेष पेज 11 पर)

### नीतीश कुमार को कमान सौंपें

4 राज्यों में से तीन राज्यों में भाजपा की जीत और कांग्रेस की हार पर जेडीयू ने इंडिया गठबंधन की कमान को नीतीश को सौंपने की मांग कर डाली है। जदयू ने कहा कि नीतीश कुमार इंडिया गठबंधन के सूत्रधार हैं और वही इस नैया को पार करा सकते हैं। चुनाव नतीजों के बाद जदयू ने कांग्रेस को घेर लिया है। उसने सीधे-सीधे दावा ठोंक दिया है कि इंडिया गठबंधन को अब नीतीश कुमार के मुताबिक चलना चाहिए। नीतीश कुमार गठबंधन की शिथिल गतिविधियों के चलते भी खासे नाराज थे। उन्होंने इसको लेकर सीपीआइ के मंच से भड़ास भी निकाली थी। उस वक्त इसी चुनावी व्यस्तता का हवाला देकर कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने नीतीश से फोन पर बात की थी।



# अपनी ताकत बढ़ाने की फिराक में जुटे माओवादी

- सरकारी भवनों को अपना भर्ती केंद्र बनाने की घोषणा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची, मेदिनीनगर।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन सीपीआइ माओवादी अपनी ताकत बढ़ाने की कोशिश में है। माओवादियों ने ग्रामीण इलाकों में पंचायत और स्कूल भवनों को अपना भर्ती केंद्र बनाने की घोषणा की है। दरअसल, पीपुल्स लिबरेशन ऑफ गुरिल्ला (पीएलजीए) दो से 8 दिसंबर तक अपना स्थापना सप्ताह मना रहे हैं। स्थापना सप्ताह को लेकर माओवादियों ने एक खास इलाके में बड़े पैमाने पर पोस्टर चिपकाये हैं। इस पोस्टर में माओवादियों ने गांव के सरकारी स्कूलों और पंचायत भवनों को अपना भर्ती केंद्र बनाने का ऐलान किया है। हालांकि पुलिस ने सभी पोस्टर हटा दिए हैं। पीएलजीए सप्ताह को लेकर पुलिस भी हाई अलर्ट पर है। सरकारी भवनों की सुरक्षा भी बढ़ा दी है।

झारखंड बिहार के सीमावर्ती इलाकों में नक्सली अपनी ताकत बढ़ा रहे हैं। वर्षों बाद पहली बार माओवादियों ने विश्रामपुर, पांडू और नावा बाजार इलाके में पोस्टरबाजी की है। दरअसल, पलामू में नक्सल विरोधी अभियान में तैनात सीआरपीएफ की टीम को हटा दिया गया है। इनकी वापसी के बाद माओवादियों ने अपनी ताकत बढ़ानी शुरू कर दी है।

## न्यूज डायरी

### ओरमांझी चिड़ियाघर में बाघिन सरस्वती की मौत

**रांची।** भगवान बिरसा मुंडा जैविक उद्यान रांची में किडनी की बीमारी से सरस्वती नामक बाघिन की मौत हो गयी। बाघिन अगले दो माह में छह वर्ष पूरा करने वाली थी, लेकिन उसके पहले ही चल बसी। बाघिन की मौत से चिड़ियाघर के कर्मियों में मायूसी है। पिछले दो-तीन दिनों से बाघिन बीमार चल रही थी। जानकारी के अनुसार बाघिन की उम्र पांच साल, 10 माह थी।

### टीएसपीसी के दो दुर्दांत उग्रवादी गिरफ्तार

**चतरा।** पुलिस ने सतोनी जंगल से टीएसपीसी के दो दुर्दांत उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। दोनों किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में थे। पुलिस लंबे समय के इनकी तलाश में थी। इनकी गिरफ्तारी इटखोरी थाना की पुलिस ने सरहैता के सतोनी जंगल से हुई।

### तूफान : आंध्र के सीएम से पीएम ने की बात

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने बंगाल की खाड़ी के ऊपर उठे चक्रवाती तूफान मिचौंग से आंध्र प्रदेश में संभावित संकट से निपटने की तैयारियों के बारे में रविवार को राज्य के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी से फोन पर बात की। मोदी ने श्री रेड्डी को परिस्थितियों से निपटने में केंद्र सरकार की ओर से पूरी मदद का भरोसा दिया।

### परमवीर अल्बर्ट एक्का को दी गयी श्रद्धांजलि

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने रविवार को परमवीर चक्र विजेता शहीद लांस नायक अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। राज्यपाल ने अल्बर्ट एक्का चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### जयंती पर याद किये गये डा राजेंद्र प्रसाद

**नयी दिल्ली।** पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद को उनकी 139वीं जयंती जयंती पर रविवार को संविधान सदन (पुराने संसद भवन) के केंद्रीय कक्ष में आयोजित समारोह में पुष्पांजलि दी गयी। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, समेत सभी दलों के सांसद व नेता प्रमुख थे।

### मिजोरम में वोटों की गिनती आज

**आइजोल।** मिजोरम विधानसभा चुनाव के लिए वोटों की गिनती सोमवार सुबह शुरू होगी। इसके लिए सभी 11 जिलों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। महिला समेत चार हजार से अधिक अधिकारी लगाये गये हैं, जो सुबह आठ बजे से गिनती के लिए राज्य भर के 13 केंद्रों पर तैनात रहेंगे।


### छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में नौ मंत्री हारे

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल खुद तो चुनाव जीत गये, पर उनके मंत्रिमंडल के नौ मंत्री चुनाव हार गये हैं। इसी प्रकार विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत चुनाव जीत गये हैं।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 60,100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 81,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख



मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान में भाजपा की जीत पर दी बधाई

# चुनाव में भाजपा के नेता, नीति और नीयत की हुई जीत: बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोद, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष सहित केंद्रीय एवम प्रदेशों के नेतृत्व को बधाई देते हुए चुनाव परिणामों पर मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान एवं तेलंगाना की जनता का आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि तीन राज्यों में भाजपा को मिला स्पष्ट और मजबूत जनादेश ने भारत की राजनीति को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि यह भाजपा के नेता, नीति और नीयत की जीत है। विश्व के सर्वमान्य नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में जनता का भरोसा दिन प्रतिदिन बढ़ा है। जनता ने मोदी की गारंटी पर विश्वास किया है। उन्होंने कहा कि यह जीत विकास के राजनीति की जीत है। यह सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की जीत है। यह जीत गरीब कल्याण की जीत है।

उन्होंने कहा कि जनता ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जनादेश दिया है। सनातन विरोधियों को सबक सिखाई है। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि मोदी है तो मुमकिन है। उन्होंने कहा कि पार्टी के समर्पित और सेवाभावी करोड़ों कार्यकर्ताओं ने पार्टी की नीतियों कार्यक्रमों को जनता के बीच ले जाने में अथक परिश्रम किया। मोदी की गारंटी को जन जन तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि जनता ने डबल इंजन की सरकार के लिए भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि जनता तीसरी बार मोदी सरकार बनाने की दिशा में अपना संदेश दे दिया है। जीत की बधाई देने वालों में सांसद दीपक प्रकाश, आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय सहित प्रदेश पदाधिकारी गण शामिल हैं।

### भाजपा मुख्यालय में रहा उत्सव का माहौल



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में शाम को पार्टी मुख्यालय में एक साथ होली व दीवाली मनाई गई। नेता कार्यकर्ता ढोल, बाजे पर खूब झूमे। फोड़े पटाखे, एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाया और मिठाइयां बांटी। इस अवसर पर राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा, रविन्द्र राय, गंगोत्री कुजूर, सीपी सिंह, राकेश प्रसाद, सुबोध सिंह गुड्डू, काजल प्रधान, हेमन्त दास, सूरज चौरसिया, शिवपूजन पाठक, प्रेम मित्तल, अशोक बड़ाईक, तारिक इमरान, प्रदीप सिन्हा, प्रतुल शाहदेव, सरोज सिंह, अविनेश सिंह, आरती कुजूर, किसलय तिवारी, अनवर हयात, नीरज पासवान, अजय मारू, उमा शंकर केडिया, सीमा शर्मा, उषा पांडेय, पुनीता राय, सत्यनारायण सिंह, अरविंद सिंह, सुनील साहू, ललित ओझा, रमाकांत महतो, गुनानंद महतो, रोमित नारायण सिंह, सीमा सिंह, मंजू लता दुबे, सरिता पांडेय, भूपेंद्र सिंह, सूर्या प्रभात आदि उपस्थित थे।

## रुझानों में पिछड़ने के बाद कांग्रेस के नेता मायूस, प्रदेश कार्यालय में पसरा सन्नाटा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मिशन 2024 से पूर्व राजनीतिक दृष्टि माने जा रहे सेमिफाइनल के तौर पर पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में से रविवार को 4 राज्यों राजस्थान, मध्यप्रदेश, छतीसगढ़ और तेलांगना में मतों की गणना हुई। सुबह से लेकर मतगणना के अंतिम पड़ाव तक ताजा रुझानों में भारतीय जनता पार्टी का अच्छा प्रदर्शन रहा। वहीं कांग्रेस का ओवरऑल प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा।

चार प्रदेशों के विधानसभा चुनाव के ताजा रुझानों में कांग्रेस के प्रदर्शन मनोनुकूल नहीं होने से झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में सन्नाटा पसर गया। कार्यालय कर्मी को छोड़ दें तो चंद मीडियाकर्मियों के अलावा और पार्टी कार्यालय में कोई मौजूद नहीं था। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और अन्य कांग्रेसी नेता डॉ राजेन्द्र प्रसाद, खुदीराम बोस की जयंती एवं परमबीर अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि मनाने के लिए कार्यालय पहुंचे थे लेकिन मतगणना के रूझान में ज्यो-ज्यों कांग्रेस पिछड़ती गयी, प्रदेश अध्यक्ष सहित सभी नेता धीरे-धीरे कांग्रेस कार्यालय से चले गये।

### कांग्रेस के नेताओं ने जीत का किया था दावा

झारखंड कांग्रेस के नेताओं में हताशा और निराशा का भाव इसलिए है क्योंकि पार्टी को उम्मीद थी कि जहां तेलांगना में पार्टी बेहतरीन प्रदर्शन करेगी, वहीं राजस्थान में रिवाज बदलेगा और पांच साल पर रोटी पलटने के रिवाज को तोड़ते हुए कांग्रेस सत्ता बरकरार रखेगी। वहीं मध्य प्रदेश में भी कमलनाथ के नेतृत्व में सत्ता वापसी की उम्मीद कांग्रेस के नेता लगाए बैठे थे तो छतीसगढ़ में एकतरफा जीत की उम्मीद कांग्रेसजनों को थी लेकिन जो रुझान सामने आये, उसके अनुसार तेलांगना छोड़ बाकी तीनों राज्य में कांग्रेस का प्रदर्शन भाजपा के मुकाबले फीका ही नहीं हार का सबब लेकर आया। इसका नतीजा रहा कि दोपहर बाद से ही प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में सन्नाटा पसर गया।

### कांग्रेस नेताओं ने जश्न की कर रखी थी तैयारी

झारखंड कांग्रेस के नेताओं ने यह उम्मीद लगा रखी थी कि चारों प्रदेश में पार्टी बेहतरीन प्रदर्शन करेगी, पार्टी के प्रदेश कार्यालय में लड्डू से लेकर आतिशबाजी की पूरी व्यवस्था कर रखी थी। लेकिन यह तैयारी धरी की धरी रह गयी।

दिव्यांग मतदाताओं के लिए राज्य भर में हुए कई कार्यक्रम

## समावेशी निर्वाचन प्रक्रिया के लिए किया जा रहा प्रयास: के रवि कुमार

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर रविवार को राज्य के सभी जिलों में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर कई जागरूकता अभियान चलाये गये। इस दौरान दिव्यांग मतदाताओं तक पहुंच कर अधिकारियों ने न केवल उनका सम्मान किया। बल्कि मतदाता सूची में उनका नाम सुनिश्चित करने के लिए अपने स्तर से जरूरी उपाय किये। कुछ जिलों में विशेष कैंप भी लगाये गये। अभियान के दौरान सक्षम मोबाइल एप को लेकर भी लोगों को जागरूक किया गया। भारत निर्वाचन आयोग का वह मोबाइल एप दिव्यांग मतदाताओं की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाया गया है।

**मुख्यालय से जिलों में भी पहुंचे पदाधिकारी** : हजारीबाग के जिला स्तरीय आयोजन में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार प्रमुख रूप से मौजूद रहे। यहां उन्होंने उपायुक्त तथा अन्य पदाधिकारीयों की मौजूदगी में दिव्यांग मतदाताओं से संवाद किया तथा निर्वाचन संबंधी उनकी आवश्यकताओं को जाना। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को समावेशी बनाने के लिए दिव्यांग जनों की सहभागिता भी शत प्रतिशत करने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। कहा कि दिव्यांग मतदाताओं की जरूरतों के लिए सक्षम एप बहुत उपयोगी है। अतः ऐसे मतदाता इस ऐप को गूगल प्ले स्टोर से जरूर डाउनलोड कर लें। वहीं, संथाल परगना में गीता चौबे, लातेहार में देवदास दत्ता, रांची में संजय कुमार ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।

भारत भारती और डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय की ओर से झारखंड दिवस समारोह का आयोजन

## राष्ट्रीय एकात्मता प्रथम कर्तव्य हो : राज्यपाल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि सभी भारतवासियों की सोच और सांस्कृतिक निष्ठा एक ही है। राज्यपाल भारत भारती और डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित झारखंड दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। हम सब आजन्म भारतीय हैं। भाषा, पहनावा, भोजन और कला की विविधता के बावजूद राष्ट्रीय एकात्मता सभी भारतीयों के लिए जीवन की प्रथम प्राथमिकता होनी चाहिये। सरदार वल्लभभाई पटेल यदि नहीं होते तो भारत का भौगोलिक स्वरूप आज जैसा नहीं होता। इसी तरह डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी नहीं होते तो कश्मीर आज भारत का अंग नहीं होता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सभी राज्यों को एक तरह का महत्व और सम्मान मिल रहा है। तमिलनाडु से भाजपा का एक भी सांसद नहीं है लेकिन, मैं तीसरा व्यक्ति हूं जिसे इस राज्य से राज्यपाल बनाया गया है। विश्व की पांचवी आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभरा भारत न केवल शक्तिशाली है बल्कि दयालु भी है।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बहुत से गरीब देश को मुफ्त कोरोना वैक्सीन उपलब्ध करायी गयी। वाजपेई जी ने ग्रामीण क्षेत्रों में एलपीजी गैस पहुंचने का काम किया तो मोदी जी ने प्रत्येक गांव और ग्रामीण को कुकिंग गैस उपलब्ध कराने का प्रयास किया। अभी देश में 27 प्रतिशत लोगों को भोजन, स्नान आदि के लिए नल का पानी उपलब्ध है जबकि 73 प्रतिशत और लोगों तक पहुंचना है।

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर तपन कुमार शांडिल्य, केंद्रीय विधि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अशोक आर पाटिल, भारत भारती के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विनय पत्राले तथा भारत भारती की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य साधना बेन राव ने भी अपने विचार रखे। स्वागत भाषण भारत भारती के संयोजक पंकज वत्सल ने तथा धन्यवाद ज्ञापन झारखंड प्रभारी अभय कुमार ने किया। कार्यक्रम का संचालन डीएवी स्कूलए श्यामली की काउंसलर श्रीलेखा मेनन ने किया।

## नीला नाग और मुकेश कुमार ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** चाईबासा नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन और आईसीसी की सदस्य नीला नाग और कांग्रेस के नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार ने रविवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुये। श्री मरांडी ने पार्टी का पटका पहनाकर दोनों नेताओं का स्वागत किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सतीश पूरी, वरिष्ठ नेता जेबी तुबिद उपस्थित थे।

## सिल्क्यारा सुरंग बचाव अभियान में कोल इंडिया की भी रही भागीदारी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सीएमपीडीआई सीएमडी मनोज कुमार ने वरिष्ठ सलाहकार (खनन) अनिल कुमार राणा को सिल्क्यारा बचाव कार्य में भाग लेने के बाद सीएमपीडीआई, रांची आगमन पर सम्मानित किया।

ज्ञात हो कि सिल्क्यारा सुरंग की छत गिरने की त्रासदी 12 नवंबर को हुई जब देश दीपावली का त्योहार मना रहा था। सुरंग लगभग 12.4 मीटर व्यास और 7.5 मीटर ऊंचाई और अर्धवृत्ताकार खंड वाली है। गिरने का स्थान सुरंग के सिल्क्यारा किनारे के पास था, जो सुरंग के प्रवेश द्वार से 205 मीटर से शुरू होता था और आधार पर लगभग 65 मीटर तक फैला हुआ था। टूटी हुई चट्टानों, गिरी हुई जालीदार स्टील की पट्टियों, आरसीसी बीम और कुछ सुरंग बनाने वाली मशीनों के बड़े ढेर के कारण मलबे में प्रवेश करना बहुत मुश्किल हो गया था जिससे इस मलबे के ढेर के पीछे इकतालीस मजदूर फंस हुए थे। सबसे पहले, सुरंग स्थल पर उपलब्ध संसाधनों से मलबे को हटाने का प्रयास किया गया, लेकिन मलबे का बड़ा ढेर अपने आप में बहुत बड़ी बाधा साबित हुआ। बाद में विभिन्न सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र की एजेंसियां कार्रवाई में शामिल हो गईं। बचाव कार्य में लगी एजेंसियों को सहायता प्रदान करने के लिए ऑस्ट्रेलिया के माइक्रो-टनलिंग विशेषज्ञ, अर्नोल्ड डिक्स भी साइट पर उपस्थित थे।

मालूम हो कि कोल इंडिया लिमिटेड ने अपने काम की प्रकृति के कारण अतीत में विभिन्न आपदाओं और साहसपूर्ण बचाव कार्यों का सामना किया है। इस तरह के सबसे उल्लेखनीय कार्यों में से एक दिनांक 16.11.89 को ईसीएल के महाबीर कोलियरी से 65 श्रमिकों को बचाने का कार्य शामिल रहा है। इस स्थिति में ऐसी आपदाओं से निपटने में कोल इंडिया लिमिटेड के ज्ञान और बचाव कार्यों में उनके अनुभव को ध्यान में रखते हुए, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा कोयला मंत्रालय के माध्यम से एक टीम का अनुरोध किया गया था। श्री एके राणा, वरिष्ठ सलाहकार (खनन), पूर्व निदेशक (तकनीकी), सीएमपीडीआई के नेतृत्व में डब्ल्यूसीएल दिनेश बिसेन, जीएम, बचाव और एम. विष्णु उप प्रबंधक (खनन) के साथ जीएम आरके अमर की तीन अधिकारियों की एक टीम को 21 नवंबर, 2023 को सुरंग स्थल भेजा गया था। ऑपरेशन के दौरान योजना 'बी' के लिए बचाव कैप्सूल के आयाम कोल इंडिया टीम द्वारा एनडीआरएफ को साझा किए गए थे। स्टील सपोर्ट की मदद से मलबे के ढेर में मैन्युअल प्रवेश के लिए योजना 'सी' मद्रास रेजिमेंट द्वारा प्रस्तावित की गई थी और सीआईएल टीम द्वारा समर्थित थी। इसके बावजूद सारी तैयारी काम नहीं आयी। इस स्थिति में प्रसिद्ध रैट माइनर्स को आगे के बचाव कार्य के लिए लगाया गया और इसके बाद का बचाव कार्य श्रमिकों और बचाव कर्ताओं के धैर्य, दृढ़ संकल्प और टीम वर्क की जीत का इतिहास बन गया।

### चुनावों में हार के बाद कांग्रेस पार्टी की सभी गारंटी फेल : अर्जुन मुंडा



**रांची।** जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने विधानसभा चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुये कहा कि चार राज्यों में से तीन राज्यों में भाजपा की जीत से यह स्पष्ट है कि लोगों ने कांग्रेस को रिजेक्ट कर दिया है। लोगों को मोदी जी की गारंटी पर विश्वास है और लोग समझ चुके हैं कांग्रेस झूठे वादे करती है। मोदी जी के विकास और गरीब कल्याण में विश्वास रखते हैं। कांग्रेस की सभी गारंटी फेल हो गई।

## जन सरोकार से जुड़कर काम करना ही असली राजनीति : सुदेश महतो

राजाउलातू में आजसू पार्टी रांची जिला समिति बैठक सम्पन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि जनता के सरोकार से जुड़कर काम करना ही सच्ची राजनीति है। राजनीति का मकसद सिर्फ चुनाव लड़ना नहीं है। आजसू पार्टी ने हमेशा जनहित में काम करना चुना है। इसलिए एक-एक कार्यकर्ता अपनी जवाबदेही सुनिश्चित करें। रांची जिले में 10 हजार पिलर मेंबर खड़े करने का है। सभी साथी मिलकर पार्टी को और अधिक मजबूत करने का काम करें। सुदेश महतो रविवार को राजाउलातु में आयोजित रांची जिला समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में रांची जिला के सभी केंद्रीय समिति के पदाधिकारी, अनुषांगिक इकाई के सदस्य, जिला समिति के सदस्य एवं महिला इकाई, जिला परिषद के सभी सदस्य, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, प्रमुख, उप प्रमुख, प्रखंड समिति के अध्यक्ष, सचिव आदि उपस्थित रहें। इस दौरान कई विभिन्न राजनीतिक दलों के कई नेता पार्टी में शामिल हुए। सुदेश महतो ने कहा कि गांव के निचले इकाई को मजबूत करना हमारा मूल कर्त्तव्य है। संगठन विस्तार के लिए सभी पूरी निष्ठा से जुड़ें और जो जिम्मेदारी दी गई है उसके प्रति ईमानदारी से काम करें। हमें जनता के बीच रहकर उनके सुख दुःख का साथी बनना है और उनकी आवाज को सड़क से लेकर सदन तक बुलंद करने का काम करना है।

झारखंड की जेलों में कब-कब हुई हत्या और आपराधिक घटनाएं

## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बाद भी जेल में कैसे पहुंचा हथियार, धनबाद जेल प्रशासन पर उठ रहा सवाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड के जेलों में हत्या होना कोई बड़ी बात नहीं है। रांची के बिरसा मुंडा जेल में ही सुधीर सिंह उर्फ भोमा की हत्या कर दी गयी थी। इसके बाद जेल में जहरीले शराब प्रकरण में भी बंदियों की मौत हो चुकी है। जमशेदपुर के घाघीडीह सेंट्रल जेल में 25 जून 2019 को हुई सजयाफ्ता बंदी मनोज सिंह की हत्या कर दी गयी थी। जानकारी के मुताबिक, मनोज सिंह हत्याकांड के मामले में 15 लोगों को दोषी पाया गया था। जिन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनायी गयी है।

रांची के बिरसा मुंडा जेल में वाहन चोरी के मामले में जेल गए एक बंदी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने के बाद परिजनों ने हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि किसी ने जेल के अंदर बंदी की गला काट कर हत्या की है।

### अमन सिंह ने जेल में हत्या की जताई थी आशंका



जेल में बंद कुख्यात गैंगस्टर अमन सिंह की हत्या होने से धनबाद में फिलहाल हर कोई हैरान है। पूरे कोयलांचल में अपना दबदबा रखने वाले अमन सिंह बीते कई महीनों में कई बार जेल के अंदर अपनी हत्या किए जाने की आशंका जता चुका था। पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह हत्याकांड के आरोप में बीते ढाई सालों से जेल में बंद अमन सिंह यूपी का रहने वाला था और जेल के अंदर से ही वह अपना साम्राज्य चला रहा था। उसके नाम से लोग भले ही खौफ खाते थे लेकिन उसे अपनी जान का भी भय था इसलिए उसने जेल में हत्या होने की आशंका जताई थी।

### आखिर कैसे पहुंचा सेंट्रल जेल में हथियार, किसकी थी मिलीभगत, जिम्मेदार कौन ?



झारखंड में आंतक का दूसरा नाम कहे जाने वाले गैंगस्टर अमन सिंह की रविवार को दिनदहाड़े जेल के अंदर ही बड़ी बेरहमी से गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस हत्याकांड ने जेल प्रशासन के साथ-साथ स्थानीय पुलिस प्रशासन पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। इसमें सबसे बड़ा सवाल यह कि कैसे सेंट्रल जेल होने और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था होने के बावजूद जेल के अंदर हथियार पहुंचा और सात गोलियों से अमन सिंह को छलनी कर दिया गया। उसकी हत्या के बाद हत्यारे क्या अभी भी जेल के अंदर ही हैं, साथ ही वह हथियार कहां है जिससे सनसनीखेज इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया।

स्पीड न्यूज

## कुंकडु के बकारकुड़ी में गजराजों ने पटक कर ली एक युवक की जान

**चांडिल।** कुंकडु प्रखंड क्षेत्र के बकारकुड़ी में गजराजों ने एक 30 वर्षीय युवक की पटक कर जान ले ली। मृतक की पहचान बकारकुड़ी निवासी लगभग 30 वर्षीय गणेश कुमार के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार युवक कान से बहरा था। रविवार सुबह शौच के लिए गया था। बहरा होने के कारण गजराजों के आने की आवाज नहीं सुन सका इस दौरान गजराजों ने युवक को अपने चपेट में ले लिया और पटक कर मार डाला। इस वर्ष अब तक चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में जंगली गजराजों द्वारा अब तक सात लोगों को अपना शिकार बनाया है। इस घटना के बाद क्षेत्र में डर का माहौल है। घटना की जानकारी मिलने पर चांडिल रेंजर मेनेजर मृधा वन विभाग की टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर स्थानीय पुलिस की मदद से शव पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया। रेंजर ने बताया मृतक के परिजनों को तत्काल 60 हजार रुपए दिया गया है। कागजी प्रक्रिया के बाद ओर राशि दी जाएगी।

## यह जीत नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व, सही दिशा और स्पष्ट नीति का परिणाम है : काले

**जमशेदपुर।** देश के चार राज्यों के चुनाव परिणामों में मध्य प्रदेश, राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत पर झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा समेत पार्टी के समस्त कार्यकताओं एवं देश की जनता को ढेरों बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री काले ने कहा कि नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व, सही दिशा और स्पष्ट नीति का ही परिणाम है कि देश की जनता ने एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी के प्रति भरोसा जताया है। श्री काले ने कहा कि इस जीत का सेहरा पूरी तरह से कार्यकताओं की लगन, कड़ी मेहनत और समर्पण तथा प्रधानमंत्री के नेतृत्व को जाता है। इन नतीजे से स्पष्ट है कि 2024 के आम चुनाव में देश की जनता भारतीय जनता पार्टी पर भरोसा करते हुए पुनः एक बार फिर नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनायेगी।

## भाजपा की जीत पर कुलवंत सिंह बंटी ने दी बधाई

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुलवंत सिंह बंटी ने तीन राज्यों छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश एवं राजस्थान में जीत की बधाई दी। और , कहा कि ये तो झाकी है पिक्चर अभी बाकी है । लोक सभा चुनाव में अब 400 का अकड़ा पार होगा लोगो का विश्वास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर और अधिक बढ़ा ह। यह जीत उसका नतीजा है।

## जीत की खुशी में नरेंद्र मोदी युथ बिग्रेड ने दीपोत्सव मनाई, व लड्डू बांटे

**जमशेदपुर।** आज मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा को मिले स्पष्ट बहुमत की खुशी में नरेंद्र मोदी यूथ बिग्रेड के द्वारा प्लाजा चौक, टेल्को में 51 किलो लड्डू बांटा गया। इस कार्यक्रम में नरेंद्र मोदी युथ बिग्रेड के संस्थापक अध्यक्ष सतीश सिंह ने इस जीत को नरेन्द्र मोदी और सनातन धर्म की जीत बताई और कहा कि नरेंद्र मोदी के नाम पर लड़ा गया ये चुनाव तीनों विधानसभा स्पष्ट बहुमत हासिल की ऐसा ही जीत झारखंड में भी होगा।

## जनता-जनार्दन को नमन : अमित

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने कहा कि आज तीन राज्य में मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के चुनाव परिणाम बता रहे हैं कि भारत की जनता का भरोसा सिर्फ और सिर्फ सुशासन और विकास की राजनीति में है, उनका भरोसा मोदी जी भाजपा में है। भाजपा पर अपना स्नेह, विश्वास और आशीर्वाद बरसाने के लिए मैं इन सभी राज्यों के परिवारजनों का, विशेषकर माताओं-बहनों-बेटियों का, हमारे युवा वोटर्स का हृदय से धन्यवाद करता हूं।

### युवाओं में नैतिकता को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा पद्धति में आमूल-चूल बदलाव जरुरी

# इंस्टीट्यूट फॉर एजूकेशन कॉलेज का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** इंस्टीट्यूट फॉर एजुकेशन कॉलेज में आयोजित सेमिनार के समापन समारोह के मुख्य अतिथि कोल्हान के प्रमंडलीय आयुक्त शाह कोल्हन विश्वविद्यालय के कुलपति मनोज कुमार का स्वागत पारंपरिक विधि से किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि की शान में छात्राओं द्वारा स्वागत गीत और स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। कॉलेज के निदेशक आर्यन महंती द्वारा मुख्य अतिथि मनोज कुमार को पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर व शॉल ओढ़ा कर उनका अभिनंदन किया गया। सेमिनार में झारखंड के अलावा बिहार, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र,गुजरात और दिल्ली से आए शिक्षाविदों और प्रतिभागियों ने देश की नयी शिक्षा शिक्षा नीति , स्वास्थ्य,खेल, व्यापार,तकनीकी शिक्षा, नैतिक मूल्यों और महत्वपूर्ण विषयों पर अपने वक्तव्य प्रस्तुत किए। सेमिनार में देश के भावी युवाओं के भविष्य को कैसे बेहतर बना सकते हैं, इस विषय पर गहराई से मंथन किया गया। मुख्य अतिथि एवं कोल्हन विश्वविद्यालय के कुलपति मनोज कुमार ने आश्वासन दिया कि शिक्षा में सुधार के लिए हर संभव प्रयास करने वाले हर गतिविधि को वे अपना पूर्ण सहयोग देंगे। सेमिनार के द्वितीय दिवस में सभा अध्यक्ष के रूप में इग्नू के देवघर के क्षेत्रीय केंद्र निदेशक प्रो सरोज कुमार मिश्रा



सेमिनार के समापन समारोह में कोल्हान विवि के कुलपति सह कोल्हान प्रमंडल आयुक्त मनोज कुमार का अभिनंदन करते निदेशक आरएन महंती, प्रो सरोज कुमार मिश्रा, हरिबल्लभ सिंह आरसी व अन्य अतिथि।

थे। इस अवसर पर पर डॉ मनोज कुमार पाठक, स्वाती किरण, डॉ राखी कुमारी, डॉ विनय कुमार गुप्ता, डॉ रत्ना मित्रा और प्रोफेसर कमल कुमार बुद्ध ने अपने पेपर प्रस्तुत किये। दूसरे सत्र की अध्यक्षता निर्पेंद्र प्रसाद मोदी ने की जिसका विषय था नैतिकता । इस सत्र में अंजनी कुमारी द्वारा अपने शोध पत्र में युवाओं में नैतिकता को बढ़ाने से पहले कर्म के बारे में बताया गया।

उन्होंने कहा कि शिक्षा में कुछ कमी के कारण वर्तमान समय में कुछ मूल्य और नैतिकता का ह्रास होने लगा है। आधुनिक शिक्षा तकनीकी शिक्षा और विकास या बदलाव के साथ नैतिक रूपों को जोड़े रखना यही भारत की परंपरा और संस्कृति रही है। ओमप्रकाश ने अपने शोध के माध्यम से युवाओं में हर परिस्थिति में जीवन के मूल्यों को अपने में संजों कर रखना चाहिए और जीवन का मूल्य होना चाहिए। डॉक्टर कामिनी कुमारी ने अपने शोध पत्र में बताया कि ई-कॉमर्स के माध्यम से कैसे शिक्षा को जोड़कर युवाओं को आगे बढ़ाया जाए और तकनीकी शिक्षा को अधिक से अधिक मुहैया कराया जाए।

मिलात्री द्वारा भोजपुरी फिल्म में अश्लीलता को शिक्षा से जोड़कर यह बताने का प्रयास किया गया है कि हमारा समाज इस तरह के फिल्मों में क्या नैतिकता को महसूस करता है। सिर्फ मनोरंजन के नाम पर अश्लीलता को युवाओं को दूर रखा जाना चाहिए। यह युवाओं के विकास और भविष्य का समय है। अतः उन्हें अपनी सभ्यता और शिक्षा के महत्व को जानना चाहिए।

अगले सत्र की अध्यक्षता जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी के विभाग अध्यक्ष डॉ मिथिलेश चौबे ने किया। इस सत्र में डॉक्टर आशा कुमारी ने शिक्षा नीति में बदलाव को स्वीकार करते हुए इस पर समर्थन कर नयी शिक्षा नीति को अपनाने पर सहमत हुई । कोल्हान विवि की पूर्व कुलपति व दो दिवसीय सेमिनार की सूत्रधार डॉक्टर शुक्ला मोहंती ने अपने संबोधन में झारखंड सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

उन्होंने बताया कि झारखंड सरकार की शिक्षा नीति से शिक्षक, छात्र व समाज के सभी वर्ग प्रभावित होंगे और इसके लिए शिक्षा क्षेत्र अत्यंत आभारी रहेगा। कार्यक्रम के अंत में सिक्की कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस तरह सेमिनार सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# तीन राज्यों के चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत पर मना विजयोत्सव

### साकची में कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर एवं लड्डू खिलाकर साझा की जीत की खुशियां

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणामों में भाजपा ने मध्य प्रदेश, राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ में दमदार वापसी की है। मध्य प्रदेश, राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ में भाजपा की ऐतिहासिक एवं प्रचंड जीत पर भाजपा जमशेदपुर महानगर के कार्यकताओं में जश्न का माहौल है। रविवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुँजन यादव के नेतृत्व में शहर के हजारों कार्यकताओं ने साकची स्थित जिला कार्यालय के समक्ष ढोल-नगाड़ो की धुन पर जमकर नृत्य किया। तेज संगीत और जय श्री राम के ओजस्वी नारों के बीच कार्यकताओं ने शानदार आतिशबाजी कर एवं एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर विजयोत्सव मनाया एवं जीत की खुशियां साझा कर बधाई दी। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष गुँजन यादव ने तीनों राज्यों के प्रबुद्ध



विजयोत्सव के दौरान ताशे की धून पर नाचते कोल्हान के पूर्व कमिश्नर सह भाजपा नेता विजय कुमार सिंह व गूंजन यादव।

मतदाताओं का आभार जताते हुए इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर जनता के विश्वास की जीत बताया। उन्होंने कहा कि तीनों राज्यों की जनता ने कांग्रेस सरकार के आधारहीन घोषणाओं और तुष्टिकरण और जाति आधारित राजनीति को नकारकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोक कल्याणकारी नीति एवं उनकी दी गारंटी पर विश्वास जताते हुए आशीर्वाद और समर्थन प्रदान किया है। जिलाध्यक्ष गुंजन यादव ने कहा कि यह सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की जीत है। यह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के कुशल नेतृत्व के संग समर्पित भाजपा कार्यकताओं के परिश्रम की जीत है। यह जनता की जीत है जिसने कांग्रेस को नकारते हुए भाजपा को अपनाने का काम किया है। गुंजन यादव ने विश्वास जताते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव और झारखंड के विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत की भाजपा सरकार बनाकर झारखंड की जनता राज्य की झामुमो-कांग्रेस और राजद के गठबंधन सरकार को सबक सिखाएगी। उन्होंने तीनों राज्यों में भाजपा की शानदार जीत पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के साथ भाजपा के कर्मठ कार्यकताओं को बधाई दी। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, चंद्रशेखर मिश्रा, बिनोद सिंह, राजकुमार श्रीवास्तव, नंदजी प्रसाद, दिनेश कुमार, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता राजेश शुक्ला, राजन सिंह, अनिल सिंह, डॉ राजीव, अचिंतम गुप्ता, भूपेंद्र सिंह, संजीव सिंह, संजीव सिन्हा, बबुआ सिंह, अनिल मोदी, राकेश सिंह, मंजीत सिंह, राजीव सिंह, प्रेम झा, कौस्तव रॉय, बिमल बैठा, अमिताभ सेनापति, विजय तिवारी, मोर्चा अध्यक्ष अमित अग्रवाल, धर्मेंद्र प्रसाद, अजीत कालिंदी, कमलेश सिंह, विजय कुमार सिंह, समेत मंडलाध्यक्ष सुरेश शर्मा, अजय सिंह, हेमंत सिंह, दीपक झा, विनोद राय, अमरेंद्र पासवान, संदीप शर्मा बौबी, चंचल चक्रवर्ती, रविन्द्र नाथ सरदार, हेमेंद्र जैन हन्नु, सुनील सिंह मुंडा, विकास शर्मा, संतोष कुमार, प्रीति सिन्हा, राजपति देवी, लकी सिंह, रीना चौधरी, उषा सिंह, लीना चौधरी, सीमा जायसवाल, धर्मेंद्र कुमार धर्मा, महेंद्र प्रसाद, अभिमन्यु सिंह, नवजोत सिंह सोहल, सुशील पांडेय, राहुल कुमार, कंचन दत्ता, तन्मय झा, इंदरजीत सिंह, राकेश राय, गणेश मुंडा, ओम पोद्दार, सोनू श्रीवास्तव समेत हजारों अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बोड़ाम के आदिवासी उच्च विद्यालय में हेल्थ कैंप

**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था नाम्या स्माइल फाउंडेशन एवं फोर्टिस अस्पताल कोलकाता के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन बोड़ाम स्थित आदिवासी उच्च विद्यालय में सम्पन्न हुआ। इस दौरान नाम्या स्माइल फाउंडेशन संस्थापक सह पूर्व विधायक कुणाल षाडंगी मुख्य रूप से शामिल हुए। स्वास्थ्य जांच शिविर में 211 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराया। शिविर की विशेषता रही कि इसमें फोर्टिस अस्पताल कोलकाता टीम के सदस्य फिजिशियन- डॉ एस जे सिंह, डेंटल- डॉ. नेहा कुमारी, फिजियोथेरेपी- डॉ. अर्पिता कुंडू, डॉ मोनाली बैनर्जी और कोलकाता फोर्टिस अस्पताल के कैंप मैनेजर बिकेश सिन्हा, बीपी शुगर तकनीशियन- जमाली, संयोजक राजकपूर प्रसाद, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ हीना,पूर्णिमा आई हॉस्पिटल, के विशेषज्ञ टीम मरीजों की जांच के लिए मौजूद थे।

# 37 वां जमशेदपुर पुस्तक मेला संपन्न

### मुख्यमंत्री के हाथों विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच होगा परिसंपत्ति का वितरण

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन का 7 दिसंबर को पोटका प्रखंड के सावनाडीह फुटबॉल मैदान में जिला स्तरीय 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में भाग लेना प्रस्तावित है। उक्त कार्यक्रम के तहत 6 दिसंबर को मुख्यमंत्री का जिला में आगमन संभावित है। मुख्यमंत्री का जिला में आगमन एवं कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक आहूत की गई। बैठक में कार्यक्रम की सम्पूर्ण रूपरेखा की विस्तृत रूप से समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री, झारखंड द्वारा पोटका प्रखंड के मानपुर पंचायत स्थित सावनाडीह फुटबॉल मैदान में आयोजित होने



टैगोर सोसायटी में चल रहा 37वां जमशेदपुर पुस्तक मेला आज संपन्न हो गया। मेले के अंतिम दिन दिन भर पुस्तक प्रेमियों की भीड़ रही। लोगों ने जम कर पसंदीदा पुस्तकों की खरीददारी की।

वाले जिला स्तरीय 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में विभिन्न जनहितकारी योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया जाना है। बैठक में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं संबंधितों को कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिया कि इस कार्यक्रम में सभी 24 गुणा 7 उपलब्ध रहकर तत्परता के साथ और पूरी लगन से कार्य करेंगे जिससे की यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न किया जा सके। उन्होंने लाभुकों के बीच वितरित किए जाने वाले परिसंपत्तियों की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिया। इसके अलावा जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिले में यातायात व्यवस्था, सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था, दण्डाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति, सावनाडीह फुटबॉल मैदान में अप्रोच रोड और बैरिकेडिंग समेत अन्य जरूरी व्यवस्था, लाभुकों का देख रेख, सभा मैदान का प्रबंधन समेत अन्य सभी महत्वपूर्ण तैयारियों की बारीकी से समीक्षा की और कार्यक्रम सुव्यवस्थित तरीके से सम्पन्न हो उसके लिए उचित दिशा निर्देश दिया। कार्यक्रम में आने वाले गणमान्य तथा लाभुकों के बैठने की व्यवस्था, मैदान में पेयजल आपूर्ति, शौचालय, मेडिकल टीम, एंबुलेंस की उपलब्धता तथा अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया गया।

# जमशेदपुर में दूसरी बार एशियन किड्स स्पोर्ट क्लाइंबिंग चैंपियनशिप 8 से

### जेआरडी टाटा स्पोर्ट्र्स कॉम्प्लेक्स में पहली बोल्डरिंग वॉल का हुआ उद्घाटन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आगामी 8 से 10 दिसंबर तक बहुप्रतीक्षित एशियन किड्स स्पोर्ट क्लाइंबिंग चैंपियनशिप 2023 जमशेदपुर में होने वाली है। टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन (टीएसएएफ) स्पोर्ट क्लाइंबिंग अकादमी द्वारा आयोजित, यह कार्यक्रम दूसरी बार आयोजित किया जा रहा है, यह दूसरी बार है जब जमशेदपुर ने इस तरह के टूनामेंट की मेजबानी की है, जो खेल में इसकी बढ़ते प्रभुत्व को दशार्ता है। 11 एशियाई देशों के 100 से अधिक युवा एथलीटों के साथ, जिसमें 31 एथलीटों की एक मजबूत भारतीय टीम भी शामिल है, यह आयोजन कड़ी प्रतिस्पर्धा का वादा करता है। इस वर्ष के संस्करण में श्रीलंका, इंडोनेशिया, बांग्लादेश और नेपाल जैसे नए देशों को भी शामिल किया जाएगा, जिससे खेलों के माध्यम से एशियाई देशों के बीच एकता और सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।

भारत के स्पोर्ट क्लाइंबिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर जोड़ते हुए, एक आईएफएससी- प्रमाणित अंतरराष्ट्रीय बोल्डरिंग वॉल का उद्घाटन गत शनिवार 2 दिसंबर को टाटा स्टील के वाईस प्रेसिडेंट (कॉर्पोरेट सर्विसेज) चाणक्य चौधरी ने किया। 36 मीटर ऊंची यह दीवार, देश में अपनी तरह की पहली दीवार है, जो इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ स्पोर्ट क्लाइंबिंग (आईएफएससी) द्वारा निर्धारित अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है। बोल्डरिंग वॉल न केवल टीएसएएफ को प्रमुख अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट क्लाइम्बिंग प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने में सक्षम बनाएगी,



बोल्डरिंग वॉल के उद्घाटन समारोह में उपस्थित टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी, मुकुल विनायक राव, हेमंत गुप्ता।

बल्कि यह एथलीटों के लिए प्रशिक्षण पद्धतियों को भी बढ़ाएगी।

चाणक्य चौधरी ने एशियन किड्स स्पोर्ट क्लाइंबिंग चैंपियनशिप 2023 की मेजबानी पर गर्व व्यक्त किया और स्पोर्ट क्लाइंबिंग को बढ़ावा देने में टीएसएएफ के प्रयासों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 'टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन को एशियन किड्स स्पोर्ट क्लाइंबिंग चैंपियनशिप 2023 की मेजबानी करने पर गर्व है। उल्लेखनीय रूप से, यह एक साल के भीतर दूसरा ऐसा टूनामेंट होगा जिसकी मेजबानी जमशेदपुर कर रहा है। यह इस बात का प्रमाण है कि टीएसएएफ न केवल अपने इको सिस्टम में, बल्कि पूरे देश में स्पोर्ट क्लाइंबिंग को आक्रामक रूप से बढ़ावा दे रहा है। खेल के विकास और बुनियादी संरचना को बढ़ाने के लिए टीएसएएफ का समर्पण नई बोल्डरिंग वॉल के उद्घाटन से स्पष्ट है। टाटा स्टील खेलों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और नियमित अंतराल पर टूनामेंट और चैंपियनशिप का आयोजन करना जारी रखेगी। टाटा स्टील फाउंडेशन और जमशेदपुर कंटीन्यूअस एनीलिंग एंड प्रोसेसिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड (जेसीएपीसीपीएल) टीएसएएफ स्पोर्ट क्लाइंबिंग अकादमी के सीएसआर पार्टनर हैं।

खबर एक नजर में

## क्रॉस लिमिटेड ने सेबी के पास डीआरएचपी जमा किया

**जमशेदपुर।** आदित्यपुर स्थित क्रॉस लिमिटेड, जो की एक डाइवर्सिफाइड कंपनी है जो ट्रेलर एक्सल और सस्पेंशन असेंबली तथा मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों और कृषि उपकरण के लिए सटीक मशीनीकृत उच्च प्रदर्शन वाली सेफ्टी क्रिटिकल पार्ट्स की एक विस्तृत श्रृंखला के मैन्यूफैक्चरिंग और सप्लाई पर फोकस्ड है, ने प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के माध्यम से राशि जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक, सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) जमा किया है। डीआरएचपी के अनुसार, जमशेदपुर स्थित कंपनी की 500 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के तहत 250 करोड़ रुपये के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे तथा प्रमोटर शेयरधारकों द्वारा 250 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयर्स ऑफर फॉर सेल में शामिल है, जिसमे सुधीर राय के 168 करोड़ रुपये तक के शेयर्स और अनीता राय के 82 करोड़ रुपये तक के शेयर्स शामिल है।

## प्लेटिनम जुबिली समारोह में अर्पिता चटर्जी के गीतों पर झूमे पूर्ववर्ती छात्र-छात्राएं

**जमशेदपुर।** साकची हाई स्कूल का प्लेटिनम जुबली समारोह 2 और 3 दिसंबर को स्कूल का प्रांगण में मनाया गया। इस अवसर पर देश विदेश से पूर्ववर्ती छात्र-छात्राएं जुटे और कार्यक्रम के अंतिम दिन कोलकाता की प्ले बैक सिंगर अर्पिता चक्रवर्ती की संगीत संध्या का लुत्फ उठाया। संगीत संध्या के साथ ही पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं का मिलन समारोह संपन्न हो गया। समारोह के पहले दिन नरेंद्रपुर रामकृष्ण मिशन के कृपानंद महाराज मुख्य अतिथि,स्कूल के गवर्नर बॉडी के अध्यक्ष श्री विकाश मुखर्जी,स्कूल के प्रधान शिक्षक प्रणब कुमार घोष प्राक्तन छात्र देवाशीष नाहा,शुभोदीप मंडल ,पूरबी घोष,तापसी बोस ने दीप प्रज्वलित करके उद्घाटन किया।

## शहीद खुदीराम बोस की 134 वीं जयंती मनायी गयी

**जमशेदपुर।** अग्निबालक बीर शहीद खूदीराम बोस के 134वी जन्म दिवस पर झारखण्ड बंगभाषी समन्वय समिति के द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से समिति के कार्यकारी अध्यक्ष श्री नेपाल चंद्र दास, महासचिव श्री संदीप सिन्हा चौधरी, परेश नन्दी, दिलीप महातो, मिहिर दास, रंजीत मित्रा, अशीष मण्डल, बापोन घोष, प्रसेनजीत बरुआ, अरुण दास गुप्ता, सत्यजित, अरुण बिस्वास उपस्थित थे।

## शिव शंकर सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाला विजय जुलूस

**जमशेदपुर।** विधानसभा चुनाव के नतीजों में तीन राज्यों, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भाजपा की जीत सुनिश्चित हो जाने के बाद सामाजिक संस्था कोशिश एक मुस्कान लाने की संरक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता शिव शंकर सिंह के नेतृत्व में कार्यकताओं ने गोलमुरी स्थित होटल क्वेस्ट रिजेंसी के समीप एकत्र होकर बैंड बाजा के साथ और आतिशबाजी कर जश्न मनाया। साथ ही, जीत की खुशी में राहगीरों के बीच लड्डू का वितरण किया गया। समाजसेवी शिव शंकर ने कहा कि तीन राज्यों में भाजपा को मिली प्रचंड जीत, प्रधानमंत्री मोदी जी की गारण्टी पर जनता जनार्दन के अटूट विश्वास का प्रतीक है। मौके पर, युवा कार्यकताओं ने 'भारतीय जनता पार्टी, 'भारत माता की जय' और 'मोदी है तो मुमकिन है' के नारे के साथ हर्ष व्यक्त की।

## झारखंड में भी कांग्रेस और सहयोगी दलों का सूपड़ा होगा साफ : कुणाल

**जमशेदपुर।** तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा की मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में बंपर जीत पर एक ओर जहां भाजपा कार्यकताओं में उत्साह है। तो वहीं, झारखंड भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने तीन राज्यों की प्रचंड जीत पर मतदाताओं का आभार जताते हुए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के संग भाजपा कार्यकताओं को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि तीनों राज्यों में भाजपा को मिली जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्य और बढ़ते विश्वास की जीत है। जनता ने कांग्रेस के लोक- लुभावने वादों को नकारकर भाजपा को स्पष्ट बहुमत दिया है। कुणाल षाड़ंगी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के द्वारा स्वतंत्र रूप से भ्रष्टाचारियों पर की जा रही कार्रवाई का राजनीतिककरण करते हुए जनता को भ्रमित करने की कोशिश की परंतु तीनों राज्यों के प्रबुद्ध जनता ने कांग्रेस को करारा जवाब दिया है।

## घाटशिला में फ्लावर शो 5-6 जनवरी को होगा आयोजित

**जमशेदपुर।** घाटशिला फ्लावर शो 2024 का आयोजन आगामी 5 और 6 जनवरी 2024 को बिल्कुल नए रूप में संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर स्कूल में आयोजित होगा। इस आशय का निर्णय रविवार शाम फ्लावर शो कमेटी के अध्यक्ष निर्मल झुनझुनवाला की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि आगामी वर्ष 2024 में होने वाले इस फ्लावर शो में फूलों और बोनसाई के अलावा वेजिटेबल की भी प्रदर्शनी लगेगी। साथ ही मेडिसिनल प्लांट को भी इस प्रदर्शनी में रखा जाएगा जिससे लोग अपने आसपास उगने वाली औषधियां के बारे में विस्तार से जान सके। बैठक में मुख्य रूप से राजेश मोहती प्रितपाल सिंह अमरप्रीत सिंह अजीत कुमार सिंह साधना पाल चितरंजन महापात्र रवि प्रकाश सिंह गोपाल बैनर्जी सिद्धार्थ झुनझुनवाला उपस्थित थे। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई जिसमें शो की जानकारी पूरे घाटशिला अनुमंडल वसियो को देने के साथ-साथ पूरा अनुमंडल के स्कूलों कोचिंग संस्थानों के साथ-साथ विभिन्न बागवानी विशेषज्ञों को आमंत्रित करने पर भी चर्चा हुई।

## स्पीड न्यूज

### समाज कल्याण विभाग की ओर से कई उपकरणों का किया गया वितरण



**मेदिनीनगर।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर रविवार को समाहरणालय परिसर में समाज कल्याण विभाग व इलेक्शन डिपार्टमेंट की ओर से विशेष दिव्यांगता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान दिव्यांगजनों के बीच वाकिंग स्टीक,हियरिंग ऐड,फल व मिठाइयां वितरण किया गया। इसके साथ ही उन सभी से आवश्यकतानुसार प्रपत्र छः भी लिया गया। वही दो नये मतदाताओं को भी जोड़ने के साथ-साथ हटाने व वोटर कार्ड में त्रुटियों को दूर करने का भी कार्य किया गया। यह कार्य जिले के सभी बूथों पर कैंप लगाकर किया गया .इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह पांकी के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी प्रिति किस्कु ने कहा कि दिव्यांगजन हमारे समाज का महत्वपूर्ण अंग है,जिन्हें उचित सम्मान दिए जाने की जरूरत है। आज पूरे जिले के बूथों में विशेष कैंप के जरिए सभी दिव्यांग मतदाताओं का विभिन्न तरह का निर्वाचन से जुड़े कार्य संपादित किया जा रहे हैं। मौके पर सदर सीओ उपस्थित थे।

### दारुडीह में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** प्रखंड के दारुडीह पंचायत सचिवालय में शनिवार को आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी सुकेशनी केरकेट्टा, अंचला अधिकारी आशीष कुमार साहू, बीपीआरओ विनय कुमार शर्मा , मुखिया विगन महतो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया । कार्यक्रम का संचालन विपीआरओ विनय कुमार शर्मा ने किया। मौके पर समस्याओं का समाधान ऑन द स्पॉट किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग, आपूर्ति विभाग, मनरेगा, जेएसएलपीएस ,सहित कई विभागों से स्टाल लगाया गया था। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कल्याण विभाग द्वारा निशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत 4500 रुपए का लाभुकों के बीच चेक वितरण किया गया तथा23 एसएचजी को 69 लाख रुपए सीसीएल किया गया। वही सोना सोबरन योजना के तहत धोती साड़ी एवं लूंगी वितरण किया गया तथा जरूरत मंद लोगो को कंबल वितरण किया। मौके पर एमओ आलोक तिवारी ,राजेश कुमार पाठक, महेंद्र राम, शिव कुमार उपाध्याय, अर्पणा मिश्रा ,पंकज मेहता, आशीष तिवारी, सहित सभी प्रखंड एवं अंचल कर्मी मौजूद थे।

### अधिकारियों की लापरवाही का नतीजा, नहीं मिला बकाया खाद्यान्न

**उंटारी रोड पलामू।** प्रखंड अंतर्गत डेवडर में जन वितरण प्रणाली दुकानदार की मनमानी और अधिकारियों की लापरवाही का नतीजा देखने को मिला। चार महीने बाद भी लाभूकों को बकाया राशन वितरण नहीं किया गया। ज्ञात हो कि उजाला महिला स्वंय सहायता समूह के कार्ड धारियों ने 3 माह के राशन घोटाले का आरोप लगाया था जाँचउपरांत उक्त समूह को निलंबित कर 82 क्विंटल राशन रिकवरी कर प्राथमिकी दर्ज करने का जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने आदेश पारित किया था, परंतु अभी तक लाभुकों को राशन नही मिला और ना ही उक्त समूह पर कानूनी कारवाई किया गया। इस कारण कार्डधारियों में रोष व्याप्त है। इस संबंध में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी संजय कुमार से फोन पर संपर्क किया परंतु कोई जवाब नहीं मिला।

### अंगूठा लगवाने के बाद राशन नहीं देने का आरोप

**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड के बेल बिगहा पंचायत अंतर्गत पोखरा पर, अधेरिया, बहेरा व रेडिया गांव के जनवितरण प्रणाली के दुकानदार विजय राम के खिलाफ ग्रामीणों ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी हुसैनाबाद को लिखित शिकायत पत्र दिया है। उन्होंने कहा है कि जन वितरण प्रणाली के दुकानदार कार्डधारियों से अंगूठा लगवा कर राशन नहीं देते हैं। आवेदन में कहा गया है कि नवंबर माह का राशन वितरण नहीं किया गया है। राशन की मांग करने पर दुकानदार कार्दधारियो को बोलते हैं की जहां जाना है जाएं, कोई कुछ नहीं बिगड़ सकता है। कार्डधारियों ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में श्रीराम सिंह, अनिल सिंह, परमानंद सिंह,मुकेश सिंह समेत दर्जनों लोग शामिल हैं।

### विधायक ने किया फुटबॉल टूर्नामेंट के फाईनल मैच का उदघाटन

**नौडीहा बाजार पलामू।**_जय हिंद कल्ब फुटबॉल मैच का फाइनल मुकाबला में मुख्य अतिथि छतरपुर विधायक पुष्पा देवी पूर्व सांसद मनोज कुमार विशिष्ट अतिथि छतरपुर एसडीएम हीरा कुमार नौडीहा बीडीओ संजय कु,यादव जिला परिषद सुदामा सुदामा पासावान थाना प्रभारी अमन कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर फुटबॉल मैच का प्रारंभ किया गया विधायक पुष्पा देवी ने खिलाड़ियों से मिलकर उनके हौसलों को पढ़ाया और आज का फाइनल मुकाबला स्थान सरईडीह के मैदान में छतरपुर बनाम डगरा के बीच खेला जा रहा है।

### मौत की फसल पर चला प्रशासन का ट्रैक्टर

**मनातू पलामू ।** अफीम उन्मूलन अभियान के तहत मनातू पुलिस ने पोस्ता खेती को नष्ट किया। अभियान का नेतृत्व रकजितेंद्र मिश्रा कर रहे थे। इस दौरान पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमरी पंचायत के सिलदाग गांव और जंगल क्षेत्र में लगे पोस्ता खेती को नष्ट किया गया। करीब 9 एकड़ भूमि में पोस्ता की खेती की गई थी। जिसकी सूचना मिलने के बाद पुलिस के द्वारा यह अभियान चलाया गया। अभियान में ट्रैक्टर लगाया गया था। ट्रैक्टर से पोस्ता लगे खेती की जोताई कर उसे नष्ट कर दिया गया। अभियान की भनक लग जाने के कारण पोस्ता खेती करने वाले लोग फरार हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि अफीम की खेती करनेवालों के विरूद्ध अभियान जारी रहेगा।

# 2024 के लोकसभा चुनाव में बहुमत से बनेगी मोदी सरकार : डा शशिभूषण

### तीन राज्यों में भाजपा के प्रचंड जीत पर विधायक ने निकाला विजय जुलूस

खबर मन्त्र संवाददाता



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** मध्यप्रदेश, राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत पर नीलांबर पीतांबरपुर स्थित मौर्या फार्म हाउस से विजय जुलूस निकाली गई। विजय जुलूस का नेतृत्व पांकी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक कुशवाहा डा शशिभूषण मेहता कर रहे थे। विजय जुलूस में नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के मंडल अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी , समाजसेवी कमेश यादव, प्रदीप मिश्रा, अधिवक्ता लाला लाला प्रसाद यादव, प्रो बच्चन ठाकुर, सरोज चटर्जी, सुधीर तिवारी, गोपाल यादव, राकेश वर्मा , विधायक जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, शंकर प्रसाद गुप्ता,अजय प्रसाद गुप्ता, सुनील प्रसाद गुप्ता,जयकिशोर प्रसाद गुप्ता, श्याम नंदन ओझा,मंटू शर्मा, प्रमुख सुनील कुमार पासवान, अजय कुमार पासवान, रिमा शर्मा, चंदन कुमार गुप्ता, साधू मांझी, विजय ठाकुर, जसवंत कुमार, पांकी भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे। मौके पर विधायक डा मेहता ने कहा कि मध्यप्रदेश, राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ में भाजपा को मिली प्रचंड जीत ने यह साबित कर दिया कि देश का भविष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ में ही सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की गारंटी ही जनमानस का विश्वास है। विधायक डा मेहता ने कहा कि आनेवाले 2024 के चुनाव में भी भाजपा की प्रचंड जीत होगी। फिर से पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि तीन राज्यों की जनता ने आगामी लोकसभा चुनाव के परिणाम का भी संकेत दे दिया है।

विधायक ने प्रचंड जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देते हुए कहा कि देश की शांति, सुरक्षा व भविष्य पीएम मोदी के नेतृत्व में सुरक्षित है। विजय जुलूस नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के मौर्या हाउस से निकलकर पांकी इमली चौक , शहीद भगत सिंह चौक होते हुए राम जानकी मंदिर होकर भीम राव अंबेडकर चौक पहुंचा। इसके बाद पुनः मौर्या हाउस पहुंचकर समाप्त हुआ।

# पांकी विधानसभा में गड़बड़ी करने वालों की अब खैर नहीं

### सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ नहीं होगा कोई समझौता : शशिभूषण

खबर मन्त्र संवाददाता



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में मनमानी व गड़बड़ी करने वालों की अब खैर नहीं। बहुत दिनों तक पांकी विधानसभा क्षेत्र के जनता के साथ मनमानी किया गया। विधायक श्री मेहता रविवार को विस क्षेत्र के कुंदरी अंबेडकर चौक से पीपरा चौक होते हुए महरजा तक बनने वाले पथ के शिलान्यास समारोह में बोल रहे थे। विधायक श्री मेहता ने जनता से आह्वान किया कि सड़क निर्माण में संवेदक द्वारा यदि किसी तरह की गड़बड़ी की जाती है तो निर्माण कार्य को रोकते हुए तत्काल हमें सूचना दें। किसी अब डरने की जरूरत नहीं है क्योंकि आप सबों के सुरक्षा की जिम्मेवारी सजग चौकीदार के रूप में आपका विधायक हैं। विधायक श्री मेहता ने कहा कि अभी तक पाकी विधानसभा क्षेत्र के पिछड़े,दलित पीड़ित क्षेत्र बहुत गांवों का जो विकास होना चाहिए था वह नहीं हो पाया था। विधायक ने कहा कि जिस तरह से तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड जीत मिली है उससे स्पष्ट हो गया है कि आने वाले समय में झारखंड में भी इंडिया गठबंधन का सफाया हो जाएगा। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख सुनील पासवान, पूर्व मुखिया अजय पासवान, जितेन्द्र मेहता,विकेश मेहता, प्रदीप मिश्रा,प्रो बच्चन ठाकुर,कमेश यादव, राकेश मेहता सहित कई लोग मौजूद थे।

### झारखंड इंटर कॉलेज शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**मेदिनीनगर।** झारखंड इंटर कॉलेज शिक्षक संघ ने अध्यक्ष डा संतोष सत्यार्थी व सचिव पंकज दूबे के नेतृत्व में पलामू दौरे पर आये मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ज्ञापन सौंपा। संघ के पदाधिकारियों ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि वित्त रहित शिक्षा नीति समाप्त कर वेतनमान दिया जाये। कहा कि केवल झारखंड राज्य में ही वित्त रहित शिक्षा नीति है। गत दिन रांची में झारखंड सरकार सत्तापक्ष सचेतक मथुरा प्रसाद महतो, महागामा विधायक दीपिका पांडेय के नेतृत्व में जिप्टा का प्रतिनिधिमंडल प्रधान सचिव डा सुनील कुमार सिन्हा व प्रदेश महासचिव डा अरूण महतो के नेतृत्व में सीएम से मिलकर ज्ञापन सौंपा था।

### बभंडी में किसान के खेत में किया गया यूरिया छिड़काव



**चैनपुर पलामू।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारम्भ 15 नवम्बर को खूंटी जिला से हुआ। दो महीने तक पुरे झारखण्ड में चलने वाला यह जनजागरूकता अभियान के पहले चरण में इस राज्य के 9 जनजातीय बहुल जिलों के लिए प्रारम्भ हुआ है। इस कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों ,कृषको को केंद्र सरकार के विभिन्न योजनाओ की जानकारी देने एवं उन्हें इनसे लाभ दिलाने का पहल करना है। इसी कड़ी में रविवार को चैनपुर प्रखंड के ग्राम बभंडी के किसान राघवेन्द्र सिंह के खेत में लगे सरसों के फसलों पर नैनो यूरिया ,नैनो डीएपी तथा सागरिका का ड्रोन के माध्यम से पर्णीय छिड़काव कराया गया है। इस दौरान किसानो से सकारात्मक प्रतिक्रिया का अनुभव प्राप्त हुआ। किसानो के कृषि की नवीनतम तकनीक ड्रोन एवं इफको नैनो उर्वरक का फसलों में प्रयोग एवं लाभ के बारे में भी अभियान के रूप में हर खेत तक पहुँच दिखाना एवं समझाना है।

### तीन राज्यों में बीजेपी की जीत नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व का नतीजा : कमलेश

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** देश के तीन राज्यों छत्तीसगढ़ राजस्थान व मध्य प्रदेश में भाजपा की जीत ने नरेंद्र मोदी व अमित शाह के कुशल नेतृत्व का सुबूत है। यह बात राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजीत गुट) के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कही। श्री सिंह ने कहा कि चार राज्यों के चुनाव में तीन राज्यों में बीजेपी की जीत ने यह साबित कर दिया है कि जनता जागरूक हो गई है। जनता ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर विश्वाश जताने के साथ साथ उनके वायदे पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि सबका साथ सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वाश पाने में बीजेपी कामयाब रही है, आगे और आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले लोक सभा चुनाव में बीजेपी गठबंधन प्रचंड बहुमत लेकर आयेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड की सभी लोकसभा सीटें बीजेपी गठबंधन के खाते में डालने के लिए गठबंधन पूरी ताकत के साथ जुटा है। उन्होंने तीन राज्यों की जीत पर एनडीए के देश व झारखंड राज्य के नेताओं को बधाई दी है। उधर एनसीपी के हुसैनाबाद कार्यालय में भी जश्न का माहौल है। कार्यकर्ता एक दूसरे को बधाई दे रहे हैं और मिठाई बांट रहे हैं। हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के सभी पांच प्रखंडों में भी एनसीपी कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल है।

# पुरानी पेंशन योजना लागू करने के लिए मुख्यमंत्री का जताया आभार

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** झारोटेफ/एनएमओपीएस पलामू के जिला संयोजक मनोज मेहता के नेतृत्व में पलामू के दर्जनों विभाग के सरकारी कर्मचारियों ने मुखमंत्री हेमन्त सोरेन से मिलकर उनका आभार प्रकट किया। मनोज मेहता के द्वारा मुख्यमंत्री को बुके देकर स्वागत किया गया । साथ ही झारखंड राज्य में सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करने पर मुख्यमंत्री को आभार प्रकट किया। सैकड़ों की संख्या में आए कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री जिंदाबाद के नारे लगाए। इस मौके पर एनएमओपीएस/झरोटेफ के प्रांतीय प्रवक्ता दिनेश कुमार शुक्ला, प्रांतीय उपमहासचिव सह पुलिस मेंस एसोसिएशन के उपमहामंत्री लालेश्वर राम, संगठन सचिव सह /माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अजय कुमार , जिला कोषाध्यक्ष राम उपेंद्र पांडे, जिला उपाध्यक्ष दीपक कुमार,संजय कुमार, विनय कुमार, अजय कुमार, आमोद कुमार ने भी मुख्यमंत्री को सम्मानित करते हुए आभार प्रकट किय। विदित हो कि झारखंड राज्य के सभी कर्मचारी पदाधिकारियों को पेंशन मिलने की खुशी में पलामू जिले के सुदूर क्षेत्र से लेकर शहरी क्षेत्र के सैकड़ों कर्मचारी पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के पलामू आगमन पर परिसदन भवन में मिलकर आभार प्रकट किया। इस मौके पर झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ,भीएलडब्लू संघ , पुलिस मेंस एसोसिएशन के विभिन्न पदाधिकारी शामिल थे।

### कायस्थ महासभा और चित्रगुप्त मंदिर समिति ने मनाई डा राजेंद्र प्रसाद जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, पलामू एवं श्री चित्रगुप्त मंदिर समिति के संयुक्त तत्वावधान मे कायस्थ गौरव, संविधान सभा के अध्यक्ष, देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डा राजेन्द्र प्रसाद की जयंति मनाई गई। मौके पर सदस्यो ने स्थानीय छह मुहान पर स्थित देशरत्न के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए एवं उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में काफी संख्या में चित्रांश उपस्थित थे। सभी ने डा राजेंद्र के आदर्शों को अपनाने की बात कही। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिंहा, भाजपा प्रदेश कार्यकारणी सदस्य अविनाश कुमार वर्मा, अभाकाम के जिला सचिव लाल बहादुर सिंहा, संगठन मंत्री संजय शरण, वैवाहिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष रविशंकर प्रसाद, युवा अध्यक्ष राकेश कुमार , विनय कुमार सिंहा, रंजन श्रीवास्तव, विजय कुमार सिंहा, नवीन चन्द किशोर, गोपाल कृष्ण वर्मा,अतुल कुमार आखौरी, विनित वर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे । साथ ही शाम को डा राजेंद्र की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजली भी दी गई।

# तीन राज्यों में भाजपा को भारी बहुमत, मोदी पर लोगों का भरोसा कायम : कर्नल संजय

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद (पलामू)।** भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने भारतीय जनता पार्टी की मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में जीत की सभी को बधाई देते हुए कहा कि तीन राज्यों में भाजपा को जीत दिलाकर लोगों ने यह साबित कर दिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर उनका भरोसा कायम है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए कर्नल संजय सिंह ने कहा कि यह जीत केवल तीन प्रदेशों की नहीं बल्कि इसका असर पुरे देश पर पड़ेगा। लोग आज भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों को स्वीकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस जीत में सभी का मिला-जुला प्रयास है,मगर अगुवाई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी कर रहे है तो इसलिए इस जीत को इसलिए इस जीत को ह्लमोदी फैक्टरह्व ही कहा जाएगा। उन्होंने समस्त भाजपा कार्यकताओं को बधाई दी है।

# रणजीत मिश्रा बने फैब के पलामू जिला संयोजक

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन अपना सेवा विस्तार करते हुए, आज स्थानीय कार्यालय रांची में राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक में पलामू जिला की जवाब देही रणजीत कुमार मिश्रा को जिला संयोजक के रूप में दी है । जो संगठन के मापदंड के स्वरूप संगठन एवं व्यापारिक हित में कार्य करेंगे एवं सदस्यता का विस्तार करेंगे । रंजीत कुमार मिश्रा पहले भी रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यकारिणी सदस्य रहते समिति के अनेक कार्य को शानदार तरीके से करने के कार्य किया है । वही फेडरेशन आफ झारखंड चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के रूप में 2 वर्ष तक सफल जवाब देही संभाली है ।कोरोना काल में भी हमेशा सक्रिय रहे पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सक्रिय सदस्य के रूप में अपनी अलग पहचान बनाए रखे हैं । फेडरेशन ऑफ आल व्यापार संगठन की जवाब देही मिलने पर अध्यक्ष दीपेश निराला एवं महासचिव एसपी सिंह आभार जताते हुए स्पष्ट किया है कि व्यापारियों के हित के लिए व्यापारिक हित में हो रहे समस्याओं के समाधान के लिए अपने युवा एवं सशक्त टीम के साथ एवं व्यवसायियों से सहयोग के साथ यथाशीघ्र समाधान का प्रयास करेंगे एवं इसके बारे में हमेशा तत्पर रहेंगे ।कहा कि अभी लगभग 50 युवा सदस्य बनाए जा चुके हैं एवं अति शीघ्र 200 सदस्यों को जोड़कर चुनाव की तिथि घोषणा कर दी जाएगी । चुनाव के बाद कार्यकारिणी टीम गठित होते सक्रिय रूप से अपने कार्य में पूरी टीम के साथ लग जाएंगे।

## खबर एक नजर में

### राजनीतिक विश्वसीनयता के प्रतीक है मोदी : ज्योतिरीश्वर



**मेदिनीनगर।** झारखंड भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ज्योतिरीश्वर सिंह ने तीन राज्यों के चुनाव परिणाम पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। श्री सिंह ने कहा कि राजस्थान ,छत्तीसगढ,मध्य प्रदेश का चुनाव परिणाम यह बताने के लिए पर्याप्त है कि देश को मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है । पिछले दस वर्षों में देश की प्रगति के लिए केंद्र की मोदी सरकार ने जो काम किया है चुनाव के नतीजे उन्ही कार्यों का परिणाम है कि मध्य प्रदेश, राजस्थान ,छत्तीसगढ़ में जनता ने बीजेपी को जनादेश देने का काम किया है। मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने राजस्थान में किसानों को धोखा दिया। छत्तिसगढ में पिछले पांच साल में घपला घोटाला हुआ है । विरोधियों के तमाम षडयंत्र के बाद भी देश की विकास पसंद जनता ने भाजपा के सुशासन और राष्ट्रहित की राजनीति पर अपनी मुहर लगाया है। उन्होने कहा कि मोदी राजनीति में विश्वसीनयता के प्रतिक बन गये है । केंद्र सरकार ने अयोध्या में राम मंदिर और धारा 370 हटाकर आम जनता की भलाई का काम किया है। पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है । चुनाव परिणाम के संकेत साफ है , वर्ष 2024 में फिर से केंद्र में मोदी की सरकार ही बनेगी ।

### बिश्रामपुर के महान विभूति महावीर प्रसाद पांडेय की मनाई गई 13 वीं पुण्यतिथि



**विश्रामपुर (पलामू) ।** महावीर प्रसाद पांडेय की 13 वीं पुण्यतिथि पर उनके द्वितीय पुत्र सह वरीय समाजसेवी विजय पांडेय ने दर्जनों जरूरतमंदों के बीच कंबल और शॉल का वितरण किया। इसके अलावा स्कूल छात्र छात्राओं के बीच कलम कॉपी का भी वितरण किया। इससे पहले विजय पांडेय ने अपने आवास पर पिता महावीर प्रसाद पांडेय के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया,उन्होंने जरूरतमंद लोगों को भोजन भी कराया। विजय पांडेय ने कहा कि पिता के अधूरे सपनों को पूरा करने का प्रयास करता रहूंगा। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

### सियार के काटने से पांच लोग हुए जख्मी



**हुसैनाबाद पलामू।** अंचल थाना क्षेत्र के खैरा गांव में अहले सुबह पागल सियार ने एक महिला ,एक लड़की व तीन पुरुष कुल पांच लोगों को काट कर जख्मी कर दिया। जिससे सभी लोग बुरी तरह लहूलुहान हो गए। सभी का ईलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में किया जा रहा है, जिसमे एक महिला का ज्यादा जख्मी है हालांकि खतरे की बात नही है। ग्रामीण सूत्रों के अनुसार सभी लोग सुबह उठ कर अपना-अपना प्रतिदिन की तरफ घरेलू काम कर रहे थे । उसी क्रम में बैल बांध रहे वृद्ध व्यक्ति को सबसे पहले सियार ने दबोचा । इसके बाद महिला को काटा और बारी बारी से बचाने आये सभी को काट लिया। चीख सुन कर स्थानीय ग्रामीणों लोग के द्वारा दौड़ने पर सियार वहा से भाग गया। घायलो में नेपुरी देवी 70 वर्ष ,अर्जुन भगत 75 वर्ष, रुबी कुमारी 19 वर्ष, मिंटू रजक 28 वर्ष, कृष्णा पाल 66 वर्ष का नाम शामिल है सभी खैरा गांव के निवासी है। इधर ग्रामीण उक्त सियार को दौड़ा कर मार डाला ।

### तीन राज्यों में मिले बंपर जीत से उत्साहित भाजपा कार्यकताओं ने निकाला जुलूस




**विश्रामपुर (पलामू) ।** तीन राज्यों में मिले बंपर जीत से उत्साहित भाजपा कार्यकताओं ने रविवार को बिश्रामपुर में विजय जुलूस निकाला। जुलूस की शुरूआत थाना चौक से हुआ .जुलूस के दौरान कार्यकताओं ने जमकर आतिशबाजी की .एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर मिठाई खिलाया .नगर भ्रमण के बाद सोरडिहा में जुलूस का समापन हुआ .जुलूस में पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी भी शामिल हुए .उन्होंने कार्यकताओं का हौसला बढ़ाया .श्री चंद्रवंशी ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री मोदी के गारंटी की जीत है .जुलूस में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव,मंडल अध्यक्ष बबन राम,विधायक के नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय,प्रखंड प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, शिवबंश मिश्रा,किरण शर्मा,संजय ठाकुर,संजय शाह,देवनारायण सिंह खरवार,महा मंत्री मनीष कुमार,संतोष राम,अर्चना देवी,धर्मेंद्र कुमार,उखमेजी यादव,इदरीश हवारी,सत्यनारायण। सोनी सहित कई भाजपा नेता कार्यकर्ता शामिल थे।

### मिशन समृद्धि संस्था किया भोजन का वितरण



**मेदिनीनगर।** समृद्धि की रोटी अभियान जरूरतमंदों की आस बन चुकी है। पूरी टीम निः स्वार्थ और निष्ठा से अपना काम करती है। दोना-पत्तल दातून बेचने वालों शनि मंदिर परिसर में बैठे वृद्ध शारीरिक रूप से कमजोर व्यक्तियों के बीच रोटी सब्जी का वितरण किया गया। मौके पर संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज में हो रहे इस अच्छे कार्य की सराहना और सहयोग मेदिनीनगर के नागरिक ही नहीं बल्कि सोशल मीडिया के साथियों द्वारा मिलना भी इस अभियान का हिस्सा है। भोजन देने वाले परिवारों के सहयोग से जरूरतमंदों को भोजन मिल पाता है ,ईश्वर उन्हें समृद्ध रखें। कभी-कभी भोजन भरपूर नहीं दे पाने पर अफसोस भी होता है लेकिन संस्था की अपनी मजबूरी है कि उसके पास कोई ऐसा संसाधन नहीं जिसके बदौलत कुछ अधिक किया जा सके।

### जनता दरबार को लेकर पंचायत सचिवालय धावाडीह में समीक्षात्मक बैठक की



**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के धावाडीह पंचायत सचिवालय में 7 दिसंबर को आपकी योजना आपकी सरकार सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर रविवार को समीक्षात्मक बैठक की गई। पंचायत की मुखिया रिंकी यादव ने शिक्षकों को निर्देश दिया कि जरूरतमंद छात्रों को सावित्रीबाई फूले योजना तथा गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड का लाभ दिलाना सुनिश्चित करेंगे।स्वास्थ्य ,पशुपालन विभाग, आंगनबाड़ी, पीडीएस ,अबुआ आवास, आंगनबाड़ी केंद्र तथा पीडीएस, सर्वजन पेंशन का लाभ जरुरतमंदों लोगों से लेने का आग्रह किया। बैठक का संचालन कर रहे पंचायत सचिव सूर्यदेव विश्वकर्मा ने कहा कि कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख, जिला पार्षद सदस्य, उपप्रमुख के अलावे अधिकारी पदाधिकारी को शामिल होने के लिए जानकारी दी गई। मौके पर 6 आंगनबाड़ी केंद्र सेविका, पीडीएस दुकान डीलर के साथ 12 वार्ड सदस्य ,सीआरपी सुधीर कुमार मिश्रा, कमलेश यादव,शिक्षक संजय यादव, श्रवण बैठा,अलाउद्दीन अंसारी, सुमंत यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## पोखरिया गांव में दुर्गा मंदिर का निर्माण शुरू

**पूर्वी टुंडी ।** पोखरिया गांव में दुर्गा मंदिर निर्माण कार्य शुरू किए जाने को लेकर रविवार को धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन कर छत ढलाई का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ो लोग शामिल हुए। सभी ने अपनी ओर से मंदिर निर्माण कार्य में श्रमदान किया। मंदिर कमेटी के सदस्य गणों ने आयोजन को सफल बनाने को लेकर जुटे रहे। एवं महाप्रसाद में खिचड़ी बाटे गए। पूजा कमेटी के सदस्य गण सहित जिले तथा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से गण्यमान्य लोग शामिल हुए।

## ग्रामीणों ने करवायी प्रेमी युगल की शादी

**राजगंज।** राजगंज थाना क्षेत्र के महेशपुर पंचायत अंतर्गत नेमोटांड़ बस्ती में प्रेमी प्रेमिका की हुई शादी। इस संबंध में बताया जाता है की लड़का 1 साल से लड़की के घर आना जाना कर रहा था। लड़का पहले से शादीशुदा है और उसकी पत्नी की कोई गंभीर बीमारी है जिसके कारण वह इस लड़की के घर आना जाना कर रहा था। ग्रामीणों ने दबाव बनाकर इन दोनों की शादी करवा दी। लड़के ने बताया की वह अपनी मर्जी से शादी किया है और लड़की को अपने घर ले जाने को भी तैयार है।

## भूली ए ब्लाक में अवैध कोयला डिपो का हो रहा संचालन

**धनबाद।** भूली ए ब्लॉक कुट्टी दुकान पुल से पहले बाएं ओर लगभग 40 से 50 टन अवैध कोयला का भंडार देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि उक्त अवैध कोयला डिपो का संचालन उज्जवल नमक किसी व्यक्ति के द्वारा किया जा रहा है आसपास के लोगों ने बताया कि स्थानीय पुलिस प्रशासन के संरक्षण में इस अवैध कोयला डिपो का संचालन किया जा रहा है। वहीं बता दे की धनबाद उपायुक्त एवं धनबाद एसएसपी ने अवैध कोयला कारोबारियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। लेकिन भूली में इस आदेश की धज्जियां उड़ाई जा रही है।

## 2024 लोस चुनाव में भाजपा करेगी 400 पार : लक्की सिंह

**सिंदरी।** चार राज्यों में विधानसभा चुनाव के परिणाम रविवार को घोषित होने पर भाजपा ने तीन राज्य मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ व राज्यस्थान में बहुमत मिलने की खुशी सिंदरी में जुलूस निकालकर व आतिशबाजी कर धूमधाम से मनाई। जुलूस का नेतृत्व कर रहे भाजपा नेता लक्की सिंह ने कहा कि विधानसभा में प्रचण्ड जीत की तरह आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 400 का आंकड़ा पार करेगी। मौके पर भाजपा सिंदरी नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक, सुमन चौधरी, दिनेश सिंह, बृजेश सिंह, रवि शर्मा, इंद्रमोहन सिंह, गणपति बाउरी, अणिमा सिंह, सुषमा श्रीवास्तव, राघव तिवारी, राम जी सिंह, इंद्रजीत सिंह, सुशांत महतो, रमेश साव, सुनील शर्मा, जयप्रकाश सिंह, उमेश सिंह, कुमार राजेश, गणेश सिंह,अंगद सिंह, मनोज दुबे, विमल सिंह, बसन्त कुमार, सागर हुसैन, राजू सिंह, गुड्डु सिंह, रंजन ठाकुर सहित सैंकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सूर्यनारायण झा के निधन पर शोक

**बोकारो।** बोकारो में संगीत जगत के स्तंभों में से एक पं सूर्य नारायण झा का निधन बीजीएच में हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। वे अपने पीछे अपनी पत्नी विमला झा दो पुत्र अरुणोदय झा व कृष्णोदय झा और पुत्री श्वेता झा सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए। बीआईवी के सेवानिवृत संगीत शिक्षक पंण सूर्य नारायण झा के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करनेवालों में साहित्यकार बुद्धिनाथ झा तुला नंद मिश्र गिरिजा नंद झा अर्धनारीश्वर भुटकुन झा संगीतज्ञ पं राणा झा डॉ राकेश रंजन पं बच्चनजी महाराज शिवेन चक्रवर्ती पं शिवपूजन मिश्र विजय कुमार झा अरुण पाठक दीपक झा रुपक कुमार झा शारदा झा रंजू सिंह लिपि बोस करिश्मा प्रसाद उमेश कुमार झा नरेश कुमार सिन्हा राकेश सिंह शामिल हैं।

# गैंगस्टर प्रिंस खान के लिए रंगदारी वसूलने वाले पांच अपराधी गिरफ्तार

बैंक मोड़ थाना क्षेत्र से हुई सभी आरोपियों की गिरफ्तारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** गैंगेस्टर प्रिंस खान के नेटवर्क को समाप्त करने की कोशिश में पुलिस लगातार काम कर रही है। इस कड़ी में पुलिस को एक और सफलता हाथ लगी है। इस बार पुलिस ने प्रिंस खान गिरोह के पांच ऐसे अपराधियों को गिरफ्तार किया है जो प्रिंस के लिए रंगदारी का पैसा वसूलते थे। रविवार को एसएसपी संजीव कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में उक्त जानकारी देते हुए बताया कि पकड़े गये अपराधियों में मो.इम्तियाज आलम,मो.कामरान उर्फ गुडडू, मो. तोकीर उर्फ राजू, मो. फैयाज अख्तर उर्फ लड्डू और मो. सद्दाम हैदर शामिल है। इनके पास से



रंगदारी की रकम 2 लाख 25 हजार , दो हथियार, चार गोली और 7 मोबाईल बरामद की गई है। इन सब की गिरफ्तारी बैंक मोड़ थाना क्षेत्र से हुई। गिरोह में मो. इम्तियाज आलम मुख्य सरगना है.मो. इम्तियाज मूलतः वासेपुर का रहनेवाला है। पुलिस की दबीश बढ़ने के बाद से वह समस्तीपुर में रहकर गिरोह के लिए काम कर रहा था। मो. तोकीर उर्फ राजू कार सजावट के नाम से पार्ट्स दुकान चलाता है और इसी व्यापार के दौरान ही इसने पार्ट्स व्यवसायियों के नंबर भी अपने गिरोह को मुहैया करवाया।

## खैराचातर बीओआई शाखा प्रबंधक के खिलाफ ग्रामीणों ने दिया धरना



**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के खैराचातर में स्थित बैंक ऑफ इंडिया के ब्रांच मैनेजर के मनमानी रवैये के खिलाफ आपके द्वार कार्यक्रम स्थल पर आजसू नेता ग्रामीणों के साथ धरना पर बैठ गए। धरना पर बैठे लोगों का कहना था कि खैराचातर के ब्रांच मैनेजर ग्राहकों के साथ मनमानी रवैया अपना रहे हैं। बैंक का सारा कार्य कुछ दलाल किस्म के लोगों के इशारे पर होता है। 20 . 25 किमी दूर से आये ग्रामीणों को केवाईसी पासबुक अपडेट राशि निकासी या जमा समेत अन्य कार्यों के लिए कई दिनों का चक्कर लगाना पड़ता है। फिर भी कार्य नहीं होता है। जबकि दलालों के इशारे पर कुछ लोगों का काम चुटकी में हो जाता है। केसीसी लोन मुद्रा लोन भी आसानी से लोगों को नहीं दिया जाता है। केसीसी या मुद्रा लोन में कमीशन वसूली का भी आरोप है। इस दौरान जिप अध्यक्ष भी पंहूचे और धरना पर बैठे ग्रामीणों से बातचीत की और समाधान का भरोसा दिलाया। मौके पर आजसू प्रखंड अध्यक्ष महेन्द्रनाथ महतो पंसस बिनोद कुमार महतो मानू गुलियार मौजूद थे।

## डीपीएस चास में दो दिवसीय फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** डीपीएस चास में संपन्न दो दिवसीय फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में सामुदायिक सहायक कार्टून के पात्र कहानियों के पात्र यातायात प्रकृति आदि विषयों पर बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर 24 बच्चों को प्रथम 29 को द्वितीय व 31 को तृतीय स्थान प्रदान किया गया। अभिभावकों ने गीत संगीत व कविता के माध्यम से प्रस्तुति दी। विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों के मन मस्तिष्क में देशभक्ति की भावना जागृत होती है। निदेशक डॉ नवीन शर्मा ने बच्चों के प्रस्तुतीकरण की सराहना की। विद्यालय की प्रभारी प्राचार्या दीपाली भुस्कुटे ने सरकार की नई शिक्षा नीति 2020 के मानदंडों को अपनाते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना बच्चों के आंतरिक प्रतिभा को निखारना डीपीएस चास का उद्देश्य बताया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका प्रीति बर्मन अर्चना कुमारी प्रिया कुमारी छात्रा शान्वि सिंह छात्र रमेश कौंडिल्य ने किया। कार्यक्रम की सफलता पर डीपीएस चास के पीवीसी एन मुरलीधरन डीएस मेमोरियल सोसाइटी के सचिव सुरेश अग्रवाल एकेडमिक डीन जोस थॉमस ने विद्यालय परिवार को बधाई दी।

# तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर फुसरो में जश्न

भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर बांटी मिठाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान सहित तीन राज्यों में भाजपा की प्रचंड जीत के खुशी में रविवार शाम को फुसरो में कार्यकताओं ने पटाखे फोड़ व मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। पुराना बीडीओ ऑफिस स्थित कार्यालय से रविवार शाम को गाजे बाजे के साथ नाचते गाते हुए विजय जुलूस निकाला गया और फुसरो बाजार का भ्रमण कर शहीद निर्मल महतो चौक पहुंचा। जहां शहीद निर्मल महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। वरिष्ठ नेता मधुसूदन सिंहए जिला उपाध्यक्ष अर्चना सिंह जिला मंत्री बिक्रम पांडेय और भाजपा नेता प्रकाश सिंह मौके पर



वरिष्ठ नेता मधुसूदन सिंह जिला उपाध्यक्ष अर्चना सिंहए जिला मंत्री बिक्रम पांडेयए भाजपा नेता प्रकाश सिंह और फुसरो नगर अध्यक्ष दिनेश यादव ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की कुशल नेतृत्व और लोकप्रियता की बदौलत भाजपा ने तीनों राज्यों में जीत का परचम लहराया। कहा कि ये सबका साथ सबका विकास की जीत है। मोदी जी ने देश को विकास के पथ पर आगे लाया और विश्व में भारत को मजबूत बनाया। तीनों राज्यों की जनता ने मोदी जी को अपना प्यार और आशीर्वाद देकर जीत दर्ज कराया।

### मौके पर ये लोग थे मौजूद

मौके पर वरिष्ठ नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य देवीदास पूर्व नगर अध्यक्ष राम किंकर पांडेय महामंत्री रमेश स्वर्णकार सहित कृष्ण कुमारए अनिल गुप्ता सुमित सिंह चंदन राम दीपक गिरी वीणा देवी गुरूवारी देवी अशोक मिश्रा रामू तांती दिनेश रवि देव नारायण महतो वीरेंद्र ठाकुर महेंद्र सिंह सुरजीत चक्रवर्ती भरत वर्मा आदि मौजूद थे।

## जनता ने मोदी की गारंटी पर जताया भरोसा : राजेश

**बेरमो।** राजस्थान मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में स्पष्ट जीत के बाद भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने रविवार को कहा कि विधानसभा चुनावों में जनता ने ष्कांग्रेस की गारंटीश को खारिज करते हुए मोदी की गारंटी पर भरोसा जताया है। कहा कि देश में एक ही गारंटी चलती है और वह है मोदी की गारंटी।

## 12 राज्यों में हुई भाजपा की सरकार

**बेरमो।** भाजपा फुसरो मंडल के महामंत्री टुनटुन तिवारी ने कहा कि चार राज्यों के विधानसभा चुनावों में भाजपा मध्य प्रदेशए राजस्थानए छत्तीसगढ़ में जीत के बाद सरकार बनाने जा रही है। भाजपा अब अपने दम पर 12 राज्यों में सरकार होगी। उन्होंने जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जनता को दिया है।

# शिकायतों के बाद भी मनमानी पर तुला है शिक्षा विभाग

● प्राइवेट स्कूलों में 25 प्रतिशत बीपीएल बच्चों का नहीं हो रहा नामांकन

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** शिक्षा विभाग की मनमानी अपने चरम सीमा पर है। कई शिकयतों के बाद भी, शिक्षा विभाग अपनी मनमानी पर तुला है। लोगों की माने तो पैसे का खेल लगातार बंद कमरे में चल रहा है। और शिक्षा विभाग के मुखिया चैन की नींद ले रहे है। लगातार कुर्सी के नीचे से खेल होता जा रहा है। आपको बताते चले की आरटीई राइट टू एजुकेशन सरकार कि एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसमें बीपीएल कोटे के 25 प्रतिशत बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में नामांकन लेना अनिवार्य है, लेकिन इस साल इस प्रक्रिया को लेकर कई गंभीर आरोप - प्रतिआरोप लगते रहे। बाल आयोग से लेकर जिले के मुखिया ने भी इस पर कड़ी निंदा व्यक्त की। लेकिन जिला शिक्षा अधीक्षक के कानों में जू तक नहीं रेंगा। उपायुक्त के जनता दरबार में कई आवेदन पहुंचे, उनको आगे आश्वासन भी मिला। आवेदक करता अभी भी इंतजार पर आस लगाए बैठे हैं, कि उनके बच्चे का अभी भी नामांकन हो जाएगा। लेकिन सब बेकार, शिक्षा विभाग में तो कोई और खेल चल रहा है। स्कूलों को पिछली तारीख से लेटर भेजा जा रहा है। और इसकी खबर कानों कान किसी को नहीं दी जा रही है। शिक्षा विभाग कि आरटीआई प्रभारी की मानो तो उनके समझ कोई लेटर नहीं भेजा गया है। वह अक्टूबर माह से प्रभार पर हैं, उसके पहले मनोज रवानी आरटीई के प्रभार में थे, जिनका ट्रांसफर हजारीबाग हो गया है।

### प्राइवेट स्कूलों से मांगा गया है बीपीएल बच्चों का व्योरा

संजय कुमार आरटीई प्रभारी का साफ कहना है कि, मैं आरटीआई प्रभारी बनते ही सभी स्कूलों से बीपीएल कोट के कितने सीट बचें हैं ,उनका पूरा ब्यौरा मांगा है। कई स्कूलों ने इस इस पर अपनी प्रतिक्रिया भी दी है एवं उपायुक्त के यहां से जो लेटर आ रहे हैं, उसे भी देखने का काम कर रहा हूं। लेकिन कुछ समय से स्कूलों द्वारा शिकायत आ रही है कि सातवें आठवें माह के लेटर एवं मेल आ रहे है। कहां जा रहा है की इन विद्यार्थियों को लेना है, इससे स्कूल भी असमंजस में है। कई स्कूलों ने तो साफ कह दिया है, कि मुझे आज के दिनांक से लेटर आएगा तभी हम नामांकन सुनिश्चित करेंगें। अब समझ नहीं आ रहा है कि इसको नियमानुसार कैसे किया जाए। आखिर यह खेल क्या है, और क्यों डी.एस.सी साहब के मेल से लगातार स्कूलों को पिछली तारीख से लेटर भेजा जा रहा है। कई स्कूल इसमें शामिल है।

## चंद्रपुरा में खुला ह्यूमन राइट्स का कार्यालय

**बेरमो।** ऑल इंडियन हुमन राइट्स का 0782 वां कार्यालय चंद्रपुरा प्रखंड में सिद्धू कान्हू चौक पर प्रेमचंद मांझी के संरक्षण में खोला गया। जिसका विधिवत उद्घाटन धूपए अगरबत्ती और नारियल फोड़ते हुए। फिता काटकर किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में सामाजिक न्यायए भ्रष्टाचारए प्रदूषणए बेरोजगारीए आदिवासीए विस्थापितों के मूलभूत सुविधाए शिक्षाए स्वास्थ्यए के साथ.साथ देश की एकता और अखंडता को ध्यान में रखते हुए जातिवादए क्षेत्रवादए लिंगभेद एवं आपसी भेदभाव को मिटाने के प्रयास के साथ समाज में शांति स्थापित भाईचारा प्रेमभाव सद्भावना सहयोग बनी रहे।

एक नजर में

## सिंदरी ऑफिसर्स क्लब सिंदरी में महामिलन समारोह-2023



**सिंदरी।** रवीन्द्र कॉलचरल फोरम के तहत ऑफिसर्स क्लब सिंदरी में बंगाली मिलन समारोह महामिलन 2023 का आयोजन रविवार को किया गया। समय के काल चक्र के प्रभाव से सिंदरी छोड़ने के लिए मजबूर हुए लोगों के लिए यह महामिलन आयोजित किया गया था। यह संगम सिंदरी निवासी अनुपम चटर्जी के अथक प्रयास से संभव हो पाया। वहीं महामिलन के आयोजक की मुख्य भूमिका पिंटू मजूमदार और सलिल दास ने भी निभाई। महामिलन में दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, दुर्गापुर, आसनसोल सहित सिंदरी से आए बंगाली कल्चर के परिवार शामिल थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ सी जी साहा थे। आयोजन को संभव बनाने में एफसीआईएल सिंदरी संपदा अधिकारी देवदास अधिकारी, पल्लब चटर्जी, तापस नंदी, सोमनाथ सिंहराय, बुलान चक्रवर्ती, चंदन कुमार घोष, मौसमी मुखर्जी, मीता राहा, बुला चटर्जी, असीम मुखर्जी, बंशी मुखर्जी, नबेन्दु चौधुरी, सुजीत दत्ता सहित अन्य ने विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ संपूर्ण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

## बोकारो केंद्रीय विद्यालय-1 में संकुल स्तरीय लघु क्रीड़ा प्रतियोगिता



**बोकारो।** स्थानीय केवी 1 में आयोजित संकुल स्तरीय लघु क्रीडा प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 बोकारो केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 3 बोकारो केंद्रीय विद्यालय चंद्रपुरा और केंद्रीय विद्यालय बोकारो थर्मल के 183 छात्रों ने भाग ग्रहण किया। बतौर मुख्य अतिथि बीएसएल के सीजीएम कुंदन कुमार एवं अभिभावक मंच के कौशल राय सहित अन्य गणमान्य मइके पर उपस्थित थे। विद्यालय की पंचम कक्षा की छात्रा हराप्रिया बेहरा ने क्रीड़ा मशाल थामकर खेलों की निर्विघ्न समाप्ति हेतु प्रज्वलित मशाल लेकर क्रीड़ मैदान की परिक्रमा की। विद्यालय की क्रीड़ा शिक्षिका अनु सिंह और मुकेश कुमार के निर्देशन में क्रीडा शपथ समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि श्री कुमार ने कहा कि खेल से तन और मन दोनों दुरुस्त होता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। छात्राओं हेतु आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 बोकारो प्रथम केवि चंद्रपुरा द्वितीय तथा केंद्रीय विद्यालय बोकारो थर्मल को तृतीय स्थान मिला। टेनिस बॉल फेंक प्रतियोगिता में बोकारो थर्मल के कार्तिक कुमार ने प्रथम स्थान अर्जित किया। मंच का संचालन विद्यालय की शिक्षिका अर्चना कुमारी एवं जया ने किया।

## स्कूल में निरसा विधायक ने किया शिलापट्ट का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुमारधुबी।** चिरकुंडा-भवन प्रमंडल धनबाद की ओर 24 लाख 60 हजार की लागत से चिरकुंडा लायकडिह स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के बाउंड्री वॉल एवमं मुख्य द्वार के निर्माण कार्य का शिलान्यास रविवार दोपहर निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने नारियल फोड़ एवमं शिलापट्ट का परदा हटाकर किया।वही आपको बताते चले की लंबे समय से स्कूल में पढ़ रहे छात्र एवमं छात्रा के अभिवाको की एक मांग थी कि स्कूल में बाउंड्री वॉल का निर्माण नही था। जिस कारण अभिभावक अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर काफी चिंतित थे और इसको लेकर निरसा की विधायक अपर्णा सेनगुप्ता एवमं सांसद पशुपति नाथ सिंह से लिखित एवम मौखिक रूप से कहा .विधायक एवमं सांसद की पहल पर भवन प्रमंडल ने 24 लाख 60 हजार की लागत से बाउंड्री वॉल निर्माण कराने का काम किया है। मौके पर पहुंची विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने मीडिया से बातचीत में कहा कि पूरे निरसा विधानसभा क्षेत्र में वो घूम घूम कर स्कूलों की बाउंड्री भवन प्रमंडल विभाग की ओर से करवाने का काम कर रही है।

## कबड्डी में रेनबो और मिथिला एकेडमी विजयी

खबर मन्त्र संवाददाता




**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय में आयोजित डॉ राधाकृष्णन सहोदया स्कूल काम्पलेक्स इंटर स्कूल कबड्डी प्रतियोगिता में जिले के 12 स्कूलों की 18 टीमों में बालक वर्ग में रेनबो पब्लिक स्कूल विजेता तो श्री अयप्पा पब्लिक स्कूल उपविजेता व तीसरे स्थान पर मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल रहा। बालिका वर्ग में मिथिला एकेडमी की टीम विजेता तो उपविजेता रेनबो पब्लिक स्कूल और द्वितीय उपविजेता एआरएस पब्लिक स्कूल बना। मौके पर मुख्य अतिथि बीएसएल के सीजीएम कुंदन कुमार विशिष्ट अतिथि चिन्मय मिशन बोकारो की आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती विद्यालय अध्यक्ष बी मुखोपाध्याय कोषाध्यक्ष आरएन मल्लिक डॉण राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स बोकारो के अध्यक्ष सह डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार सहित विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि कबड्डी हमारी संस्कृति से जुड़ा हुआ खेल है। प्रतियोगिता की सफलता में सोनाली गुप्ता हरिहर पाण्डे संजीव सिंह प्रांजल सेकिया रणविजय ओझा प्रवीण कुमार नितेश पांडे आदि ने अहम भूमिका निभाई।

## विकलांग कल्याण समिति, बेरमो ने मनाया विश्व दिव्यांगता दिवस



**बेरमो/फुसरो।** विकलांग कल्याण समिति बेरमो की ओर से रविवार को पुराना बिड़ीयो ऑफिस स्थित प्रद्यान कार्यालय में समिति के केंद्रिय महासचिव भुनेश्वर महतो के नेतृत्व में विश्व दिव्यांगता दिवस मनाया गयाण इस दौरान सर्वप्रथम यहॉ महासचिव श्री महतो सहित समिति के लोगो ने द्वीप प्रजवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कियाण केंद्रिय महासचिव श्री महतो ने कहा कि आम तौर पर लोग विकलांगता को एक अभिशाप मान कर जिन्दगी से हार मान लेते हैंए लेकिन कुछ विरले ऐसे भी होते हैं जो अपनी इस कमी को अपनी ताकत बनाकर जिन्दगी में आगे बढ़ अपनी मंजिल हासिल करते हैं। कहा कि आज भी समाज में दिव्यांगता को एक सामाजिक कलंक के रूप में देखा जाता है जिसे सुधारने की आवश्यकता है।

# धनबाद : अवैध कोयला और बालू लदे 13 वाहन जब्त

वाहन से 100 टन और स्टॉक से 200 टन अवैध कोयला जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन के निर्देश पर कोयला व बालू के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए बीती रात जिला खनन टास्क फोर्स ने राजगंज, बाघमारा, पूर्वी टुंडी, गोविंदपुर, पुटकी में सघन अभियान चलाकर अवैध कोयला



और अवैध बालू लदे वाहनों के साथ-साथ स्टॉक किया हुआ अवैध कोयला जब्त किया। बीती रात अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक एवं जिला खनन पदाधिकारी श्री मिहिर सालकर ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर राजगंज से अवैध कोयला लदे चार ट्रक और बैंक मोड़ थाना क्षेत्र से अवैध कोयला लदे एक ट्रक को जब्त किया। साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी बाघमारा ने बरोरा एरिया में भारत कोकिंग कॉल लिमिटेड के पुराने माइंस के पास से स्टॉक किया हुआ लगभग 200 टन अवैध कोयला जब्त किया। जब्त कोयला को बीसीसीएल एवं सीआइएसएफ द्वारा सुरक्षित स्थान पर ले जाने की प्रक्रिया जारी है। इसके अलावा अंचल अधिकारी बाघमारा ने अवैध कोयला लदे एक ट्रक, अंचल अधिकारी पुटकी ने अवैध कोयला लदे एक टाटा मैजिक, अंचल अधिकारी गोविंदपुर ने अवैध बालू लदे 5 वाहन व अंचल अधिकारी पूर्वी टुंडी ने अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है।

### वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज

जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि इसमें सम्मिलित लोगों के विरुद्ध एमएमडीआर एक्ट 1957 की धारा 21 एवं द झारखंड मिनिरल्स प्रिवेंशन ऑफ इलीगल माइनिंग ट्रांसपोर्टेशन एंड स्टोरेज रूल्स, 2017 के नियम 13 एवं आईपीसी की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत प्राथमिक दर्ज करने के लिए संबंधित थाना को आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है।

## बेरमो विधायक ने सड़क का किया भूमि पूजन

**बेरमो/जारंगडीह।** ग्रामीण कार्य विभाग व मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत रविवार को बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह ने जारंगडीह मोड़ से सीसीएल कॉलोनी होते हुए दामोदर नदी खेतको तक पथ स्ह्ढिकरण कार्य का भूमि पुजन किया। बताता चलू कि इस सड़क निर्माण की मांग पिछले लंबे समय से थी जिसे आज विधायक श्री सिंह ने भूमि पुजन कर कार्य श्री गणेश कर दिया। ज्ञात हो कि इस सड़क के बनने बाद खेतको बाई पास सड़क से लोग सिधे जुड़ पायेगे।

# सेमीफाइनल में जीत?


राज्य को के विधानसभाओं के लिए हुये चुनाव को मीडिया और राजनेता 2024 लोकसभा का सेमीफाइनल बता रहे थे। निश्चित ही इस सेमीफाइनल में भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस से बीस रही है। मध्य प्रदेश में अप्रत्याशित जीत के साथ ही छत्तीसगढ़ की जीत और राजस्थान में बहुमत लाकर कई जातिगत नारो और कयास को गलत बता दिया है। कांग्रेस ने तेलगांना में जीत दर्ज कर दक्षिण भारत में अपने दबदबा को कायम रखा है जहां कर्नाटक और तेलंगाना जैसे दो बड़ें राज्य पर काबिज होकर कांग्रेस युक्त भारत के नारे को बुलंद किया है। यह भारतीय लोकतंत्र की खूबसूरती ही है कि अब भारतीय मतदाताओं में महिलाओं की सक्रियता निर्णायक हो चली है। मध्य प्रदेश में महिलाओं ने बढ़चढ़कर वोट दिया जिसका असर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में साफ दिख रहा है। दूसरी ओर राजस्थान में लोक लुभावन वादों और सुविधाओं के बाद भी जनता ने शासन बदलने की अपनी परम्परा कायम रख लोकतांत्रिक ताकत को सबल बनाया। सामान्य तौर पर राज्यों को चुनाव स्थानीय मुद्दों पर लड़ें जाते हैं लेकिन इसमें राष्ट्रीय दलों के नेता का प्रभाव, पांच साल तक किये गये कार्य का मूल्यांकन, दल के प्रतिनिधियों, विधायकों के द्धारा तैयार की गयी स्थानीय स्थितियों के अतिरिक्त अनेक मुद्दों से मतदाता प्रभावित होकर वोट देता है। इन चुनावों में सबसे बड़ें खिलाड़ी के रुप में मध्य प्रदेश के सीएम शिवराज सिंह चौहान उभरें हैं जिन्होंने साफ तौर शाबाज शिवराज का तमगा हासिल किया है। वहीं राजस्थान और छत्तीसगढ़ में मोदी के असरके साथ भाजपा का संगठन और इसकी अन्य ईकाईयों का चुनावी प्रबंधन जिन्होंने सही मुद्दों को उठाया कारगर साबित हुआ है। राजनीति के इस परिणाम को देश के लोकतांत्रिक मूल्यों की जीत के तौर पर देखा जा सकता है जहां जीत प्रभावी सरकार और उम्मीदों की हुई है।

# पौष्ठिकता पर ध्यान

मोदी सरकार ने मार्च 2024 तक लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (टीपीडीएस) और अन्य कल्याणकारी योजनाओं (ओडब्ल्यूएस) के माध्यम से 3.75 करोड़ टन फोर्टीफाईड (पोषक तत्व युक्त) चावल वितरित करने की योजना बनाई है, जो वर्ष 2020-21 की खाद्यान्न वितरण योजना के अनुसार सरकार द्वारा आवंटित चावल की संपूर्ण मात्रा के बराबर है। पिछले सप्ताह संसद में दिए गए एक उत्तर के अनुसार वर्ष 2021-22 में केंद्र ने एकीकृत बाल विकास सेवाओं (आईसीडीएस) और प्रधान मंत्री पोषण शक्ति निर्माण (पीएम-पोषण) के माध्यम से 35 लाख टन फोर्टीफाईड चावल वितरित करने की योजना बनाई है, जिसे मार्च 2023 तक बढ़ाकर 1.75 करोड़ तक कर दिया जाएगा ताकि आईसीडीएस और पीएम-पोशन योजनाओं के साथ 291 महत्त्वाकांक्षी जिलों को शामिल किया जा सके। इसलिए मार्च 2024 तक देश में पूरी टीपीडीएस और ओडब्ल्यूएस को फोर्टीफाईड चावल के दायरे में ले लिया जाएगा। आवश्यक पोषक तत्वों वाले फोर्टीफाईड चावल की शुरूआत इस प्रायोगिक योजना में 15 राज्यों के 15 जिलों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है, हर राज्य में एक जिले के साथ। हालांकि केंद्र सरकार बच्चों और वयस्कों में कुपोषण से लड़ने में एक प्रभावी तरीके के रूप में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए चावल की पौष्टिकता का प्रचार कर रही है, लेकिन कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि यह एक गलत तरीका है और फिजूलखर्ची है। इस कार्यक्रम के साथ आगे चलकर अत्यधिक सावधानी की वकालत करते हुए लेखकों ने कहा कि भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय पोषण संस्थान की पोषक तत्वों की नई सिफारिशें बताती हैं कि विविध प्राकृतिक आहार लोगों की सामान्य सूक्ष्म पोषक तत्वों की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त होता है।

# महिला अग्निवीरों से और सशक्त हुई भारतीय नौसेना





**-डॉ रमेश ठाकुर**

> बहरहाल, आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण और जलीय निगरानी तंत्र में स्वदेशी जहाज, पनडुब्बी, आईएनएस विक्रांत, जलीय विमान, यूएवी यानी मानव रहित हवाई वाहन, हमारी नौसेना की ताकत हैं। उनकी सुरक्षा अभेद है। पलक झपकते ही दुश्मन को पानी में डुबोने की हिम्मत रखती है। नौसेना के इतिहास और आज के खास दिवस की बात करें, तो उसका एक सुनहरा युग हमने व्यतीत किया है।

(भारतीय नौसेना दिवस/04 दिसंबर/विशेष) '

नौसेना बल की उपलब्धियां और राष्ट्र में उनके योगदान का वर्णन जितना किया जाए, उतना कम होगा। आज भारत में ही नहीं, पूरे वर्ल्ड में हमारी नौसेना की वाहवाही होती है, क्योंकि वह दिनों दिन अपने नए-नए प्रयोगों से नित नई ऊंचाइयां छू रही है। इस कड़ी में अब एक और नया अध्याय जुड़ गया है। नौसेना में आधी आबादी ने दस्तक दे दी है। इसी सीजन में एक हजार ह्यअग्निवीर महिला सैनिकह्ण नौसेना में शामिल हुई हैं जिससे इस टुकड़ी की न सिर्फ ताकत बढ़ी, बल्कि उनके अनुशासन कार्यान्वयन में भी क्रांतिकारी परिवर्तन आना शुरू हुआ। आज ह्यनौसेना दिवसह्ण है। इस बार ये दिन इसलिए भी खास है क्योंकि इसमें अब महिलाओं की भी सहभागिता सुनिश्चित हो गई है। नौसेना में पहली मर्तबा ह्यनौसेनिक पोतह्ण पर महिला कमांडिंग अधिकारी को नियुक्त किया गया। सरकार का ये कदम निश्चित रूप से अकल्पनीय और सराहनीय है। महिला सशक्तिकरण में भारत ने एक और कदम आगे बढ़ा दिया है।

बहरहाल, आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण और जलीय निगरानी तंत्र में स्वदेशी जहाज, पनडुब्बी, आईएनएस विक्रांत, जलीय विमान, यूएवी यानी मानव रहित हवाई वाहन, हमारी नौसेना की ताकत हैं। उनकी सुरक्षा अभेद है। पलक झपकते ही दुश्मन को पानी में डुबोने की हिम्मत रखती है। नौसेना के इतिहास और आज के खास दिवस की बात करें, तो उसका एक सुनहरा युग हमने व्यतीत किया है। सन 1971 के इंडो-पाकिस्तान युद्ध के दौरान ह्यऑपरेशन ट्राइडेंटह्ण के शुरू होने कीं याद में हमारी सेना प्रत्येक वर्ष 4 दिसंबर को ह्यनौसेना दिवस का पर्व मनाती है। इंडियन नेवी की पूर्ण स्थापना की जहां तक बात है तो श्रीगणेश 1612 में हुआ। जब ईस्ट इंडिया कंपनी ने ह्यरायल इंडियन नेवीह्ण नाम से अपनी सेना बनाई थी। उस वक्त ईस्ट इंडिया कंपनी ने अपने कमर्शियल शिपों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर इस सैन्य का गठन किया था। पर, आजादी मिलने के बाद स्वतंत्र व्यवस्था ने 1950 में भारतीय नौसेना के रूप में पुनर्गठित कर दिया।

नेवी डे समुद्री सीमाओं को सुरक्षित सहजने और जलीय ऑपरेशन व मिशनों को मुकम्मल करने के तौर पर भी याद किया जाता है। बंदरगाह की यात्राओं, विभिन्न देशों की नौसेनाओं के साथ संयुक्त अभ्यास, परोपकारी मिशनों, समुद्री किनारों को सुरक्षा देना और अंतरराष्ट्रीय संबंधों को बनाए रखने की जिम्मेदारी भी इन्हीं कंधों पर होती है। नौसेना की अकल्पनीय भूमिका पर तो चचाएं होती ही है, उनकी देश भक्त निष्ठा जनमानस को सेना के प्रति आदर-सम्मान करना भी सिखाती है। देश का कोई ऐसा शख्स नहीं जिसे अपनी सेना पर गर्व न होता हो। नौसेना भारतीय सशस्त्र बलों की समुद्री प्रभाग है, जिसमें राष्ट्रपति कमांडर-इन-चीफ के रूप में कार्य करता है।

बहरहाल, नौसेना के समझ इस वक्त कुछ चुनौतियां खड़ी हुई है। वो चुनौती चीन दे रहा है। दरअसल, चीन हमारे समुद्री क्षेत्र में घुसपैठ करने की फिराक में कई समय से घात लगाए बैठा हुआ है। ये सच है कि सेना से वास्ता रखने वाली ज्यादातर सूचनाएं सार्वजनिक नहीं की जाती, इसलिए कि इंटरनल सुरक्षा का ख्याल रखा जाता है। फिर भी अगर कोई सूचना सेना द्वारा देशवासियों को दी जाए, तो समझ लेना चाहिए, मामला गंभीर है। नौसेना को सूचना मिली है कि हिंद प्रशांत में चीन कभी भी कोई बड़ी गड़बड़ी कर सकता है। ये बात पिछले ही सप्ताह खुद नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने बताई। मसला वास्तव में गंभीर है, हल्के में नहीं लिया जा सकता। चीन हिंद महासागर में अपनी सैन्य शक्तियों के माध्यम से भारतीय जलीय परिक्षेत्र में आक्रमण करने के मूड में है। हालांकि, कुछ एशिया देशों ने तो घुटने टेक भी दिए हैं। पाकिस्तान के जल क्षेत्र में वो खुलकर मनमानी कर रहा है। लेकिन उसकी भारतीय क्षेत्र में हिम्मत नहीं हो रही। उनको पता है भारतीय नौसेना उनका बुरा हाल कर देगी।

भारतीय नौसेना दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी नौसेना मानी जाती है। इसलिए चाइना इंडियन नौसेना की ताकत को अच्छे से जानता-समझता है। जलीय महासागरों का इस्तेमाल किसी भी राष्ट्र की वैध आर्थिक आकांक्षाओं के लिए होता है। इस लिहाज से देखें तो चीन के पास आर्थिक गतिविधियों के लिए हिंद महासागर क्षेत्र में मौजूद रहने का एक वैध कारण है। पर, हिंद महासागर क्षेत्र में क्षेत्रीय नौसैनिक शक्ति के रूप में, वहां क्या हो रहा है, इस पर भारतीय नौसेना अगर नजर रखती है तो चीन चिड़ता है। वो चाहता, उसकी कोई पहरेदारी न करे, समुद्री संपदा पर दंबगई से राज करता रहे। पाकिस्तान, ताइबान, नेपाल आदि मुल्क शांत रहते हैं, वैसी ही उम्मीद चीन भारत से करता है। लेकिन, भारतीय नौसैनिक हमेशा चौकन्नी रहती है। चीन भी जानता है कि उनकी छोटी सी भूल पर ही भारतीय सैनिक उनको नेस्तनाबूद कर देंगे। इसलिए चीन फूंक-फूंक कर कदम रखता है।

भारतीय नौसेनिकों को जल प्रहरी भी कहा जाता है, क्योंकि वो जल मार्ग की सुरक्षा में हमेशा मुस्तैद रहते हैं। वैसे, आज नौसेना दिवस पर चीन की निगाहें हमारी नौसेनिक प्रदर्शन पर गड़ी रहेगी।

भारतीय नौसेना अपनी पश्चिमी कमान से लबरेज विभिन्न किस्म के जहाजों और नाविकों को इकट्ठा करके सामूहिक जश्न मनाएगी। उत्सव के दौरान, नौसेना दिवस की गतिविधियों का समन्वय पूर्वी नौसेना कमान, विशाखापत्तनम द्वारा होगा। युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि समारोह के अलावा, नौसेना के उप-जहाज, विमान और अन्य बल एक व्यावहारिक प्रदर्शन में अपने कौशल और ऊर्जा का प्रदर्शन करेंगे। आज के दिन नौसेना अपने युद्धपोतों व विमानों को एनार्कुलम में प्रदर्शनी महोत्सव आयोजित करके आम जनों को भी दिखाने का सुअवसर देती है जिसमें नेवी बॉल्स, नेवी क्वींस और अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित होती हैं।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## खास बात

### इंदिरा को स्वीटी कहने वाले मॉनेक शॉ

**आकाश**

**मानेकशॉ** और पाकिस्तान के तत्कालीन राष्ट्रपति याह्या खान एक साथ फौज में थे और दोस्त हुआ करते थे। विभाजन के बाद पाकिस्तान जाने वक्त सैम उस मोटरबाइक को यहया खां को 1000 हजार में बेचा। लड़ाई जीतने के बाद सैम ने मजाक किया, उन्होंने 1947 में लिया गया उधार अपना आधा देश देकर चुकाया। एक युवा जिसे लंदन नहीं जाने दिया तो गुस्सा होकर सेना में जाने का फॉर्म भर दिया। एक सैन्य अफसर जो देश के प्रधानमंत्री को स्वीटी कहकर बुलाता था। वीरों के वीर जिसने 1000 रुपये के बदले में आधा पाकिस्तान ले लिया। एक फील्ड मार्शल जिससे तख्तापलट का डर इंदिरा गांधी को सताने लगा था। एक महावीर जिसने पड़ोसी मुल्क को कहा था याद कर लो 71 वरना टुकड़े होंगे 72। आज बात करेंगे उस नाम की जिसे सुनकर पाकिस्तान आज भी थर्रा जाता है। कहानी सैम बहादुर यानी फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ की। देश की आजादी के बाद अभी तक शौर्य और साहस की जितनी कहानियां सुनी और सुनाई जाती हैं, उनमें फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ की वीरगाथा सबसे अलग है। भारत के सबसे बड़े दुश्मन मुल्क पाकिस्तान की कमर तोड़कर दो हिस्सों में विभाजित कराने वाले सैम मानेकशॉ शूरता और वीरता की मिसाल थे।

सैम मानेकशॉ भारत के पहले फील्ड मार्शल थे लेकिन यहां तक पहुंचने का उनका सफर बहुत दिलचस्प रहा। अमृतसर में पला-बढ़ा एक पारसी बच्चा पापा की तरह एक डॉक्टर बनना चाहता था। इसलिए वो लंदन जाना चाहता था क्योंकि उसके दो भाई पहले से वहां इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे थे। पापा ने कहा कि तुम अभी छोटे हो इस बात से गुस्सा होकर सैम ने इंडियन मिलिट्री में शामिल होने के लिए फॉर्म भर दिया। उसका चयन भी हो गया, मेरिट लिस्ट में छठे नंबर पर। यहां से शुरू हुआ सैम का करियर दूसरे वर्ल्ड वॉर से लेकर भारत की आजादी, बंटवारा, भारत चीन युद्ध के बाद भारत पाकिस्तान युद्ध के बाद खत्म हुआ। 1971 वॉर में उनकी भूमिका का खास जिक्र किया जाता है। क्योंकि पूरी तरह से उनकी प्लानिंग और स्ट्रैटजी उनकी थी।

# शक्तिहीन हनुमान

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

माता अंजनी को अगस्त्यजी ने यह सिद्धि सिखा दी थी कि जब पुत्र होगा तब जिस देवता का मंत्र वह बोलेगी उस देवता की शक्ति वाला पुत्र का जन्म होगा। इस तरह हनुमानजी के जन्म के समय माता अंजनी ने पवनदेव का आह्वान किया था। फलस्वरूप हनुमानजी पवन के बल से युक्त होकर संसार में आए थे। वे बचपन से ही अत्यन्त बलशाली थे लेकिन स्वभाव से बहुत चंचलता थी, उदंडता थी। कभी कहीं से गुजरते, पेड़ों को हिला देते थे या पहाड़ में थोड़ा धक्का मारकर पत्थर रास्ते पर गिरा देते थे। जब ऋषि-मुनि ध्यान में बैठे रहते थे तब पेड़ की डालियों को हिला देते थे। एक दिन अगस्त्य ऋषि मुनियों को ध्यान सिखा रहे थे तब हनुमान जी ने पेड़ पर चढ़कर डालियों को इस प्रकार हिलाया जिससे पत्ते, फल और कई डालियां टूटकर नीचे गिर गये। इस पर अगस्त्य जी क्रोधित हुए और उन्होंने कहा तुम अपने बल का अभिमान करते हो। यह नहीं जानते कि सारी शक्ति एक जगह निहित होती है परा शक्ति की। अपरा शक्ति अनेक भागों में विभक्त होती है। ये सभी उस परा के अर्न्तगत होती है। ये सभी उस परा के अन्तर्गत होती है और मैं उसी शक्ति को कर्षित कर रहा हूं। फल हुआ कि हनुमानजी शक्तिहीन हो गये,गिर गये। दौड़कर अंजना माता आई और बोली प्रभु क्षमा हो बालक है। अगस्त्य जी बोले क्षमा ही है लेकिन मैं इसे यहां रहने नहीं दूंगा। यह आश्रम की व्यवस्था बिगाड़ देगा। इसके अंदर बल तो है।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की जनता ने बता दिया कि इस देश की जनता को एक ही गारंटी पर विश्वास है, वह है मोदी जी की गारंटी।

**-संजय सेठ, सांसद रांची**

## आपके ट्वीट

वर्ष 1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध में अतुलनीय पराक्रम प्रदर्शित करते हुए वीरगति प्राप्त करनेवाले परमवीर चक्र विजेता शहीद लांस नायक अल्बर्ट एक्का जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि।

**- अन्नपूर्णा देवी**





भाजपा पर अपना स्नेह, विश्वास और आशीर्वाद बरसाने के लिए मैं इन सभी राज्यों के परिवारजनों का, विशेषकर माताओं-बहनों-बेटियों का, हमारे युवा वोटर्स का हृदय से धन्यवाद करता हूं।

**-नरेन्द्र मोदी**

## कॉर्टून वर्ल्ड




साभार कॉर्टून मूवमेंटडॉटकॉम

## लेटर टू एडीटर

### महामारी और सवाल

**वैश्विक** महामारी कोरोना, एक बार फिर अपना पैर पसारती नजर आ रही है। कई राज्यों में इसके नकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ यह भी सवाल उठ रहा है कि क्या महामारी सिर्फ उन्हीं राज्यों में फैल रही है जहां चुनाव नहीं हैं। अगर चुनाव हो सकते हैं तो क्या बच्चों के स्कूल, कॉलेज और परीक्षाएं समय से नहीं हो सकतीं?

**-अमन जायसवाल, रांची**

### नेताओं को छूट

**हर** राज्य की सरकार ने आम जनता के लिए कोरोना गाइडलाइन बनाई है, ताकि संक्रमण नहीं बढ़े। बंगाल, असम, केरल में भी हजारों की संख्या में प्रतिदिन लोग चुनावी सभा में मौजूद रहते हैं। जनता भीड़ करे तो दंड और नेता भीड़ करे तो सब माफ। जनता के लिए तो शासन ने गाइडलाइन बना दी। नेताओं के लिए कौन गाइडलाइन बनाएगा। अब यूपी सहित पांच राज्यों में चुनाव है। **-प्रदीप दुबे, गढ़वा**

# तुष्टिकरण और बहुसंख्यकों को आहत कर चुनाव नहीं जीत सकते



**मनोज शर्मा**

सबसे पहले 1951 में अखबारों में प्रकाशित एक कार्टून में भारत को एक गाय के रूप में दिखाया गया है और उसके सिर के जगह प्रधानमंत्री नेहरू का चेहरा है। गाय के थन से मुंह लगा कर कुछ अल्पसंख्यक दूध पी रहे हैं और पास ही बछड़े के रूप में हिंदू बंधा हुआ है। गुगल लेंस से पता करने पर ज्ञात हुआ कि यह 1951 में प्रकाशित हुआ था। यानि सेक्यूरिज्म के नाम पर देश में अल्पसंख्यक तुष्टिकरण और बहुसंख्यकों को वंचित रखना पुरानी परंपरा रही है।

हिन्दी पट्टी के तीनों राज्यों में भाजपा ने अच्छी जीत दर्ज की है। इनमें राजस्थान और छत्तीस गढ़ में भाजपा ने कांग्रेस को हरा कर राज्यों को कब्जाया है वहीं मध्यप्रदेश में भाजपा ने अपनी को 18 सालों से आगे के लिये भी बरकरार रखा है। राजनीतिक पंडित और चुनाव विश्लेषक भाजपा की जीत के तरह तरह के कारण गिनवा रहे हैं। लेकिन कांग्रेस की हार का सबसे बड़ा कारण है हिन्दी पट्टी के राज्यों में बहुसंख्यकों को आहत करना और उसका तुष्टिकरण वाली गलती को बार बार दुहराना।

याद किजिये प्रधानमंत्री रहते डॉ. मनमोहन सिंह ने स्पष्ट कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। उनका यह बयान बहुसंख्यक आबादी को अखर गया था।

राजस्थान में सिलाई का काम करने वाले दर्जी कन्हैयालाल की दो मुस्लिम चरमपंथियों ने नृशंसता से हत्या कर दी थी। उस घटना पर नमक लगाने का काम अशोक गहलोत सहित कथित सेकुलर पार्टियों के नेताओं ने किया, जब दोनों हत्यारों के बचाव में अघोषित रूप से बयानबाजी करने लगे।

## सामयिक

मध्यप्रदेश में पिछले विधानसभा चुनावों में कांग्रेसी दिग्गज कमलनाथ का एक वीडियो टीवी चैनलों पर भी वायरल हुआ था जिसमें वह अल्पसंख्यकों को उकसाते और चुनावी जीत के बाद उनके लिये बहुत कुछ करने का वादा करते दिख रहे हैं।

भूपेश बघेल के पिता जी ने भगवान राम के प्रति अपशब्दों की बौछार कर दी थी और पुलिस में इसकी शिकायत करने पर बघुल के पिता जी को कुछ देर तक गिरफ्तार कर छोड़ दिया गया। जनता यह जानती थी कि बघेल के पिता सत्तासीन मुख्यमंत्री के पिता हैं इसलिये वह कोई बड़ी कानूनी कार्रवाई नहीं ही होती।

एक साल पहले तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चद्रंशेखर राव का एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वह एएमआइएम के अकबरूद्दीन औवेसी को विस में मुस्लिमों को नौकरी, हज हाउस, फंड देने की लंबी घोषणा करते दिख रहे हैं। अब तेलंगाना में के. चंद्रशेखर राव और उनकी सहयोगी पार्टी अब हार कर सत्ता से बाहर हो चुकी है,ओवैसी भी साफ हो गये हैं। तमिलनाडू में उदयनिधि ने भी हिंदू धर्म पर बार बार आपत्तिजनक टिपण्णी की। संभव है उन्हें आगे चुनावों में इसका नुकसान भी हो?

बहुसंख्यकों के खिलाफ के ये सारे वाकये उन्हें अंतर्मन से आहत किये रखती हैं, वोटर इन वाकयों को बार बार बोल कर अपना आक्रोश तो जाहिर नहीं करता, पर वोट के समय वह इस आक्रोश को व्यक्त करता है। भाजपा जैसी पार्टियां बहुसंख्यकों के खिलाफ इन घटनाओं को चुनावी मौके पर सफलता से भुनाती हैं।

अक्सर बहस में विपक्ष यह आरोप लगाते रहा है कि देश में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार है लेकिन भाजपा हर वक्त सिर्फ सांप्रदायिक मुद्दे उछाल कर जनता को ठगती रही है। बहुसंसख्यक जनता तो अपनी धार्मिक भावनाओं को लेकर भी अब बहुत सजग है। अब सिर्फ सेक्युलरिज्म के नाम पर कोई पार्टी बहुसंख्यकों को आहत कर सिर्फ तुष्टिकरण कर चुनाव नहीं जीत सकती।

# आदिवासी और महिला के भरोसे एमपी में मिली जीत

**मुरलीधर**

**मध्यप्रदेश में** अप्रत्याशित रूझानों से भाजपा गदगद है।. इतनी बड़ी जीत की उम्मीद भाजपा के नेताओं को भी नहीं था। यह जीत इसलिए भी अहम है क्योंकि कांग्रेस चुनाव से पहले ही नैरेटिव की लड़ाई में भाजपा को पछाड़ चुकी थी। आपिनियन पोल कांग्रेस के पक्ष में थी. लेकिन एक्जिट पोल तक पांसा पलट चुका था.

**लाड़लियां गेमचेंजर साबित हुई**

मार्च में जब लाड़ली बहना स्कीम आई थी, तभी से इसे गेमचेंजर माना गया। शिवराज सरकार ने इसके प्रचार प्रसार में कोई कमी न रखी। हर मंच से लाड़लियों की बात कही। इस योजना की आड़ में भाजपा सरकार की एंटी इंकम्बेंसी प्रो इंकम्बेंसी में बदल गई।

**मोदी मैजिक और केंद्रीय संगठन**

पूरे चुनाव को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर लड़ा गया। वे ही स्टार कैंपेनर थे. उनकी सभाओं से रुख पलट गया. उनके नेतृत्व में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रणनीति बनाई। और इसे एक्जिक्यूट करने की जिम्मेदारी केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और भूपेंद्र यादव को दी गई। इससे स्थानीय क्षत्रपों को भीतरघात का मौका नहीं मिला. रूठों और असंतुष्ठों को वक्त रहते मना लिया गया. अक्टूबर में दशहरे के बाद से संघ के समन्वय से कार्यकताओं को यह यकीन दिलाया गया कि भाजपा चुनाव जीत रही है। शाह के नेतृत्व में कार्यकर्ता जमीन पर सक्रिय हुए और लोगों से इस बार चुनाव जिताने की भावुक अपीलें की।

**हिंदुत्व को कोर मुद्दा**

उत्तरप्रदेश और गुजरात की तर्ज पर शिवराज सरकार का इस कार्यकाल में हिंदुत्व पर फोकस किया गया. राम मंदिर का जमकर प्रचार किया गया. महाकाल कारिडोर समेत अन्य धार्मिक कारिडोरों का निर्माण किया गया या घोषणा की गई. खरगोन दंगों में बुलडोजर चला. इससे एक तरफा ध्रुवीकरण हुआ.

**सात सांसदों का दांव**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और आरएसएस के सर्वे में यह बात साफ हो गई थी कि शिवराज के चेहरे पर नाराजगी है. इसे दूर करने के लिए भाजपा ने 7 सांसदों और केंद्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय को चुनाव में उतारकर बड़ा दांव चला। तब इसकी काफी आलोचना की गई. धीरे-धीरे भाजपा उन मतदाताओं को अपनी तरफ खींचने में कामयाब हो गई कि जो कि शिवराज के चेहरे पर राजी नहीं था।

**51 प्रतिशत वोट शेयर**

राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री शिवप्रकाश की मौजूदगी में तीन साल पहले एक अन्य महत्वपूर्ण फैसला यह लिया गया कि प्रदेश में संगठनात्मक स्तर पर 51 प्रतिशत वोट हासिल करने के लिए काम किया जाए. ऐसा होने पर पार्टी की जीत होना तय है. इसके बाद डेढ़ साल के अंतराल में बीजेपी ने बूथ लेवल, शक्ति केंद्र और मंडल स्तर पर 51 प्रतिशत वोट हासिल करने की रणनीति के मद्देनजर कार्यक्रम तय किए.

आदिवासियों के मुद्दे को पहले ही भांपा

भाजपा ने डेढ़ साल पहले ही आदिवासियों में कांग्रेस की स्ट्रेंथ को समझ लिया था. लिहाजा, यह तय किया गया कि आदिवासी बाहुल्य सीटों पर बीजेपी नेताओं की मीटिंग और उनके दौरे अधिकतम होने चाहिए. इसके साथ ही सरकार को आदिवासियों के हितों में योजनाएं बनाने के लिए कहा गया। शिवराज ने इसके बाद पेसा कानून लागू किया और आदिवासी युवाओं के लिए अन्न आपके द्वार योजना शुरू की. आदिवासी महापुरुषों के बारे में तथ्यों की तलाश कर उनकी गौरव गाथा को सबके सामने लाने का काम किया गया।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### चरही में भाजपा और बजरंगदल ने जश्न मनाया

**चरही।** राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा की अप्रत्याशित जीत पर चुरचू प्रखंड के भाजपा और बजरंगदल के कार्यकताओं ने जमकर आतिशबाजी कर जश्न मनाया।साथ ही कार्यकताओं और लोगों के बीच मिठाइयां वितरण किया। एक दूसरे को गुलाब-अबीर लगाकर खुशियों को जाहिर किया।

### उप मुखिया ने मुखिया, पंचायत सचिव व सामाग्री आपूर्तिकर्ता पर लगाए गंभीर आरोप

**कटकमसांडी।** प्रखंड क्षेत्र के रोमी पंचायत के उप मुखिया ने वर्तमान मुखिया, पंचायत सचिव व सामाग्री आपूर्तिकर्ता पर लगाए गंभीर आरोप लगाया है। उप मुखिया गुलाम का कहना है कि 14वीं और 15वीं वित्त कि राशि से योजना के कार्य कागज पर हुआ है लेकिन धारातल पर नही। सरकारी राशि का इन तीनों ने बंदरबाद किया डकार गए हैं। रोमी गांव में बढ़ाई टोला के सरकारी विधालय में 15वी वित कि ओपेन जीम, एवं लाईब्रेरी का निर्माण किया गया, वही आवेदन में धारातल पर ओपन जीम, और लाईब्रेरी के नाम पर एक कमरे में एक टेबल,चार कुर्सी, बच्चों को खेलन के लिए तीन चार समाग्री जो खरीदें गए हैं वे गुणवत्तापूर्ण नहीं है।जो कुल राशि 298000, राशि का दुरुपयोग पंचायत मुखिया, पंचायत सचिव, सामग्री पूर्ती करने वाला, के द्वारा और 2018मे 14वी वित कि राशि से लगभग 11पीस स्ट्रीट लाईट लगाया गया है जिसमें स्ट्रीट लाईट 345000 रूपया की दर से निकासी किया गया है जो सरकारी दर से भिन्न है। वही 2018मे पानी टंकी एवं चापानल का निर्माण कराने में 444000रूपया कि राशि का निकासी किया गया है जो कि सरकारी दर से काफी भिन्न है। रोमी पंचायत के उप मुखिया ने आवेदन देकर हजारीबाग उपायुक्त से जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

### महिलाओं को लाह की चूड़ियां बनाने का दिया प्रशिक्षण


प्रशिक्षण प्राप्त करती महिलाएं।

**बड़कागांव।** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने परियोजना प्रभावित ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए लाह की चूड़ियां बनाने का प्रशिक्षण महिलाओं को दिया। 32 ग्रामीण महिलाओं के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाकर उनके कौशल विकास में बढ़ोतरी करना है ताकि वे अपनी आजीविका बेहतर ढंग से चला सकें। 13 अक्टूबर से 30 नवंबर, 2023 तक आयोजित यह प्रशिक्षण, लाह चूड़ी बनाने की कला पर केंद्रित था और एनटीपीसी माइनिंग एंड आईटीआई, ढेंगा के परिसर में आयोजित किया गया। महिलाओं को प्रशिक्षण रांची के अनुभवी कारीगरों के एक समूह के नेतृत्व में दिया गया जिनमें उन्हें लाह की चूड़ियां बनाने की बारीकियां सिखाई गई। बेहतर प्रशिक्षण के लिए महिलाओं को छह अलग-अलग स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) में विभाजित किया गया था। इन समूहों में लक्ष्मी समूह (ग्राम- जुगरा), दुर्गा समूह (ग्राम-सिंदवारी), पूजा समूह (ग्राम- पकरी बरवाडीह), राधा कृष्ण समूह (आर एंड आर कॉलोनी), सरस्वती माता समूह (गांव-सिकरी), और गंगा समूह (आर एंड आर कॉलोनी) शामिल था। प्रशिक्षण का समापन महिलाओं को प्रशस्ति पत्र एवं बनाई हुई चूड़ियों से प्राप्त राशि देकर किया गया। इस मौके पर भूमि अधिग्रहण एवं पुनर्वास और पुनर्स्थापना विभाग के महाप्रबंधक पंकज ध्यान ने महिलाओं को इसी जज्बे के साथ काम करने की सलाह दी और कहा कि आपके प्रयास से समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा। आपको बता दें कि कंपनी स्थायी आजीविका को बढ़ावा देने और स्थानीय समुदायों पर सकारात्मक प्रभाव पैदा करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

### भाजपा की प्रचंड जीत पर कार्यकतारओं ने कुजू चौक में किया जमकर आतिशबाजी


आतिशबाजी करते कार्यकर्ता।

**कुजू।** भाजपा कार्यकताओं ने कुजू चौक में राजस्थान, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश में भाजपा की प्रचंड जीत पर जमकर आतिशबाजी किया। इस दौरान कार्यकताओं ने भाजयुमो मांडू प्रखंड अध्यक्ष रवि साहू के नेतृत्व में एकत्रित होकर जमकर आतिशबाजी किया। साथ ही भाजपा के समर्थन में नारेबाजी किया। मौके पर कार्यकताओं ने कहा कि तीनों राज्यों में नरेंद्र मोदी की बातों का असर हुआ है। इससे प्रतीत होता है कि जनता भाजपा के साथ है। और आने वाले 2024 लोकसभा चुनाव में भी भाजपा की जीत होने के साथ झारखंड में सरकार बनेगी। मौके पर जिला मंत्री प्रो खिरोधर प्रसाद साहू, तोकेश सिंह, रवि साहू, रतन प्रसाद साहू, राजू चतुवेर्दी, मनोज गिरि, अशोक कुमार, संजय शाह, अखिलेश्वर प्रसाद साहू, आशीष कुमार, शंभूलाल ठाकुर, सुधान सिंह, प्रदीप सिन्हा, पंचित महतो, सूरज महतो, श्रवण शाह, बीरेंद्र करमाली, राहुल कुमार, सोनू केशरी, संतोष मेहता, दशरथ केशरी, अर्जुन मेहता, हिमांशु गुप्ता, ज्ञानी साव आदि शामिल थे।

### इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर सह खोपड़िया बाबा धर्मशाला में हुई बैठक, कमेटी का हुआ गठन


बैठक में उपस्थित लोग।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर सह खोपड़िया बाबा धर्मशाला अखंड-हरीकीत्रन कराने को लेकर रविवार को बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता अभिषेक मिश्रा व संचालन ओमप्रकाश गुप्ता ने किया। बैठक में अखंड-हरीकीत्रन की तैयारियों सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ धार्मिक अनुष्ठान की सफलता को ले कमेटी का गठन किया गया। संचालन समिति के लिए अध्यक्ष बाबूलाल नायक, उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता, सह कोषाध्यक्ष राजेंद्र यादव, सचिव नरेश साव, सह सचिव आदित्य करमाली को चुना गया। वहीं संरक्षक में पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी, रॉबिन मुखर्जी, गुलाब मिश्रा, जुगल किशोर पांडेय, सुखदेव राम, राजकिशोर पांडेय उर्फ राजू पांडेय, महेंद्र सोनी, जीवन गुप्ता, परमजीत सिंह धामी, राजेंद्र सिंह, कृष्णा यादव, किशोर रवानी, सीताराम, अजय मिश्रा, संतोष मिश्रा, विनय मिश्रा, सतीश मोहन मिश्रा, योगेश दांगी, कृष्णा मिश्रा, अजय वर्णवाल शामिल हैं। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में अमित शर्मा, पवन गुप्ता, संतोष गुप्ता, बिल्लू अग्रवाल, बुधन गोस्वामी, सचिन गुप्ता, अशोक साव, विकास सिन्हा, नानू राय, शंभू व्यास, अजय रजक, राम केवट आदि चुने गए।

## भाजपा के प्रचंड जीत पर सदर विधायक ने जताई खुशी

# अब झारखंड की जनता भी बदलाव को लेकर है आतुर : मनीष जायसवाल

खबर मन्त्र संवाददाता


एक दूसरे को बधाई देते भाजपा कार्यकर्ता।

**हजारीबाग।** हिंदुस्तान के चार राज्यों के विधानसभा चुनाव के परिणाम रविवार को घोषित हुए। जिसमें तीन राज्यों में भाजपा को बहुमत मिलने पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने खुशी का इजहार किया। विधायक मनीष जायसवाल ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भाजपा की बड़ी जीत पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने इस चुनाव के परिणाम की आकलन करने वाले राजनीतिक पंडितों और एग्जिट पोल को भी फेल कर दिया। ज्ञात होगी विधायक मनीष जायसवाल को छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भाजपा शीर्ष नेतृत्व के द्वारा बड़ी जिम्मेवारी सौंप गई थी। उन्हें इस विधानसभा चुनाव में दो तरीके का प्रभार मिला था। जिसमें छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले का उन्हें प्रभारी बनाया गया था और इस जिले के एक विधानसभा क्षेत्र का भी उन्हें दायित्व सौंपा गया था। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि झारखंड की जनता भी वर्तमान-झामुमो-कांग्रेस और राजद की सरकार से ऊब चुकी है और अब बदलाव का मन बना चुकी है। मौके पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने बताया की इन तीन राज्यों के चुनावी परिणाम ने यह साबित कर दिया की कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान बंद होने वाली है। मौके पर विधायक कार्यालय प्रभारी विशेषांक वर्मा, भाजयुमो नेता राजकरण पांडेय, राजेश कुमार राणा, राजेंद्र प्रसाद, पंकज कुमार, धर्मेंद्र कुमार, आकाश कुमार और नुनु कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

### झामुमो प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन 10 दिसंबर को


बैठक में शामिल लोग।

**बड़कागांव।** संगठन की मजबूती को लेकर झामुमो प्रखंड स्तरीय बैठक पश्चिम पंचायत भवन में की गई जिसकी अध्यक्षता मुख्य संयोजक संजय कुमार सिंह एवं संचालन दिनेश रवि उर्फ गुड्डू ने किया। बैठक में 23 पंचायतो के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष संगठन सचिव उपसचिव एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित हुए। वही श्री सिंह ने कहा कि आगामी 10 दिसंबर को जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय में प्रखंड स्तरीय, झामुमो कार्यकर्ता सम्मेलन किया जाएगा। जिसमें झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य सह झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया के अलावा कई विशिष्ट झामुमो नेता व सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। मौके पर मोहन सोरेन, रश्मि टुडू, सफीउल्लाह अंसारी, संजय भुईयां, नंदकीशोर भुईयां, पवन तुरी, सरोज मेहता, राजेंद्र भुईयां, राजेंद्र मुंडा, गणेशा राम, सुनील राम, रामसागर महतो, जय सरण महतो, रघुवीर महतो, मुंद्रिका सिंह, सोहन यादव, मो हेशाम विजय भुईयां, विजय भुईयां, करमदेव भुईयां, प्रभु भुईयां, उगनी देवी, गीता देवी सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित थे।

## भ्रष्टाचार को लेकर तुइयो में बैठक का आयोजन, सैकड़ों ग्रामीण शामिल

- फर्जी मुकदमों से आंदोलन नहीं रूका करते : जानकी यादव

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक करते पूर्व विधायक व अन्य।

**बरकट्ठा।** प्रखंड़ के पंचायत तुइयो में पंचायत स्तरीय बैठक उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, लेवडा के प्रांगण में क्षेत्र में सरकारी योजनाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर संपन्न हुई। इसमें भारी संख्या में पंचायत वासी शामिल हुए। बैठक में बतौर मुख्यातिथि बरकट्ठा विधानसभा के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव और पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष, चन्दन देवी थी। अध्यक्षता पंसस प्रतिनिधि सन्तोष शर्मा व संचालन काली यादव ने की। बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि पिछले चार वर्ष में विकास कार्य ठप पडा हुआ है, जो भी छोटे कार्य किये जा रहें हैं उनमें भारी अनियमितता है। अधिकारी और पदाधिकारी बेलगाम हैं। भ्रष्टाचार इस कदर फैला हुआ है कि आप अंचल कार्यालय, प्रखंड कार्यालय कहीं भी जाएं लोगों की कोई नहीं सुनता, सिर्फ पैसा देने वालों का काम होता है। पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि जनता वर्तमान विधायक की कार्यशैली से परेशान हैं, उन्हें आज सहयोग करने वाला कोई नहीं है, अंचल कार्यालय, प्रखंड़ कार्यालय और थाना, राशन-किराशन सभी जगह दलाल फीट हैं। जो उन दलालों के माध्यम से काम कराएंगे उसका ही काम होगा बाकी काम नहीं हो पायेगा। इसी तरह आज चार साल बीतने को है, लेकिन विकास कार्य ज्यों का त्यों रुका हुआ है। लोग यदि अपने हक अधिकार के लिए आंदोलन करते हैं तो उनपर फर्जी मुकदमा दायर कर डराने की कोशिश की जा रही है, शायद उन्हें मालूम नहीं है कि मुकदमा से आंदोलन नहीं रुकता, फर्जी मुकदमा जल्द वापस ली जाए। मौके पर पूर्व मुखिया दशरथ यादव, दशरथ यादव, अर्जुन राणा, मनोहर चौधरी, पूर्व पंसस प्रतिनिधि द्वारिका पासवान, बिरेन्द्र यादव, पंसस रेशमी देवी, चिंता देवी सहित भारी संख्या में पंचायत की जनता उपस्थित थी।

## उत्तराखंड के सुरंग में फंसे मजदूरों के सकुशल आगमन पर पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय पहुंचे खीराबेड़ा

- मजदूरों का माल्यार्पण कर किया स्वागत, कहा अब आपको दूसरे राज्य जाने की नही पडेगी जरूरत, स्थानीय स्तर पर मिलेगा रोजगार

खबर मन्त्र संवाददाता


मजदूरों को सम्मानित करते।

**खीराबेड़ा के इन मजदूरों का हुआ रेस्क्यू**

खीराबेड़ा के अनिल बेदिया, राजेंद्र बेदिया, सुखराम बेदिया सहित 7 मजदूरों का सफल रेस्क्यू हुआ जो अब अपने परिजनों के साथ हैं। सभी को पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरूण कुमार सिन्हा ने सम्मानित किया। जिससे मजदूर काफी खुश नजर आए।

**रामगढ़।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी सुरंग में फंसे मजदूरों का रेस्क्यू होने के बाद ओरमांझी प्रखंड के 7 मजदूर वहां से अपने गांव खीराबेड़ा पहुंचे। जहां रविवार को एक कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरूण कुमार सिन्हा ने मजदूरों का माल्यार्पण कर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय ने कहा की हमलोग इस बात से काफी खुश हैं की आप सभी का सुरंग से सफल रेस्क्यू हुआ और आप अपने परिजनों के पास सकुशल पहुंचे। श्री सहाय ने कहा की सुरंग से सफल रेस्क्यू से आपको नया जीवन मिला है। कहा की राज्य सरकार द्वारा अब आपके लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार की व्यवस्था की जाएगी और आपको अब रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में नही जाना पडेगा। वहीं, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरूण कुमार सिन्हा ने कहा की खीराबेड़ा के मजदूरों की सुरंग से सफल रेस्क्यू से हम सभी काफी खुशी है। कहा की अब आप सभी को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलेगा। इफिको के मजदूर नेता आनंद प्रताप सिंह ने कहा की हम सभी को इस बात की खुशी है की उत्तरकाशी सुरंग में फंसे मजदूरों का सफल रेस्क्यू हुआ और आज वे लोग अपने गांव खीराबेड़ा में परिजनों के साथ हैं।

मौके पर अशोक गुप्ता, विधायक सलाहकार रमेश उरांव, शिबू साव, हरिप्रसाद यादव, चुन्ना बेदिया, रामकुमार बेदिया, आनंद प्रताप सिंह, विधायक प्रतिनिधि तुलसी, प्रेमनाथ मुंडा, धनंजय कुमार पुटूस सहित कई लोग मौजूद थे।

### ट्रेन हादसे में हुए युवक की मौत, घर में छाया मातम

**दारु।** प्रखंड क्षेत्र के बक्शीडीह निवासी अनुप राम उर्फ चमन पिता स्वर्गीय बुधन राम का देहांत ट्रेन हादसे में शुक्रवार की रात्रि को हो गयी। इस बारे मे परिजनों ने बताया कि गुरुवार को वह केरल काम करने के लिए जा रहा था जाने के क्रम में अचानक ट्रेन में ही उसकी तबीयत बिगड़ गई उसके साथ ही उसके बहनोई भी साथ थे उसके बिगड़ते हालात को देखकर पुनः दूसरी ट्रेन से लौट रहा था। गुमला के पास उसकी तबियत ज्यादा खराब हो गयी और अंदेशा लगाया जा रहा है की वह गेट के पास खड़ा होगा तभी संतुलन खराब होने से गिर कर बुरी तरह घायल हो गया। रेलवे को जानकारी मिलने के बाद उसे उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहाँ डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक चमन का बहनोई बिनोद राम भी साथ में मौजूद था। इस संबंध मे उसने कहा की बिजयबाडा स्टेशन पर उतर कर दुसरे ट्रेन से वापस आने लगा इस बीच ट्रेन में ही उसे फरका की बीमारी आ गई उसे देख वह बेहोश हो गया। जब उसे होश आया तब वह रांची पहुंच चुका था मुझे इसके बाद कुछ भी जानकारी नहीं है की हादसा कैसे हुआ। मृतक के घर यह खबर मिलते हि घर मे मातम छा गया और परिजनों का रो रो कर बहुत बुरा हाल था। मृतक के दो छोटे छोटे बच्चे है और उसकी पत्नी का रो रो कर बहुत बुरा हाल था। समाचार लिखे जाने तक मृतक का शव घर नही पहुंचा था।

## एक नजर में

### भाजपा की प्रचंड जीत से जश्न में डूबे भाजपाई


मनोज यादव।

**बरही।** मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान में भाजपा की प्रचंड जीत मिलने पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने खुशी का इजहार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर देश के लोगों का भरोसा बदस्तूर जारी है। इस दौरान पूर्व विधायक श्री यादव ने 3 राज्यों में बीजेपी को हासिल हुई बढ़त का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देते हुए बधाई दी है। पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि तीनों राज्यों में कमल खिलाने के लिए बीजेपी के एक एक कार्यकर्ता और विश्व के महान नेता युगपुरुष नरेंद्र मोदी को इसका सारा श्रेय जाता है। उनकी लोकप्रियता देश ही नही बल्कि पूरा विश्व लोहा मानता है। इधर तीन राज्यो में भाजपा को प्रचंड बहुमत मिलने पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष मुन्ना यादव, मनोज साव, एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक, मुखिया समशेर आलम, राजेन्द्र प्रसाद, विजय यादव, मंगलदेव यादव, नारायण यादव सहित अन्य लोगो ने बधाई दिया है।

### मतदाता सूची के निरीक्षण को लेकर झारखंड के मुख्य चुनाव आयुक्त ने मतदाता सूची का किया जांच


फटकार लगाते मुख्य चुनाव आयुक्त।

**कुजू।** मतदाता सूची के निरीक्षण को लेकर झारखंड के मुख्य चुनाव आयुक्त के रवि कुमार रविवार को कुजू पश्चिमी पंचायत भवन पहुंचकर मतदाता सूची का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कई त्रुटियां को देख मौके पर मौजूद पंचायत सचिव मनोरंजन शर्मा को फटकार लगाई। साथ ही उन्होंने पंचायत सचिव से फार्म संख्या 6, 7 और 8 की जानकारी ली। उन्होंने पंचायत सचिव सहित उपस्थित कर्मियों से घर-घर जाकर मतदाता सूची में सुधार करते हुए मतदाताओं को जागरूक करने का दिशा निर्देश दिया। मौके पर मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि मांडू प्रखंड में मतदाता सूची का निरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। जिसमें बहुत सारी खामियां देखने को मिली है। साथ ही सूची में फजीर्वाड़ा भी किया गया है। इसके सुधार के लिए निर्देश देकर कार्रवाई की जा रही है। सूची में छुटे हुए लोगों को जोड़ने कभी काम किया जा रहा है। मौके पर एसडीएम हजारीबाग सदर विद्या भूषण कुमार, जिला चुनाव अधिकारी मादेव प्रिया, मांडू प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोनगाड़ी, आईएस प्रोविजनल सुलोचना, मयंक भूषण पांडे आदि मौजूद थे।

### 20 में से 10 लोग पाये गये मोतियाबिंद के मरीज, 6 को ऑपरेशन के लिए भेजा जायेगा रांची


जांच करते डॉक्टर व उपस्थित क्लब के लोग।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के तत्वावधान में तीन दिवसीय मोतियाबिंद एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का शनिवार को ट्रेकर स्टैंड भुरकुंडा स्थित टॉपकान चश्मा दुकान में शुभारंभ हुआ। शिविर में डॉक्टर ने 20 लोगों के आंखों की जांच की। जिसमें 10 लोग मोतियाबिंद के मरीज पाए गए। क्लब की अध्यक्ष लायन माला शर्मा, सचिव रेखा वर्णवाल, कोषाध्यक्ष अंजू देवी ने बताया कि तीन दिवसीय शिविर के दूसरे दिन 4 दिसंबर सोमवार एवं तीसरे दिन 5 दिसंबर मंगलवार को टॉपकान चश्मा दुकान में 12 बजे से दोपहर 3 बजे तक आंखों की जांच की जायेगी। जिन मरीजों को आंखों की जांच मोतियाबिंद के लिए करनी हो वे उक्त शिविर का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय शिविर के तहत ट्रेकर स्टैंड भुरकुंडा स्थित राज नर्सिंग होम में ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर की नि:शुल्क जांच की जा रही है। अध्यक्ष माला शर्मा ने बताया कि शिविर में पाये गये मोतियाबिंद के मरीजों को 6 दिसंबर बुधवार को रांची निरामया लायंस अस्पताल में भेजा जाएगा। जहां 7 दिसंबर गुरूवार को उनके आंखों का सफल ऑपरेशन अनुभवी डॉक्टर द्वारा किया जायेगा। इस दौरान मरीजों के आने-जाने, रहने-खाने की पूरी व्यवस्था नि:शुल्क होगी। क्लब के लोगों ने भुरकुंडा कोयलांचलवासियों से शिविर का लाभ उठाने की अपील करते हुए अधिक जानकारी के लिए टॉपकान के मुमताज से मो. 8092566334 और राज नर्सिंग होम के प्रोपराइटर लायंस राजेंद्र महतो के मो. 9631465521 पर संपर्क करने की बात कही है। शिविर को सफल बनाने में लायन अशोक सिन्हा, निर्मल अग्रवाल, विजय वर्णवाल, अखिलेश शर्मा, राजेश अग्रवाल, विजयंत कुमार, राजेंद्र महतो संजय सिंह, शिवा प्रसाद आदि जुटे हैं।

### सबों को एक सूत्र में पिरोकर महासभा को बलुंदियों तक पहुंचाने का करूंगा कार्य : प्रशांत कुमार

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्रीश्री चित्रगुप्त मंदिर रिवर साइड भुरकुंडा में रविवार को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा युवा प्रकोष्ठ के नवनियुक्त रामगढ़ जिलाध्यक्ष प्रशांत कुमार का जोरदार स्वागत हुआ। इस दौरान बामेश्वर प्रसाद व सतीश सिन्हा ने प्रशांत कुमार को फूल माला पहनाकर एवं मुन्ना श्रीवास्तव ने अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत करते हुए सम्मानित किया। इधर सांसद जयंत सिन्हा ने दूरभाष पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्रशांत कुमार ने सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि आपसबों के उम्मीदों पर खरा उतरना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को एक सूत्र में पिरोकर कायस्थ महासभा को और बुलंदियों तक ले जाने कार्य करूंगा। इधर भुरकुंडा चित्रांश परिवार के लोगो ने चित्रांश परिवार के उत्थान की कामना करते हुए प्रशांत कुमार को युवा प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के रामगढ़ जिलाध्यक्ष अरूण कुमार सिन्हा के प्रति आभार जताते हुए धन्यवाद दिया।

## जेएसपी पतरातु में अंतरराष्ट्रीय दिब्यांग दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

- मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म : पीयूष पांडेय
- कटी केक बंटी मिठाई, दिब्यांग बच्चों के बीच एसपी ने उपहार का किया वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



दिव्यांग बच्चों के साथ केक काटते मुख्य अतिथि एसपी पीयूष पांडेय।



सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करते दिव्यांग बच्चे।

**बासल (रामगढ़)।** जेएसपी पतरातु में अंतराष्ट्रीय दिब्यांग दिवस के अवसर पर रविवार को जिंदल क्लब में दिब्यांगों के लिए विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक रामगढ़ पीयूष पांडेय ने आशा दी होप के दिब्यांग बच्चों के साथ केक काटकर किया। बताते चलें कि आशा दी होप जेएसपी फाउंडेशन द्वारा संचालित दिब्यांग बच्चों का प्रशिक्षण केंद्र है। जिसका स्थापना जिंदल फाउंडेशन के अध्यक्षा शालू जिंदल के पहल पर की गई है। कार्यक्रम में दिब्यांग बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य एवं प्रेरणादायक नाटक की प्रस्तुति से मुख्य अतिथि पीयूष पांडेय, प्लांट प्रमुख आशीष जैन, एचआर हेड अजय झा सहित तमाम अधिकारियों, कर्मचारियों व बच्चों के अभिभावकों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के उद्देश्यों के संदर्भ में सीएसआर विभाग द्वारा प्रकाश डाला गया और विभाग के माध्यम से चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय ने जेएसपी फाउंडेशन द्वारा संचालित कार्यक्रमों व योजनाओं की प्रशंसा करते हुए कहा की मानव सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं। मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने कहा कि जिंदल कंपनी बिलकुल पूरे प्रतिबद्धता के साथ क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और लोगों को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रही है। एसपी श्री पांडेय ने आशा दी होप केंद्र का भी भ्रमण कर वहां बच्चों को दी जा रही सुविधाओं को देखा और प्रशंसा की। साथ ही ऐसे संस्थान के स्थापना करने व कल्याणकारी योजनाएं संचालित करने के लिए शालू जिंदल का धन्यवाद किया। मौके पर प्लांट हेड आशीष जैन ने सीएसआर विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए कहा की जिंदल कंपनी जिंदल फाउंडेशन के माध्यम से निरंतर क्षेत्र में शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। जिससे क्षेत्रवासियों लाभ तो मिल ही रहा है लोगों का आर्थिक विकास भी हो रहा है। उन्होंने कहा की हमारा प्रयास होगा कि इस तरह का कार्यक्रम का आयोजन आगे भी होता रहे। कार्यक्रम में दिब्यांग बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप उपहार भी मुख्य अतिथि के हाथो प्रदान किया गया। साथ आशा दी होप में बेहतर कार्य करने वाले सदस्यों बधाई दी और प्रोत्साहन के लिए उपहार दिया गया। बताया गया कि दिब्यांगो के पुनर्वास व उत्थान के लिए जेएसपी फाउंडेशन को ग्रीन टेक सीएसआर इंडिया अवार्ड से भी नवाजा गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में एचआर हेड अजय झा का सराहनीय योगदान रहा। मौके पर विभिन्न विभागों के प्रमुख सहित दर्जनों अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थें।

## स्पीड न्यूज

### लोहरदगा पहुंचा अयोध्या से आया अक्षत



**लोहरदगा।** एक लाख परिवारों को श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण दिया जायेगा। उक्त बातें विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के जिलाध्यक्ष राम लखन साहू ने बताते हुए बताया कि आगामी 4 से 10 दिसंबर जिला में बैठक, 12 से 17 प्रखंड में बैठक एवं 18 दिसंबर से 24 तक पंचायत बैठक की जायेगी। साथ ही 22 दिसंबर को गीता जयंती/शौर्य दिवस पर लोहरदगा के सभी प्रमुख मंदिरों में श्री हनुमान चालीसा पाठ महाआरती का आयोजन किया जायेगा।

### भाजपा की जीत पर सांसद ने दी बधाई

**गुमला।** सांसद सुदर्शन भगत ने तीन राज्य में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर प्रदेशवासियों को बधाई दिया है।उन्होंने कहा कि यह ट्रेलर था 2024 में फाइनल रिजल्ट देश की जनता देगी। और नरेंद्र मोदी की नेतृत्व में पुनः सरकार बनेगी चुकी यह मोदी की गारंटी है।

### अल्बर्ट एक्का को दी गयी श्रद्धांजलि

**गुमला।** झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन ने झारखंड के लाल परमवीर चक्र विजेता लांस नायक अल्बर्ट एक्का के पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर संगठन के अध्यक्ष हेमंत कुमार ने कहा गुमला बीरो की भूमि है। शहीद अल्बर्ट एक्का पर हमें गर्व है और वह भी आदिवासी समाज से आते हैं। संरक्षक अमित एक्का ने कहा शाहीद अल्बर्टा एक्का आदिवासी समाज से आते हैं आदिवासी होना गर्व की बात है। झारखंड क्रिश्चियन यूथ संगठन के उपाध्यक्ष रॉबर्ट टोप्पो सुनील कुमार एंथोनी लकड़ा सेट कुमार एक्वा चंदन डोमिनिक मिंज, होशियाना तिर्क, हिलेरियस लकड़ा, आदिवासी विकास परिषद के थियोफिल आदि थे।

### अयोध्या से पूजित अक्षत पहुंच गुमला



**गुमला।** अयोध्या से पूजित अक्षत राम भक्त हनुमान की जन्मस्थली अंजन धाम लाया गया। विहिप प्रांत कार्यालय से अक्षत लेकर आरएसएस के विभाग सह मंत्री केशव चंद्र साय गुमला पहुंचे थे। अक्षत के साथ 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए आमंत्रण पत्र जिला के हर घर में विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ता 01 से 15 जनवरी तक पहुंचायेंगे। मौके पर मनोज वर्मा, किशोरी प्रसाद आदि थे।

### ऑटो पलटने से नौ घायल, एक रिम्स रेफर

**गुमला।** गुमला–घाघरा रोड में दोदांग ढलान के समीप ऑटो के पलटने से ऑटो में सवार नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से सदर अस्पताल गुमला लाया गया। जहां सभी का इलाज चल रहा है। घायलों में छोटा अंबवा निवासी जमुना देवी, झलकु नायक, ललकु नायक, ललिता देवी, अनीता देवी, बुधु देवी, पालकोट निवासी कृष्णा नायक, ढाई वर्षीय कृयांश राज और रंजू देवी शामिल है। सभी घायल एक ही परिवार के लोग हैं और दाह संस्कार कार्य में शामिल होने घाघरा प्रखंड के कुराग गांव गये थे। वहां से वापसी के क्रम में दोदांग ढलान में ऑटो चालक ने एक गाय को टक्कर मार दिया।

### परमवीर अल्बर्ट एक्का को दी श्रद्धांजलि




**गुमला।** अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा चैनपुर के बैनर तले पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत चैनपुर चौक स्थित परमवीर शहीद अल्बर्ट एक्का की मूर्ति पर पुष्पांजलि कर पार्टी नेताओं ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मौके पर माले के प्रमंडल प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय सिंह ने कहा कि परमवीर अल्बर्ट एक्का के गृह अनुमंडल क्षेत्र वर्तमान में पूरी तरह लुटेरों की चपेट में है। यही कारण है कि विकास के नाम पर लूट मची है और सत्ताधारी पार्टिया लुटेरों से हिस्सा लेकर संरक्षण देने में लगे हैं। मौके पर फबयानुस सारस, फिलमोन कुजूर, रीमिस कुजूर, शंकर उरांव, परमेश्वर भगत, धर्मपाल उरांव, सरवन उरांव, अशोक उरांव, शिव प्रसाद साहू, बसंत बड़ाइक, सुमन एक्का, सूर्यवती देवी थे।

### अल्बर्ट एक्का को चेंबर सदस्यों ने दी श्रद्धांजलि



**गुमला।** चैंबर ऑफ कॉमर्स गुमला ने रविवार को लांस नायक अल्बर्ट एक्का के शहादत दिवस पर उनके आदम कद प्रतिमा पर चेंबर के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। चेम्बर अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने कहा कि लांस नायक अल्बर्ट एक्का का जन्म 27 दिसंबर 1942 को झारखंड के गुमला जिले के जारी गांव में हुआ था। वह एक भारतीय सैनिक थे। उनके अदम्य साहस के कारण ही 1971 के युद्ध में भारत ने पाकिस्तान को शिकस्त दी थी। इस युद्ध में 3 दिसंबर 1971 को अल्बर्ट एक्का शहीद हुए थे। उनके मरणोपरांत उन्हें देश की सर्वश्रेष्ठ सम्मान परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था। सचिव बबलु वर्मा ने कहा हम सभी गुमलावासीयों के लिए बहुत ही गर्व की बात है कि परमवीर अल्बर्ट एक्का हमारे जिले का नाम रौशन किए। आज उन्ही नाम पर गुमला जिले में एक नया प्रखंड का निर्माण परमवीर अल्बर्ट एक्का जारी के नाम पर हुआ। मौके पर चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा, वरीय उपाध्यक्ष राजेश सिंह, अभिजीत जायसवाल रॉकी, सचिव बबलु वर्मा, पी आर ओ आदित्य गुप्ता, प्रणय कुमार, रितेश गुप्ता, अजय सिंह राणा आनंद गुप्ता, श्याम गुप्ता, मनीष गुप्ता एवं अन्य मौजूद थे।

# तैयारी पिकनिक की... पर्यटकों को अपनी प्राकृतिक खूबसूरती से लुभा रहा धरधरिया जलप्रपात, खराब सड़क बना विकास में रोड़ा

■ पर्यटन स्थल होने के बावजूद 15 सालों से एक अच्छी सड़क निर्माण की बाट जोह रहा है जलप्रपात

**रोशन शाहदेव**

**लोहरदगा।** जिले में मौसम बदलते ही लोग पर्यटन स्थल की ओर रुख कर रहे हैं लेकिन खराब सड़क के कारण लोग पर्यटन स्थल तक काफी कम पहुंच रहे है। किसी क्षेत्र का विकास का पैमाना उस क्षेत्र के सड़क से की जाती हैं लेकिन सड़क ही खराब हो तो उस क्षेत्र का विकास का अंदाजा आप लगा सकते हैं।

पर्यटन स्थल होने के बावजूद 15 सालों से एक अच्छी सड़क का निर्माण नहीं हो पाया है। जिससे सेन्हा प्रखंड में स्थित धरधरिया जलप्रपात के विकास और पर्यटको में लगातार गिरावट देखी जा रही है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण आज विकास की कई योजनाओं से वंचित है पूरा क्षेत्र। सेन्हा प्रखंड के नक्सल प्रभावित क्षेत्र उरू चटकपुर गांव में स्थित धरधरिया जलप्रपात का दृश्य मन को प्रफुल्लित करता है।

**जलप्रपात की खास बातें :** पर्यटक सेन्हा के धरधरिया जलप्रपात में नये साल के मौके पर प्रकृति की गोद में उत्सव मनाने पहुंचते हैं। यहां ऊंचाई से गिरता पानी और पहाड़ की सुंदरता मन को आनंदित करती है। नव वर्ष को लेकर धरधरिया को पर्यटकों का इंतजार रहता है। पर्यटक भी धरधरिया के दीदार को बेताब रहते हैं लेकिन खराब सड़क के कारण बहुत कम लोग ही पर्यटन स्थल की ओर रुख करते हैं। नये साल में यहां पर्यटक पहुंचते है लेकिन यहां की खराब सड़के से निराश होते है यहां का नजारा अपने आप में बहुत अद्भुत है जो एक बार यहां आ जाये, वह यहां की तस्वीरों को अपने कैमरे में कैद किए बिना नहीं रह सकता युवा यहां आपको जलप्रपात का दीदार कर सेल्फी लेते दिख जायेंगे। जलप्रपात में वातावरण की सुंदरता, चिड़ियों की चहचहाहट और प्रकृति ने तो जैसे यहां गहना पहन रखा है खूबसूरती का।



मनमोहक दृश्य

**परेशानी :** लोहरदगा जिले के सेन्हा प्रखंड अंतर्गत धरधरिया जलप्रपात की यही खासियत है लेकिन जिला प्रशासन की उदानसीनता के कारण कई साल बीत जाने के बाद भी सड़क निर्माण नहीं हो रही है जिससे ग्रामीण भी परेशान नजर आते हैं।

**बदलाव :** हम सभी ने यह नाम पहले जरूर सुना होगा, पर शायद उस समय इस नाम से खौफ का अहसास होता होगा। मई 2011 में धरधरिया जलप्रपात में पुलिस और नक्सलियों के मुठभेड़ और विस्फोट में 11 जवान शहीद हो गये थे लेकिन अब जिले से जब से उग्रवाद कम हुई है तस्वीरें बदलने लगी है।

**आकर्षण :** जिला मुख्यालय से 24 किमी दूर स्थित यह पर्यटन स्थल आज फिर से गुलजार हो चुका है। क्षेत्र की रौनक लौट आयी है। पर्यटकों का यहां आना-जाना भी बढ़ा है। जिला प्रशासन क्षेत्र को पर्यटन विकास के दृष्टिकोण से देख रही है।

**समस्याओं से जूझ रहा धरधरिया**

धरधरिया जलप्रपात में विकास के कार्य हो रहे हैं लेकिन सुविधाओ का घोर अभाव है वाटरफॉल तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क ही नहीं है अरु चौक से लेकर तोराड़ चौकनी और धरधरिया वाटरफॉल तक सड़क की स्थिति काफी खराब है जिसमे लोगो को 2 घंटे का समय लग जाता हैं जिसके कारण पर्यटक बहुत कम इस वाटरफॉल में नजर आते है। पिछले 15 सालो से सड़क का न तो निर्माण हुआ है और न ही मरम्मत जिसके कारण लोगों को मुख्यालय तक आने में भी समस्या का सामना करना पड़ता है। जलप्रतात के सटे साके गांव के निवासी रतु उरांव बताते हैं गांव और मुख्यालय तक जाने के लिए कोई खास सड़क है नही नदी में पुल नही और सड़क का निर्माण ही नहीं हो रहा है जिससे ग्रामीण को मुख्यालय तक जाने में समस्या होती है खराब सड़क के कारण पर्यटक भी जलप्रपात में कभी कभार आते हैं जिला प्रशासन भी इसपर ध्यान नहीं दे रही है। जिसके कारण सड़क निर्माण नही हो रही है।



बदहाल सड़क

छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश में भाजपा की जीत पर बोले सांसद सुदर्शन भगत

## पीएम मोदी की गारंटी को देश ने माना, विकास की हुई जीत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** चार राज्यों के विधानसभा चुनाव की मतगणना हुई, जिसमें तीन राज्यों में छत्तीसगढ़, राजस्थान एवं मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत के साथ जीत मिली। जिसे लेकर जिला भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा खुशी व्यक्त करते हुए स्थानीय पावरगंज चौक में विजय उत्सव मिठाई खिलाकर, एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकरऔर युवाओं के द्वारा पटाखे की आतिशबाजी कर जश्न मनाया गया। मौके पर भारत माता की जय, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाकर खुशियां मनाई। इस मौके पर लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत ने कहा की प्रधानमंत्री मोदी जी को देश ने गारंटी के रूप में माना हुई विकास की जीत है। भारतीय जनता पार्टी विकास की राजनीति करती है। अपने वादे एवं घोषणाओं को पूरा करती है।



पार्टी की जीत पर विजयी प्रदर्शन करते भाजपा समर्थक।

**खास बातें :** महिलाएं भाजपा के शासन में सुरक्षित समझती हैं साथ ही स्वालंबी होने का मार्ग प्रशस्त करती हैं उन्हें समग्र क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। यही कारण है कि आज तीन-तीन राज्यों में प्रचंड बहुमत से विजय का परचम लहराया है। देश की जनता समझदार है वह जानती है की किस प्रकार से सत्ता पाने के बाद कांग्रेस गुमराह की राजनीति करती है भ्रष्टाचार की बड़ी सीमाएं लगी जाती है। उनके नेता, मंत्री अपने परिवार अर्थव्यवस्था को शुद्ध करने में लगे रहते हैं जनता की बदहाली जिंदगी व्यतीत करने के लिए छोड़ दिया जाता है।

## अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता से बच्चों में हो रहा है उत्साह का संचार : प्रमुख

तीन दिवसीय अंतर विद्यालय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** रन्हे स्टेडियम में चिल्ड्रेन एकेडमी द्वारा चल रहे तीन दिवसीय अंतर विद्यालय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन रविवार को हुआ। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख सविता देवी, विधायक प्रतिनिधि संजीव उरांव, थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी कल्याणकारी मानव विकास संस्थान सचिव अनिरुद्ध चौबे शिक्षक चैत टोप्पो, भवानी प्रसाद राय,अजय कुमार साहू ने संयुक्त रूप से प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद और शहीद अल्बर्ट एक्का के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पण किया।

इस क्रम में 1600 मीटर रिले रेस, फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल हुआ। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि अंतर विद्यालय प्रतियोगिता होने से बच्चों में एक नया हौसला उमंग देखने को मिलता है। थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में छुपी हुई प्रतिभा सामने आती है बच्चे नशापन से दूर होकर खेल को खेलें। हारे हुए टीम को हताश न होकर निरंतर प्रयासरत रहने की जरूरत है। आप बेहतर करें और अपने विद्यालय के साथ-साथ अपने प्रखंड जिला राज्य व देश का नाम रोशन करें। कई अन्य अतिथियों ने भी संबोधन किया।



कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि।

### हमारे भारत के मन में मोदी : बिंदेश्वर उरांव



**भंडरा।** राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में भाजपा की जीत से उत्साहित भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव ने कहा है कि इन नतीजों से साफ है कि भारत के मन में मोदी है। मोदी के मन में भारत है। उन्होंने कहा कि कमल खिलने का मतलब सुशासन और विकास की गारंटी है। कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व का पूरे देश की राजनीति में डंका बज रहा है आज पूरे आत्मविश्वास से हम कह सकते हैं कि भारत के मन में मोदी जी हैं और मोदी जी के मन में भारत है।मध्य प्रदेश में हमारी सरकार प्रचंड बहुमत के साथ फिर वापस आ रही है।

## भाजपा की प्रचंड जीत पर भाजपाइयों ने बाटी मिठाइयां, दी जीत की बधाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा भाजपा कार्यालय के समीप भाजपाइयों ने तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत पर रविवार की शाम मिठाइयां बांटी और एक दूसरे को बधाई दी।बता दे कि चुनाव परिणाम में 3 राज्य में भाजपा की जीत की खबर आने के बाद घाघरा भाजपा कार्यालय के समीप भाजपा कार्यकर्ता इकट्ठा हुए और बधाइयां देते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाई।

मौके पर वरिष्ठ भाजपाई रामनंदन साहू ने कहा मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के चुनाव परिणाम से यह संकेत मिल चुका है कि आगामी लोकसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत से पुनः भाजपा केंद्र में सरकार बनाएगी और एक बार फिर माननीय नरेंद्र मोदी जी देश के प्रधानमंत्री की कुर्सी संभालेंगे। वहीं भाजपाई मुरली मनोहर सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सनातन विरोधी जो कार्य कर रही है। जिससे सनातनियों के मन में इतना क्रोध है कि सभी जगह से कांग्रेस को उखाड़ फेंकेंगे।



## लगातार 77वें सप्ताह सेवा भारती ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा ने चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार 77वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिलाध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किया। इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 45 लोगों ने अपना स्वास्थ्य की जांच कर लाभान्वित हुए। जिलाध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा की जरूरतमंदों एवं असहयों की सेवा करना ही हम सभी का पहला धर्म है। इनकी जितनी सेवा की जाए कम ही है। डॉ कुमुद ने कहा की इस बढ़ते ठंड पर अपने स्वास्थ्य के प्रति खास ध्यान रखना चाहिए,खास करके बच्चों एवं बुजुर्गों को ठंड से बचने की अति आवश्यकता है। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल एवं शशि भूषण सिंह ने कहा कि 1 जून 2022 से निरंतर चल रहे प्रत्येक सप्ताह स्वास्थ्य शिविर में काफी दूर-दूर से लोग शिविर में चेकअप करा कर संतुष्ट हैं।




### दिव्यांग मतदाता को डीसी ने किया सम्मानित



**लोहरदगा।** मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2024 अंतर्गत दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष कैम्प आयोजित किये गए।इस मौके पर उपायुक्त–सह–जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण नगर परिषद क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में आयोजित कैंप में शामिल हुए और दिव्यांग मतदाता को मतदाता सूची में नाम जुड़ने पर सम्मानित किया। कैम्प में अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा भी दिव्यांग मतदाता को सम्मानित किया गया। पूरे जिला भर में दिव्यांगों के लिए कैम्प आयोजित किये गए जिसमें नाम जोड़ना, त्रुटि सुधार, विलोपन आदि के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी–सह–निर्वाचक निबंधन पधाधिकारी अमित कुमार, संबंधित बीएलओ व दिव्यांग मतदाता उपस्थित थे।

## अंबेरा हाटी के खलिहान में लगी आग, पुआल जलकर राख

■ अगलगी से किसानों को हजारों का नुकसान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** थाना क्षेत्र के उदरंगी पंचायत की हाटी कुम्बटोली गांव में रविवार की दोपहर एक खलिहान में अचानक आग लगने से गांव के किसान कर्मा महतो व रामपति उरांव का करीब 15 हजार के पशु चारा पुवाल जलकर राख हो गया। पारा शिक्षक सोहराई उरांव, शनीचरिया उरांव ने ग्रामीणों की मदद से पंप सेट का सहयोग लेकर घंटों मशकत के बाद आग को बुझाया। सूचना के बाद अग्नि शामक की गाड़ी एक घंटे देर से पहुंची। अग्नि शामक के आने तक ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया था। ग्रामीणों के पहल से पास रखे कई अन्य किसानो के धान व पुवाल को जलने से बचा लिया गया। आगजनी में गांव के कर्मा महतो का 8 हजार के पुवाल, रामपति उरांव के करीब सात हजार पुवाल जल कर रख गया है।



### आजसू जिला सचिव के बड़े पिताजी के निधन, शोक

**कैरो।** प्रखंड के उतका निवासी आजसू जिला सचिव सह सीबीएन रेसिडेंशियल पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर बिपिन कुमार सिंह के बड़े पिताजी 70 वर्षीय अनंत कुमार सिंह का आकस्मिक देहांत बीती रात हो गई। जिसका अंतिम संस्कार कंदनी नदी किनारे रविवार को पूरे बिधि विधान के साथ संपन्न हुआ। अनंत सिंह के मृत्यु पर क्षेत्र में शोक की लहर है। अंतिम संस्कार में उपस्थित होकर शोक व्यक्त करने के लिए टाटी, खरता, नरौली, उतका, कैरो, नयाटोली, चाल्हो, हनहट

## परमवीर अल्बर्ट एक्का को जिले के अधिकारियों ने किया नमन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** परमवीर चक्र विजेता लांस नायक अलबर्ट एक्का की शहादत दिवस पर जगह जगह श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम परिसर में स्थित अलबर्ट एक्का के प्रतिमा पर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, एसपी हरविंदर सिंह सहित जिले के अधिकारियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। अधिकारियों ने अलबर्ट एक्का के शहादत को याद किया। बारी बारी से सभी अधिकारियों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।इस दौरान भूतपूर्व सैनिक संघ के सदस्य भी मौजूद थे। संघ के सदस्यों ने उपायुक्त को कई सुझाव दिए। बताया कि प्रतिमा के समक्ष रोड साइड में दुकान लगा दिया जाता है।



### मूक बधिर स्कूल में जागरूकता शिविर आयोजित



**गुमला।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर सौ दिवसीय आउटरीच कैंपेन के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ने मूक बधिर स्कूल गुमला के बच्चों के बीच जागरूकता शिविर लगाया। जिसमें डालसा के लीगल एड अधिवक्ता बुद्धेश्वर गोप और जितेंद्र कुमार ने बच्चों के साथ बातचीत की और उन्हें समझाया कि विकलांगता एक सामाजिक कलंक नहीं है और दिव्यांगजन भी अन्य लोगों की तरह समाज में एक सामान्य तथा अच्छा जीवन जीने के हकदार हैं। बच्चों को बताया कि किस तरह वह वे अपने जीवन के तौर तरीके को बेहतर बनाकर एक सेहतमंद तथा आत्म सम्मान से भरा हुआ जीवन जी सकते हैं। बच्चों को कानूनी जानकारी भी दी गयी तथा उनके अधिकारों के बारे भी जागरूक किया। ज्ञात हो कि डालसा गुमला ने जागरूकता कार्यक्रम 100 दिवसीय आउटरीच कैंपेन के तहत गुमला जिले के विभिन्न गांव, ब्लॉक, जेल, संप्रेषण गृह तथा अन्य जगहों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

जीवन ने जरूरतमंदों को दिया वस्त्र दान, ठंड से ठिठुरते लोगों को मिली राहत

## जीवन का यह सामाजिक कार्य अनुकरणीय : मनीष चंद्र लाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** परमवीर अलबर्ट एक्का के शहादत दिवस पर अपने सामाजिक दायित्वों का लगातार निर्वहन करने वाली प्रसिद्ध सामाजिक संस्था जीवन ने जरूरतमंदों के लिए वस्त्र दान कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष चंद्र लाल, संस्था के संरक्षक सह पूर्व विधायक कमलेश उरांव, संरक्षक प्रोफेसर अमिताभ भारती, हरिओम सुधांशु, शैल मिश्रा, मनमोहन केशरी व प्रवीण ओहदार ने भी वृद्धों व विकलांग लोगों को शॉल ओढ़ाकर व कंबल वितरण करते हुए किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष चंद्र लाल ने अपना उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि जीवन का यह कार्य काफी सराहनीय है।



गरीबों के बीच वस्त्र का वितरण करते जीवन के सदस्य।

**खास बातें :** यहां आने के बाद मुझे रक्तदान के क्षेत्र में जीवन के कार्यों की जानकारी मिली। जिससे वह काफी प्रभावित है। ठंड के मौसम में जरूरतमंदों के बीच गर्म कपड़ों का वितरण काफी सराहनीय है। उल्लेखनीय है कि जीवन के कार्यकर्ताओं द्वारा परमवीर अल्बर्ट एक्का के शहादत दिवस 3 दिसंबर को वस्त्र दान के साथ ही लगातार रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जीवन के कार्यकर्ता पुराने वस्त्रों तथा कपड़ा दुकानों में रखें ओल्ड स्टॉक के नए कपड़े संग्रहित किया जाता है। इसमें कंबल, जैकेट, स्वेटर, फ्रॉक, साड़ी, शर्ट, जींस पैंट आदि शामिल है।

## खेल बच्चों में आत्मविश्वास और उत्साह को देता है बढ़ावा : विनय

■ डीएवी स्कूल में तीन दिवसीय कलेक्टर स्तरीय प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स के अंतर्गत कलस्टर स्तर की अंडर 14, 17 और अंडर 19 फुटबॉल, बेडमिंटन और टेबल टेनिस की प्रतियोगिताओं का रंगारंग शुभारंभ हुआ। बताते चलें कि अगले तीन दिनों तक विद्यालय में कलस्टर स्तर के नौ विद्यालयों के लगभग 300 प्रतिभागी इस खेल महोत्सव में भाग लेंगे।

मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष विनय लाल जी, देवसागर सिंह जी, एचके साही, एमके घोष, डीएवी पब्लिक स्कूल सिमडेगा के प्राचार्य राकेश शर्मा जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। सर्वप्रथम सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर इस खेल महोत्सव का शुभारंभ किया। विद्यालय के छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। श्री विनय कुमार लाल जी ने आगंतुक सभी खिलाड़ियों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का अहम हिस्सा होता है। यह बच्चों के भीतर आत्मविश्वास और साहस को बढ़ावा देता है। डीएवी स्कूल गुमला सौभाग्यशाली है कि उसे इस खेल महोत्सव को आयोजित करने सुनहरा अवसर मिला।



प्रतियोगिता का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करते अतिथि।

## स्पीड न्यूज

### मुखिया ने कराया घायल पशु का इलाज



इलाज कराते मुखिया

**कांडी।** पंचायत मुखिया विजय राम का पशु प्रेम देखने को मिला। जब उन्होंने अन्य लोगों के साथ मिलकर एक लावारिस घायल पशु का अपने स्तर से इलाज कराया। मुखिया ने बताया कि उक्त पशु का दाहिना पैर कटने से जख्मी हो गया था। चलने पर उस जख्म से खून निकल रहा था। उक्त पशु का वह जख्म बहुत दिनों से था। जो अब गंभीर रूप ले लिया था। मैंने आज जब उक्त पशु पर यान गया तो देखा कि उसके पैर में जख्म गंभीर है। जिसके बाद मैंने पशु चिकित्सक से संपर्क किया। जिसके बाद ड कामता प्रसाद सिंह को बुलाकर और दवा दुकान से दवा वगैरह खरीद कर उसका इलाज कराया। मुखिया के इस पशु प्रेम की चर्चा काफी हो रही है। पशु का इलाज कराने में मुखिया का सहयोग प्रकाश कुमार, विनोद कुमार, सतेंद्र कुमार, मनोज कुमार सहित कई अन्य ने किया।

### सड़क दुर्घटना में घायल



इलाज करते चिकित्सक

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के टाउनशिप के दुलहर पुलिया के समीप रविवार की दोपहर में बाईक अनियंत्रित होकर पलटने से सिंदुरिया निवासी संतोष बहादुर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां पर सीएचओ की देखरेख में इलाज जारी है।

### जिप उपाध्यक्ष ने किया इटखोरी प्रीमियर लीग का उद्घाटन



**इटखोरी।** इटखोरी हाई स्कूल के मैदान में रविवार को इटखोरी प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनार्मेंट का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन मैच में इटखोरी की टीम सिंदू 11 की टीम को पराजित किया। मैच आरंभ होने से पहले मुख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने टूनार्मेंट का उद्घाटन किया। इससे पूर्व अतिथियों ने दोनों टीम के खिलाड़ियों से एक-एक कर परिचय लिया। टूनार्मेंट आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि विजेता टीम को कप के साथ पन्द्रह हजार रुपए का नगद पुरस्कार भी दिया जाएगा। उपविजेता टीम को कप के साथ सात हजार, मैन ऑफ द सीरीज तथा सभी मैचों के मैन ऑफ द मैच बनने वाले खिलाड़ियों को भी शील्ड देकर सम्मानित किया जाएगा।

### सेरनदाग में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का गठन



**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पोकला उर्फ कसियाडीह पंचायत के सेरनदाग में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के बैनर तले पँचायत स्तरीय हिंदूवादियों की बैठक हुई। बैठक में सनातन धर्म की बढ़ावा देते हुवे विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की मजबूती पर विशेष चर्चा किया गया। साथ ही हिन्दू बेटी की रक्षा के प्रति भी विशेष चर्चा हुई। ततपश्चात कमिटी का हुवा गठन, जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष विजय कुमार साहू, उपाध्यक्ष भरत भास्कर, होरिल साहू, मनीष कुमार, मंत्री गणेश कुमार साहू, सह मंत्री सुरेश कुमार, संजय कुमार महतो, संतोष कुमार, सत्संग प्रमुख हेमराज कुमार साहू, अजय कुमार साहू, मातृ शक्ति संयोजक बेबी कुमारी, उप मातृ शक्ति संयोजक दुर्गा देवी को चयन किया गया।

### किसानों के बीच बीज एवं कीटनाशक का वितरण




वितरण करते किसान मित्र

**भवनाथपुर।** प्रखंड के कैलान पंचायत सचिवालय में रविवार को किसान मित्र प्रेम यादव की अध्यक्षता में किसानों के बीच बीज एवं कीटनाशक का वितरण किया गया। बीटीएम राकेश रजक, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव एवं कैलान पंचायत मुखिया सुकनी देवी ने 135 किसानों के बीच सरसों बीज का वितरण किया। मौके पर बीटीएम राकेश रजक ने किसानों के बीच सरसो के खेती करने के विस्तृत जानकारी दी एवं दवा उपयोग करने का तरीका बताया। वितरण के दौरान झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि सरकार ने किसानों को सरसों बीज उपलब्ध कराया गया है।

# 25 हजार नगद सहित करीब 70 हजार की संपत्ति चोर ले भागे

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** थाना क्षेत्र के खुटहेरिया पंचायत सह गांव के दूरबिजवाडीह टोला निवासी गीता देवी पति रामचंद्र विश्वकर्मा के घर में अज्ञात चोरों ने नगद 25 हजार सहित लगभग 70 हजार की संपत्ति की चोरी कर फरार हो गए। घटना शनिवार की रात्रि की बताई जा रही है। पीड़िता ने बताया कि मैं जरूरी काम को लेकर एक दिन पूर्व एक निजी फाइनांस कंपनी से लोन पर 25 हजार रुपया ली थी। घटना की सूचना पाकर



बिखरा पड़ा सामान

एसआई राहुल ने घटना स्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल करते हुए चोरों के विरुद्ध छापामारी शुरू कर दिए हैं। घटना के समय पीड़िता गीता देवी घर में अकेली थी। जबकि 13 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार बगल के दूसरे घर में अपनी दादी के साथ सोने चला गया था। पीड़िता ने बताया कि मैं प्रतिदिन की तरह खाना खाकर सो रही थी। आाी रात के बाद कोई दरवाजा खटखटाया, मैं सोची की बेटा कोई काम से आया होगा मैं दरवाजा खोल दी। जिसके बाद एक आदमी जो अपना चेहरा को कपड़ा से ढक रखा था। उसने मुझे पकड़ कर चौकी पर बैठा दिया। चोर ने दोनों कान से सोने का टप और पैर से एक जोड़ा पायल निकाल लिया। नाक से कील भी निकालने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं निकला। उसके बाद वह दूसरे कमरे में रखे बक्सा से 25 हजार रुपया भी निकाल लिया।

तीन बजे सुबह में आवाज देकर अगल बगल के लोगों को इस घटना की सूचना दिया। इस संबंध में खुटहेरिया पंचायत उतरी क्षेत्र के बीडीसी अभिनंदन शर्मा ने कहा कि पिछले एक महीना के अंदर पंचायत क्षेत्र में लगातार पांच चोरी होने से लोग डरे और सहमें हुए हैं। अभी तक एक भी चोरी जा उद्भेदन नहीं होने से लोगों के बीच पुलिस के प्रति रोष व्याप्त है।

# प्रेम प्रसंग में महिला की पत्थर से कूच कर हत्या, आरोपी प्रेमी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** सिमरिया अनुमंडल के लावालौंग में पुलिस ने एक महा पूर्व हुए महिला की संदेहास्पद स्थिति में हत्या मामले का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए महिला के हत्यारे निरज कुमार वर्मा को पलामू जिले के दारूडीह स्थित घर से गिरफ्तार किया हैं। इस दौरान गिरफ्तार हत्यारे प्रेमी की निशानदेही पर महिला की हत्या में प्रयुक्त खून लगा पत्थर भी बरामद किया है। गिरफ्तार प्रेमी ने पुछताछ के दौरान बताया कि उसका महिला के साथ पिछले दो वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था इसके साथ ही महिला ने उसके सहयोग के लिए गांव के महिला समूह से 60 हजार रूपया भी दिया था जिसको लेकर महिला के द्वारा उसके ऊपर शादी के दबाव के साथ पैसे की मांग कर रही थी। जिससे परेशान प्रेमी ने महिला को बहला फुसलाकर लावालौंग के



कुकुरमरवा जंगल में लाकर पत्थर से कुचकर हत्या की घटना को अंजाम दिया था। घटना में मृतक महिला की पहचान पलामू जिले के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र निवासी खामडीह गांव निवासी चिंता देवी के रूप में की गई। मृतक महिला तीन बच्चों की मां थी। घटना के तीन दिनों बाद लावालौग थाना पुलिस ने महिला के शव को बरामद किया। जिसके बाद सिमरिया एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया गया टीम ने घटना कार्य होने की एक माह के भीतर उद्वेदन करते हुए मृतिका का मोबाईल फोन बरामद किया जिसके आधार पर दारूडीह गांव निवासी निरज कुमार वर्मा को गिरफ्तार किया तो प्रेम प्रसंग और हत्या के मामले का खुलासा हुआ। प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले की जानकारी देते हुए सिमरिया एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ के बाद न्यायिक अभीरक्षा के लिए उसे जेल भेज दिया गया है।

### सार्वजनिक स्थल पर चारों तरफ बिखरा रहता है कचरा

**डंडई।** प्रखंड मुख्यालय बाजार, प्रखंड कार्यालय सहित कई सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता नहीं दिख रहा है। लोग खुले में ही कचरो को फेंक रहे हैं। जिस कारण सार्वजनिक स्थल पर चारों तरफ कचरा बिखरा रहता है। यदि चौक चौराहों व साप्ताहिक बाजारों व प्रखंड कार्यालय में कूड़ेदान लगा होता तो लोग उसका उपयोग करते, जिससे सार्वजनिक जगह साफ सुथरा रहता और अस्वच्छता के कारण जो बीमारी फैलती है उससे लोग निजात पाते। कचरा फैलने से मच्छरों, मक्खी आदि कीटाणु का आतंक बढ़ गई है और लोग मलेरिया, डेंगू जैसे खतरनाक बीमारी का शिकार हो रहे हैं। स्वच्छता के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग भी शिथिल पड़ा हुआ है, मच्छरों, मक्खियो से बचाव के लिये कोई अभियान नही चलाया जा रहा है। क्षेत्र में कहीं भी कीटनाशक दावाओ का छिड़काव नहीं हुआ है, गंदे स्थल पर ब्लीचिंग पाउडर की छिड़काव भी नही की जा रही है। इन सभी समस्याओं पर ना तो यहां के जनप्रतिनिधि का ध्यान है, और ना ही कोई पदाधिकारियो का ध्यान है। ग्रामीणों ने प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से अविलंब कूड़ेदान लगाने की मांग की है।

### बीजेपी के जीत पर रंका में आतिशबाजी

**रंका।** छत्तीसगढ़ एवं अन्य राज्यों में बीजेपी की जीत पर रंका अनुमंडल मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकाला। साथ ही आतिशबाजी कर खुशी मनाया। मौके पर राजीव राज तिवारी, उत्तम पांडेय, मुरारी यादव, बसंत प्रसाद, कमलेश नंदन सिन्हा, बलराम यादव आदि लोग उपस्थित थे।

### तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर भाजपाईयों ने की आतिशबाजी

**भवनाथपुर।** छत्तीसगढ़, मयप्रदेश एवं राजस्थान में भाजपा की बड़ी जीत होने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय के समीप जम कर आतिशबाजी किया। भाजपाईयों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। मौके पर भाजपा नेता मनोज पहाड़िया ने कहा कि तीन राज्य में बड़े सीटों के अंतर के साथ जीत का खुशी मना रहे हैं। तीनों राज्यों की जनता को मोदीजी के नेतृत्व पर विश्वास करने के लिए ान्यवाद एवं आभार। 2024 में मोदीजी के नेतृत्व में दोबारा केन्द्र में सरकार बनेगी। मौके पर अनुमंडल वािायक प्रतिनिाि दयानंद सोनी, वािायक प्रतिनिाि भानु गुप्ता, सुनील सिंह, विपिन चौबे, राकेश रवि, प्रदीप रजक, सूर्यदेव राउत, चंदन ठाकुर आदि लोग मौजूद थे।

## श्री राम कथा को लेकर कलश यात्रा



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर स्थित सामंतो काली मंदिर महिला समिति के तत्वावधान में 9 दिवसीय शिव राम कथा को लेकर रविवार को सामंतो काली मंदिर परिसर से कलश यात्रा निकाली गई, जो झंडा चौक, स्टेशन काली मंदिर, अड्डी बंगला रोड होते हुए श्याम बाबा पथ स्थित सीताराम ठाकुर बाड़ी पहुंची। यहां 101 महिला एवं युवतियों के कलश में अयोया से आए जगतगुरु रामानुजाचार्य श्रीत्रिदण्डी स्वामी गोपालाचार्य जी महाराज एवं ठाकुरबाड़ी के पुजारी राजेंद्र शर्मा ने विािवत जल भर कर कलश पूजन कराया। इसके उपरांत कलश यात्रा पुनः इसी मार्ग से होते हुए काली मंदिर पहुंच कर संपण हुई।

### विश्वकर्मा समाज का प्रखंड स्तरीय सम्मेलन सम्पन्न

**कोडरमा।** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज का प्रखंड सम्मेलन डोमचांच प्रखंड के बगरीडीह में आयोजित किया गया। सम्मलेन के दौरान सर्वसम्मति से डोमचांच प्रखंड कमिटी का पुनर्गठन करते हुए गंगाधर राणा को अध्यक्ष जबकि महासचिव राधे राणा को मनोनीत किया गया, इसके अलावे महावीर राणा को उपाध्यक्ष जबकि रणजीत राणा को कोषाध्यक्ष बनाया गया। कमिटि का पुनर्गठन व नए पदाधिकारियों का चुनाव संघ के जिला महासचिव सह चुनाव पर्यवेक्षक सुखदेव राणा के नेतृत्व में किया गया।

### श्री राम जन्मभूमि तीर्थ पूजित अक्षत आज पहुंचेगा झुमरीतिलैया

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** विश्व हिंदू परिषद जिला कोर कमेटी की एक बैठक रविवार को आयोजित की गई। जिसमें श्री राम जन्मभूमि तीर्थ पूजित अक्षत झारखंड प्रांत रांची से सड़क मार्ग द्वारा 4 दिसंबर को तकरीबन ढाई बजे कोडरमा लाने की योजना बनी। योजना के तहत झुमरीतिलैया के सुभाष चौक से विाि पूर्वक पुराना बस स्टैंड, ओवर ब्रिज होते हुए झंडा चौक, अड्डी बंगला अवस्थित सीताराम ठाकुर बाड़ी में रखी जाएगी। वहीं जिला मंत्री पंकज दुबे ने बताया कि विभिन्न प्रखंड के अंतर्गत प्रत्येक गांव-कस्बे के प्रत्येक सनातनी के यहां आमंत्रण हेतु पीला चावल पहुंचाने का लक्ष्य है। जिसमें जिले, प्रखंड, पंचायत तक के पदाधिकारी को इस काम में लगाया गया है। बैठक के मायम से जिले के प्रत्येक गांव के लोगों को जोड़ा गया है।

### चतरा इलेवन ने पीपरवार को 6 विकेट से हराया

खबर मन्त्र संवाददा

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम गिद्धौर में रविवार को टॉस जीतकर कर पहले बालेबाजी करते हुए। निर्धारित तीस ओवर में नौ विकेट खोकर 164 बनाया । जिसमें नरेश ने 38 और नैतिक 28 रन का योगदान दिया।चतरा इलेवन के तरफ से आशुतोष भारती ने 3, पवन 2, मोनल 1 विकेट लिया ।जवाबी पारी खेलने उतरी चतरा इलेवन ने 21.2 ओवर में 4 विकेट खोकर मैच जीत लिया। चतरा के तरफ से रोनी कुमार ने नॉटआउट 66 रन, रतन कुमार ने 42 रन की पारी




खेली। पिपरवार के तरफ से विकाश ने 2 विकेट लिया। इस तरह से चतरा इलेवन ने पिपरवार को 6 विकेट से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार रोनी कुमार को दिया गया।अंपायर की भूमिका में सुमित कुमार और चंदन ने निभाई।

### डीसी व एसपी से वार्ता के बाद ढिबरा स्क्रैप संघ का आंदोलन स्थगित

# ढिबरा व्यवसाय को शुरू करने में आ रही अड़चन को दूर करने का प्रशासन ने दिया आश्वाशन : कृष्णा घटवार

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ और प्रशासन के बीच सकारात्मक वार्ता के बाद 5 दिसंबर को प्रस्तावित एक दिवसीय धरना कार्यक्रम को स्थगित करने की घोषणा कर दी गई। बतादें की ढिबरा मुद्दे को लेकर ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ ने 5 दिसंबर को समाहरणालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया था।

जिसके बाद प्रशासन ने ढिबरा मुद्दे और ढिबरा मजदूरों के समक्ष उत्पन्न स्थिति पर सकारात्मक पहल करते हुए संघ के नेताओं को वार्ता के जरिये समाधान निकालने के लिए पहल की गई। वहीं संघ ने ढिबरा से जुड़े मांगों



का स्मार पत्र उपायुक्त को सौंपा। प्रमुख मांगों में ढिबरा व्यवसाय को शुरू करने में आ रही तकनीकी प्रावधानों को अविलंब समाप्त करने, जेएसएमडीसी डंप को सक्रिय करने, को-ऑपरेटिव के जरिये ढिबरा खरीद-बिक्री और भंडारण का कानूनी अधिकार देने की मांग शामिल है। वहीं संघ के जिलाध्यक्ष कृष्णा घटवार ने बताया कि ढिबरा के ज्वलन्त मुद्दे को लेकर आंदोलन की घोषणा की गई थी। प्रशासन ने आंदोलन के प्रमुख मांगों को सीएम के समक्ष रखने का आश्वासन दिया है। साथ ही ढिबरा मजदूरों के समक्ष उत्पन्न बेरोजगारी, भुखमरी और पलायन की स्थिति को दूर करने का भरोशा दिया है। संघ ढिबरा व्यवसाय को वैज्ञानिक तौर पर शुरू करने के पक्ष में है। वहीं प्रशासन ने भरोसा दिया है कि ढिबरा व्यवसाय में आ रही अड़चन को प्रशासनिक स्तर से दूर किया जाएगा। वहीं उपायुक्त, एसपी, एसडीओ एवं डीडीसी ने ढिबरा मजदूर स्क्रैप संघ के मांगों पर अविलंब पहल करने का आश्वाशन दिया। जिसके आधार पर संघ ने धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया। वार्ता में राजकिशोर सिंह, कलीम अंसारी, मो इस्लाम खान आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### 22वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता 16 से



बैठक में शामिल पदाधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** 22वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर रविवार को शहर के सोनपुरवा स्थित आरके पब्लिक स्कूल में संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडेय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्रिकेट प्रतियोगिता 16 दिसंबर से शुरु करने का निर्णय लिया गया। प्रतियोगिता तीन ग्रुप में आयोजित की जाएगी। जूनियर वर्ग में वर्ग आठ तक के छात्र भाग ले सकते है। वही सीनियर वर्ग में दसवीं के छात्र शामिल हो सकते है। बालिका वर्ग में दसवीं तक की छात्राएं शामिल हो सकती है। प्रतियोगिता में प्रवेश की अंतिम तिथि 12 दिसंबर रखी गई है। जिसका प्रवेश शुल्क 3500 रखा गया है। प्रतियोगिता में शामिल होने वाली टीम अपने पंद्रह सदस्यीय खिलाड़ियों की दो फोटो, आधार कार्ड, विद्यालय का बोनाफाइड प्रमाण पत्र, यूडायश कोड की छाया प्रति प्रतियोगिता के कोषाध्यक्ष कमलेश दुबे, सह सचिव प्रिंस सोनी और ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल में जमा कर सकते हैं। इस दौरान प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया।

### कानून को ठेंगा दिखाकर बच्चों से करा रहे हैं कच्चे ईंट की ढुलाई



ईंट की ढुलाई करता बच्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**डंडई।** बाल श्रम अपराध है, लेकिन डंडई प्रखंड क्षेत्र के कई ईंट भट्ठे संचालक खुलेआम इस अपराध में संलिप्त हैं। बालश्रम कानून को ठेंगा दिखाते हुए यहां बच्चों से कच्चे ईंट की ढुलाई समेत कई अन्य कार्य लिए जा रहे हैं। रविवार को लवाही गांव में एक चिमनी ईट भट्ठा पर कई बाल मजदूरों को कार्य करते देखा गया। जो अलग-अलग हिस्सों पर बड़े मजदूरों के साथ काम कर रहे थे। बताया जाता है कि ईंट भट्ठों की जांच के नाम पर जिम्मेदार पदाधिकारी सिर्फ चाय-पानी की दुकानों पर छापामारी कर कॉलम को पूरा कर ले रहे है। डंडई प्रखंड क्षेत्र में उद्योग के नाम पर दर्जनों ईंट-भट्ठे संचालित हैं। इनमें से अधिकांश ग्रामीण क्षेत्र के कालीकरण सड़क के समीप स्थित हैं। यहां कई ईट भट्टों पर दूसरे प्रदेश के श्रमिक ईंट पथाई के लिए आते हैं।

### टीएसपीसी के दो सक्रिय सदस्य गिरफ्तार, भेजे गये जेल



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी (चतरा)।** पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को गुप्त सूचना के आधार पर प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएपीसी के दो सक्रिय सदस्यों को इटखोरी थाना सरहेता के सतौनी जंगल से गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेजा दिया। पुलिस गिरफ्त में आए टीएसपीसी के सक्रिय सदस्य इटखोरी थाना क्षेत्र के सरहेता निवासी मुकेश कुमार राणा व सदर थाना क्षेत्र के देवरिया निवासी भोला सिंह पिछले कई दिनों से इटखोरी थाना क्षेत्र के सतौनी जंगल में सक्रिय थे और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में थे।

### देवी धाम माता मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा एवं यज्ञ का आयोजन

**मझिआंव।** स्थानीय राधाकृष्ण मंदिर परिसर में श्री श्री 108 श्री बाबा केशव नारायण दास जी की अध्यक्षता में ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मिति से मझिआंव ब्रह्म स्थल के बगल में स्थित देवी धाम माता मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा एवं यज्ञ आयोजन का निर्णय लिया गया। जिसके लिए श्री श्री 108 श्री बाबा केशव नारायण दास की तत्वावधान में कमेटी के पदाधिकारी का चयन किया गया। जिसमें श्री श्री 108 श्री बाबा केशव नारायण दास, मारुति नंदन सोनी को यज्ञकर्ता संरक्षक, श्रीकांत तिवारी को अध्यक्ष, उमेश यादव, कृष्णा सिंह, परशुराम सिंह को उपाध्यक्ष, यश देव तिवारी को महासचिव, लखन देव तिवारी, पवन कुमार जायसवाल, जगरनाथ शाह, वीरेंद्र सैंडिक को सचिव, नागेंद्र कुमार साहू, शैलेंद्र कुमार दुबे को कोषाध्यक्ष, नागेंद्र कुमार सिंह, मनु कुमार ठाकुर एवं विपेश कुमार चंद्रवंशी को व्यवस्थापक बनाया गया।

### तीन राज्यों के परिणाम से उत्साहित टंडवा मंडल के भाजपाइयों ने मनाया जश्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी के पूर्ण बहुमत की सरकार बनने से भाजपा कार्यकताओं ने टंडवा बाजार में दिवाली की तरह पटाखों के बौछार और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। उत्साहित भाजपा कार्यकताओं ने टंडवा, मिस्रौल एवं सेरनदाग सहित अन्य जगहों में जीत की जश्न मनाया। मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी ने कहा कि छत्तीसगढ़ राजस्थान मध्य प्रदेश झांकी है 2024 बाकी है। भारतीय जनता पार्टी के इस अप्रत्याशित जीत से कार्यकताओं में नई ऊर्जा की संचार हुई है और आने वाला चुनाव में सभी कार्यकर्ता के साथ 2024का विजय लक्ष्य की तैयारी में लग गए हैं।

स्पीड न्यूज

## छत से गिरकर पांच वर्षीय बच्ची घायल, रिम्स रेफर


घायल बच्ची।

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के छाताबार ग्राम में खेलने के दौरान छत से गिरने से एक 5 वर्षीय बच्ची घायल हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार समीरा कुमारी 5 वर्ष पिता पुरन गंझु ग्राम छाताबार गोनिया थाना बारियातू निवासी अपने घर के छत पर खेल रही थी। इसी दौरान पैर फिसलने के कारण वह छत से नीचे की गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद परिजनों के सहयोग से घायल बच्ची को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं बेहतर ईलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

## डेढ़ टंगवा घाटी में ट्रक हुआ दुर्घटनाग्रस्त, उपचालक घायल

**चंदवा।** चंदवा-चांपी-लोहरदगा पथ पर चंदवा-लोहरदगा सीमाने पर स्थित डेढ़ टंगवा घाटी में रविवार की सुबह लोहरदगा की ओर से चंदवा की ओर आ रही एल्युमिनियम प्लेट लोड ट्रक ओडी-19 जी 6997 असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। दुर्घटना में चालक सत्यवीर सिंह (अंगुल उड़ीसा) को मामूली चोट लगी जबकि उपचालक मुख्तार सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगो की मदद से उपचालक को प्राथमिक उपचार के लिए चंदवा सीएचसी लाया गया जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। घायल मुख्तार के शरीर कई हिस्सों में अंदरूनी चोटें आई है। जानकारी के अनुसार उक्त ट्रक एल्युमिनियम प्लेट लेकर छत्तीसगढ़ से दिल्ली जा रही थी, लोहरदगा से शॉर्टकट रास्ता से चंदवा आने के चक्कर मे ट्रक डेढ़ टंगवा घाटी होते चंदवा आ रही थी, इसी दौरान तीखे ढलान पर वाहन के असंतुलित होने के कारण उक्त हादसा हुआ।

## प्याज के दाम में बेहताश वृद्धि से गरीबों का निकल रहा है आंसु


प्याज।

**बारियातू।** लगातार प्याज की दामों में बेहताश वृद्धि हो रही है। पिछले सप्ताह प्रतिकिलो 40 से 50 की दर से बाजार हाटो व खुदरा दुकानों में प्याज बेचीं जा रही है। एक सप्ताह के अंदर 60 की दर बेचीं जा रही है कम समय के अंदर प्याज की मूल्यों में बेहताश वृद्धि हुई है। प्याज की दामों से गरीब माध्यम वर्ग के लोगों के आंशु निकल रहे हैं। प्याज घरेलु उपयोगी के लिए महत्वपूर्ण सब्जी है। जिसे हर खाने की भोजन में उपयोग किया जाता है। घर से लेकर शादी समारोह, होटलों, प्याज के वगैरे खाने की सब्जी मे स्वादिष्ट फीका हो जाता है। हालांकि गोदाम से प्याज को मंडी में किस मूल्यों में उपलब्ध कराया जाता है कहना मुश्किल होगा। इधर सप्ताहिक बाजारों में लगातार प्याज की बढ़ते मूल्यों की मार आम जनता को झेलना पड़ रहा है। वैसे जो व्यक्ति सप्ताह में किलो दो किलो प्याज खरीदारी करता था। वैसे व्यक्ति आधा ओने पौने किलो में ही सप्ताह गुजार रहा है। लोगों को माने तो मात्र एक माह पूर्व 10 प्रतिकिलो प्याज सार्वजनिक बाजार और दुकानों में मिलता था। उससे तुलना किया जाय तो 50 प्रतिकिलो में मूल्य की वृद्धि हुई है। वर्तमान समय में खुदरा बाजार और दुकानों में प्रतिकिलो 60 रुपए की दर से प्याज मिल रहा है। जिससे अमजनों के साथ गरीब और माध्यम वर्ग के लोगों के जेब में भारी असर पड़ रहा है। प्याज की उत्पादन लगभग हर क्षेत्र मे किया जाता है। गोदाम में प्याज है या नहीं समझना मुश्किल हो रहा है। वर्तमान समय मे प्याज के दाम सुनकर लोगों का चेहरा लाल हो रहा है। जेब की बोझ से आंसू निकल रहे हैं।

## राजेंद्र प्रसाद जयंती के अवसर पर नेतरहाट आवासीय विद्यालय में विचार गोष्ठी का आयोजन


विचार गोष्ठी में उपस्थित लोग।

**महुआडांड़।** आवासीय विद्यालय नेतरहाट में रविवार को डॉ राजेंद्र प्रसाद जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय मुख्य भवन परिसर स्थित प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर नेतरहाट विद्यालय प्राचार्य डॉ प्रसाद पासवान के नेतृत्व विद्यालय परिवार के द्वारा उनकी जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग अध्यक्ष रवि प्रसाद सिंह ने डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद के छात्रों की दर्शन सादा जीवन उच्च विचार की व्याख्या की। इसके बाद प्राचार्य डॉक्टर प्रसाद पासवान शिक्षक रवि रंजन, राधा कुमारी, दिवाकर मिश्रा समेत छात्रों ने बारी-बारी से डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया।

### छत्तीसगढ़, राजस्थान व मध्य प्रदेश में भाजपा के प्रचंड जीत के बाद चंदवा में जश्न

# तीन राज्यो में जीत तो सिर्फ झांकी है, 2024 अभी बाकी है : प्रकाश राम

- इंडी गठबंधन को जनता ने एक सिरे से खारिज कर दिया : अमित कुमार गुप्ता

खबर मन्त्र संवाददाता


जश्न मनाते भाजपाई।

**चंदवा।** पांच राज्य मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलांगना व मिजोराम में हुए विधान सभा चुनाव में 4 राज्यों के जारी किये गए चुनाव परिणाम में 3 राज्यों में भाजपा की प्रचंड जीत के बाद चंदवा में भाजपाइयों ने जम कर जश्न मनाया। पूर्व विधायक प्रकाश राम, चंदवा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता की अगुवाई में भाजपाइयों द्वारा स्थानीय पथ निर्माण विश्रामागार परिसर से विजयी जुलूस निकाली गयी, इंदिरा गांधी चौक पहुंचने के बाद लड्डू बांटकर व आतिशबाजी कर जश्न मनाया। पूर्व विधायक प्रकाश राम ने कहा कि राज्यस्थान, मध्य प्रदेश व छतीसगढ़ तीन राज्यो में भाजपा को मिली प्रचंड बहुमत बताती है कि देश की जनता का विश्वास भाजपा के प्रति मजबूत हुआ है। मध्य प्रदेश में अपनी सत्ता में वापसी के साथ राज्यस्थान व छत्तीसगढ़ जहां भाजपा सत्ता में नही थी वहां भी कांग्रेस को उखाड़ फेंका है। तेलांगना में भी भाजपा का प्रदर्शन काफी शानदार है। यहां भी भाजपा एक सीट से बढ़कर दोहरे अंक के करीब पहुंची है। इन्होंने आगे कहा कि 3 राज्यो की जीत तो सिर्फ झांकी है, आगामी 2024 लोक सभा चुनाव व झारखंड विधानसभा चुनाव में भी भजपा प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में आएगी।

**गठबंधन को जनता ने एक सिरे से खारिज कर दिया : अमित कुमार गुप्ता**

भाजपा मंडल अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि चुनाव परिणाम ने यह साबित कर दिया है कि कांग्रेस के नेतृत्व में बनी इंडी गठबंधन को देश की जनता ने नकार दिया है। कांग्रेस की जोड़तोड़ व तुष्टिकरण की राजनीति को देश की जनता पहचान गयी है, अब जनता इंडी गठबंधन के झांसे में नही आने वाली है।

**मौके पर ये भाजपाई रहे मौजूद**

विजयी जुलूस के मौके सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद साहू, बरियातू मंडल अध्यक्ष लव सिंह, हेरहंज मंडल अध्यक्ष मनीष जायसवाल, पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजन भगत, आशीष सिंह, दीपक निषाद, विजय दुबे, रामप्रसाद साहू, कुलामन साहू, विनोद कुमार गुड्डू, रिकी वर्मा, सुनील मुंडा, प्रेम नाथ गुप्ता, दुर्गा ठाकुर, रवि राज समेत दर्जनों भाजपाई मौजूद थे।

## विधायक बैद्यनाथ राम ने किया चेकडेम निर्माण कार्य का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता


शिलान्यास के दौरान मौजूद लोग।

**लातेहार।** सदर प्रखंड अन्तर्गत पेशरार पंचायत के ग्राम-केदली में लघु सिंचाई प्रमंडल लातेहार द्वारा बनने वाली केदली नाला में पक्का चेकडेम निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास विधायक बैद्यनाथ राम के हाथों किया गया। शिलान्यास के बाद मौके पर विधायक बैद्यनाथ राम ने कहा कि पक्का चेक डेम निर्माण कार्य होने से आस-पास गांव के हजारों एकड़ भूमि सिंचित होंगी और किसान आत्मनिर्भर बनेंगे। ज्ञात हो की केदली गांव अति संवेदनशील गांव है विधायक बैद्यनाथ राम के अलावा आज तक किसी जनप्रतिनिधि ने केदली गांव का दौरा नहीं किये है। विधायक बैद्यनाथ राम के केदली पहुंचने से गांव वालों में खुशी दिखी। वहीं विधायक ने बारी-बारी सभी ग्रामीण से मिले और उनकी जरुरत से अवगत हुए व बच्चों के बीच मिठाई बांटे। मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, सुदामा प्रसाद, अंकित पाण्डेय, विशाल कुमार, रामदेव सिंह, अरबिंद पाठक, दया पाण्डेय, दीपक कुमार, बीरेंद्र पाठक, चन्दन कुमार, विकास कुमार, जुगेश प्रसाद, मो.सैफ समेत सैकड़ो ग्रामीण मौके पर मौजूद थे।

## आजसू पार्टी 12 दिसंबर को करेगी पीएचडी कार्यालय का घेराव : अमित पांडेय

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक करते अमित पांडेय।

**लातेहार।** नेवाड़ी पंचायत के सोहदाग, कैमा, विश्रामपुर आदि गांव में आजसू पार्टी ने बैठक की। उक्त बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष अमित पांडेय ने कहा कि भारत सरकार के द्वारा चलाए जा रहे जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल जल योजना में पूरे जिले में कार्य कि गुणवत्ता पर सवाल ग्रामीण उठा रहे है कही पर बोरिंग कम कर के ढांचा खड़ा है पर पानी नही है, कही पुराने बोरिंग में मोटर लगा है कही व्यक्ति विशेष को फायदा पहुंचाने के लिए बोरिंग कर दिया जा रहा है तो कही सात-आठ महीने से बोरिंग कर के छोड़ दिया गया है। काम के नाम पे खानापूर्ति कर बहुत बड़ा घोटाला किया जा रहा है। कार्यपालक अभियंता को टेलीफोनिक सूचना के बावजूद भी कोई असर ठेकेदारों पर नहीं है। जनभावनाओं को देखते हुए आजसू पार्टी 12 दिसंबर को पीएचडी ऑफिस का घेराव करेगी और जिले में चल रहे इस घोटाले के विरुद्ध प्रदर्शन करेगी। मौके पर जिला उपाध्यक्ष विजेंद्र दास, जिला प्रवक्ता नितेश पाण्डेय, प्रखंड अध्यक्ष अमर उरांव, दीपक कुमार, अंकित दुबे, मधु गंझू, नंदलाल भगत, रमजान अंसारी, धर्मेंद्र भगत, बृजमोहन भुइया, मंजूर सिंह, बाबूलाल टाना भगत, संजय सिंह, अनिल उरांव आदि लोग उपस्थित थे।

## एसडीएम के नेतृत्व में चलाया गया सघन वाहन चेकिंग अभियान


वाहन चेकिंग करते अधिकारी।

**महुआडांड़।** महुआडांड़ थाना क्षेत्र स्थित बिरसा चौक आईआरबी कैंप के समीप अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे के नेतृत्व में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान एसडीएम विपिन कुमार दुबे पुलिस बल के जवानों के साथ यातायात के नियम की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों को समझाते व नियम की जानकारी देते नजर आए। दर्जनों दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों का ड्राइवरी लाइसेंस, सीट बेल्ट, हेलमेट इत्यादि की जांच करते हुए ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के नाम वाहन संख्या एवं मोबाइल नंबर मौके पर दर्ज किया गया। वहीं भारी वाहनों के चालान व ड्राइविंग लाइसेंस समेत अन्य कागजात की जांच की गई। इस संबंध में एसडीएम विपिन कुमार दुबे ने बताया प्रखंड में आगामी क्रिसमस एवं नए साल को लेकर लोगों में काफी उत्साह रहता है, और इस उत्साह में लोग शराब का सेवन कर वहान चलाते नजर आते हैं, सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए पहले से सतर्कता जरूरी है।

### भाजपा की जीत पर उत्साहित कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न, बांटी मिठाई

# आने वाले चुनाव में झारखंड में भी बनेगी पूर्ण बहुमत की भाजपा की सरकार : कन्हाई प्रसाद

खबर मन्त्र संवाददाता


बरवाडीह में जीत का जश्न मनाते भाजपाई।


छिपादोहर मंडल में जश्न में डूबे भाजपाई।

**बरवाडीह।** तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की प्रचण्ड जीत से कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर देखी गई। सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष विकास सिंह और मण्डल उपाध्यक्ष सुनील सिंह के नेतृत्व में उत्साहित कार्यकर्ताओं ने प्रखण्ड मुख्यालय के अंबेडकर चौक पर जीत का जश्न मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाया और आतिशबाजियां की। जिसके बाद लोगों के बीच लड्डू बांटकर जीत का जश्न मनाया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि अभी तीन राज्यों से भाजपा के जीत की शुरआत हुई है। इससे यह साबित हो गया है कि आने वाले 2024 लोकसभा चुनाव में एक बार फिर देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने बताया कि भाजपा को हराने के लिए पूरा महागठबंधन एक हो गया है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी जी की लोकप्रियता के आगे समूचा महागठबंधन विफल साबित हुआ। कार्यकर्ताओं ने कहा कि आने वाले चुनाव में झारखंड में भी भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी।

**छिपादोहर मंडल में कार्यकर्ताओं ने मनाया जीत का जश्न**

उधर छिपादोहर मंडल में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने वन एवं पर्यावरण विभाग के सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी के नेतृत्व ने जीत का जश्न मनाया। मौके पर वरिष्ट नेता शिबू साव, सांसद प्रतिनिधि दिलीप यादव, अजय सोनी, विवेक सिंह, उपाध्यक्ष सुनील सिंह, महामंत्री मनोज प्रसाद, मंडल कोषाध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद ओपी, भाजयुमो मंडल महामंत्री पारस जयसवाल, भाजपा नेता पवन चौधरी, मुन्ना गुप्ता, दीपक तिवारी, प्रवीण कुमार, हेमंत कश्यप, बंटी ठाकुर, मनोज कुमार, खुरा मुखिया जितेंद्र सिंह, ननदेव सिंह, मंडल महामंत्री मुन्ना गुप्ता, अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष जाकिर हुसैन, एसटी मोर्चा मंडल अध्यक्ष नागदेव उरांव, कार्यालय मंत्री गंगेश्वर ठाकुर, ओबीसी मोर्चा उपाध्यक्ष बृजदेव प्रसाद, बबलू प्रसाद, कृष्णा पाण्डेय, सुरजीत कुमार, संतोष प्रसाद, प्रेम कुमार, परमानंद प्रसाद, संतोष प्रसाद सौंडिक, राजेश प्रसाद, अलाउद्दीन अंसारी, तस्लीम खान, संतोष विश्वकर्मा, पार्थ सरकार, सुरेश प्रसाद, प्रदीप राम और सुमित समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## युवाओं को दूसरे राज्य की संस्कृति से रूबरू कराना कार्यक्रम का उद्देश्य : वेद प्रकाश त्रिपाठी

खबर मन्त्र संवाददाता


राज्य भ्रमण के लिए बच्चों को कर्नाटक भेजती सीआरपीएफ।

**बरवाडीह।** सीआरपीएफ 11 बटालियन और नेहरू युवा केंद्र के सहयोग से बरवाडीह प्रखण्ड के अति सुदूरवर्ती व नक्सल प्रभावित क्षेत्र मोरवाई कला स्थित सीआरपीएफ 11/डी बटालियन ने मोरवाई पंचायत के बीस युवक एवं युवतियों का चयन कर आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत कर्नाटक के लिए भेजा गया है। मौके पर कंपनी कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी कमांडेंट ने कहा कि यह कार्यक्रम खेल गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित किया जाता है। इस तरह के कार्यक्रम करने का उद्देश्य जनजातियों को देश के मुख्यधारा से जोड़ने तथा उन्हें देश के दूसरे राज्यों की सभ्यता, संस्कृति, बोलचाल, वेशभूषा, रहन सहन की जानकारी एकत्र करना है। साथ ही साथ विभिन्न राज्यों में हो रही तकनीकी एवं औद्योगिक प्रगति कौशल विकास रोजगार आदि के साथ-साथ वहां की विरासत आदि की भी जानकारी को प्राप्त करना है, ताकि बच्चे यहां वापस अपने घर लौट कर अपने लोगों के बीच इसका प्रसार करें। मौके पर सीआरपीएफ के विक्रम प्रताप सिंह, टेकन पासवान, इंद्रजीत सिंह, सुशील कुमार, संजय भंडारी और धर्मेंद्र कुमार इत्यादी जवान शामिल थे।

## तीन राज्यों के चुनाव की खुशी में भाजपाइयो ने मनाया जश्न


जश्न मनाते भाजपाई।

**लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी के तीन राज्यों में चुनाव परिणाम में बढ़त को देखते हुए भाजपायों ने जश्न मनाया। मौके पर लोगों ने आतिशबाजी किया एवं एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। कार्यक्रम की अध्यक्षता अ जा मोर्चा जिलाध्यक्ष बबन कुमार पासवान ने किया। मौके पर लव कुमार दुबे, प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी, शंकर दुबे, सत्यनारायण प्रसाद, कौशल किशोर प्रसाद, मनदीप कुमार, अमरदीप कुमार, अंकित राज गोलू, उमेश यादव, दीपू राय, दिनेश प्रसाद, अंकित कुमार, बैद्यनाथ प्रसाद, विकास साहू, रोशन कुमार, लव यादव, सतरंजन प्रसाद, दिनेश राय, राजू प्रसाद, परमेश्वर सिंह, समेत कई लोग उपस्थित थे।

एक नजर में

## बारियातू बीससूत्री अध्यक्ष ने दशक्रम क्रियाकर्म के लिए मृतक के परिजनों को उपलब्ध कराया खाद्य सामग्री


सामग्री देते बीससूत्री अध्यक्ष।

**बारियातू।** बीससूत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु ने रविवार को चन्दवा प्रखंड के दामोदर ग्राम स्थित अनगढा टोला पहुँचकर मृतक के परिजनों से मिलकर दशक्रम कार्यक्रम के लिए अनाज सहित कई खाद्य सामग्री देकर मदद किया। बीससूत्री अध्यक्ष गंझु ने उक्त सम्बन्ध में बताया कि बालूमाथ रांची मुखमार्ग एनएच 22 में चितरपुर ग्राम के समीप बीते रविवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसा में एक ही परिवार के तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। जिसमें दामोदर ग्राम स्थित अनगढा टोला निवासी विजय गंझु (27) वर्ष पिता बुधन गंझु एवं उसकी पत्नी देवंती देवी (24 )वर्ष एवं उसका पुत्र अमृत गंझु (8)वर्ष की मौत हो गई थी। जबकि विजय गंझु की छोटी पुत्री अंकिता कुमारी तीन वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गई थी। घायल अंकिता कुमारी को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था। जहां प्रथमिक उपचार के पश्चात चिकित्सक ध्रुव कुमार ने स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिर रांची रिम्स रेफर कर दिया था। विजय गंझू हेरहंज के हूरटांड़ अपने ससुराल से एक पल्सर मोटरसाइक पर सवार होकर अपने घर अनगड़ा, दामोदर थाना चंदवा जा रहा था। इसी दौरान अभिजीत ग्रुप पावर प्लांट से स्क्रैप लेकर जा रही ट्रेलर पीबी 11सीक्यू 8573 ने मोटरसाइकिल सवार को रौंद दिया था। जिससे विजय गंझु, पत्नी देवंती देवी, एवं उसका पुत्र अमृत गंझु तीनो की घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी। जिसका दशक्रम की क्रियाक्रम के लिए चावल, आटा, सहित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराया गया।

## बरियातू में हुए सड़क हादसे में घायल रामलाल भुइयां व विकास भगत की रिम्स में इलाज के क्रम में मौत

**चंदवा।** शनिवार की देर रात्रि बरियातू के बरनी पेट्रोल पंप के पास सड़क हादसे में गम्भीर रूप से घायल हुए चंदवा के मल्हान पंचायत अंतर्गत लोहरसी महुडर निवासी रामलाल भुइयां पिता विष्णु भुइयां व विकाश भगत पिता बोधना भगत की मौत रिम्स रांची में इलाज के दौरान हो गयी। रामलाल की मौत रविवार की अहले सुबह हुई, जबकि विकाश ने भी दोपहर बाद दम तोड़ दिया। परिजन दोनों के शव को गांव लाने की तैयारी में जुटे थे। मृतक रामलाल भुइयां शादीशुदा था जबकि विकाश की शादी नही हुई थी। इधर गांव में एक साथ दो युवकों की मौत के बाद मातम देखा जा रहा है। दोनों मृतकों के परिजनों का घटना के बाद रो-रोकर बुरा हाल है। बता दें कि शनिवार की देर रात्रि दोनो युवक बाइक पर सवार होकर बरियातू से चंदवा आ रहे थे, इसी क्रम में बरनी पेट्रोल पंप के पास उनकी बाइक की टक्कर एक स्कार्पियो से हो गयी थी, जिसमे दोनो गम्भीर रूप से घायल हो गए। बालूमाथ अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर स्थिति को देखते हुए दोनो को रिम्स भेजा गया था, लेकिन दोनो की जान नही बच पायी। विदित हो कि विगत 26 नवम्बर को भी सड़क हादसे में चंदवा प्रखण्ड के आनगढ़ा गांव के एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गयी थी। एक सप्ताह के अंदर सड़क हादसे में आधा दर्जन लोगों के मौत के बाद क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।

## एसआई सूबेदार सिंह का विदाई सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन


सम्मानित करते इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार।

**हेरहंज।** शनिवार देर शाम थाना परिसर में एस आई सूबेदार सिंह का विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बालूमाथ पुलिस इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार एवं बीडीओ प्रदीप कुमार दास शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के सम्बोधन के साथ हुआ। इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार ने बताया कि सूबेदार सिंह जूनियर होते हुए भी हमलोगों के अभिभावक थे। हमलोग किसी भी मामले में उनसे राय मशवरा लिया करते थे। उन्होंने अपनी नौकरी सिपाही से प्रारंभ की और आज सब इंस्पेक्टर तक उनका प्रोन्नति हुआ। सब इंस्पेक्टर में उन्होंने आज अपने नौकरी का कार्यकाल पुरा किया। पुलिसिया विभाग में यह गर्व की बात है कि इन्होंने अपने 40 वर्ष की नौकरी का समापन किया। सूबेदार सिंह ने अपने 40 वर्ष की नौकरी एक सिपाही से लेकर सब इंस्पेक्टर तक के सफर का अनुभव साझा किया। उपस्थित सभी अतिथियों ने सब इंस्पेक्टर सूबेदार सिंह की आगे की जीवन की शुभकामनाएं दिये। ततपश्चात अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा सब इंस्पेक्टर सूबेदार सिंह को अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर समानित किया गया। थाना पुलिस परिवार के द्वारा उपहार भी भेंट किया गया। कार्यक्रम का संचालन एसआई विश्वजीत तिवारी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बालूमाथ इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार, बीडीओ प्रदीप कुमार दास, थाना प्रभारी नीतीश कुमार यादव, चंदवा थाना प्रभारी शुभम कुमार, जमील अंसारी, बालूमाथ थाना प्रभारी धर्मेन्द्र महतो, बरियातू थाना एसआई विंदेश्वर महतो, एसआई कैलाश कुमार मण्डल, एसआई सुबोध सिंह, अशोक सिंह, अरुण सिंह, मुंशी अजित कुमार, भाजपा जिला मंत्री संतोष यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष जायसवाल, रूपेंद्र जायसवाल, उपमुखिया राजबली यादव सहित दर्जनों समाजसेवी व मीडियाकर्मी एवं पुलिस बल के जवान शामिल हुए।

# अवर सचिव ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सुपरवाइजर और बीएलओ को किया प्रेरित

- दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए सक्षम और वोटर हेल्पलाइन एप की दी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक में उपस्थित लोग।

**चंदवा।** मध्य विद्यालय परिसर में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर समीक्षा बैठक सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित मंत्रिमंडल विभाग रांची के अवर सचिव देवदास दत्ता ने सुपरवाइजर और बीएलओ के साथ वहां मौजूद दिव्यांग जनों को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यक्रम आयोजित करने का उद्देश्य आम जनों के साथ दिव्यांगजनों की भी चुनाव में सहभागिता बढ़ानी है। अभियान से जुड़े लोगों का यह दायित्व है कि वे इसमें सार्थक सहभागिता का निर्वहन करें। मतदाता सूची में आम जनों का नाम अंकित करने के साथ दिव्यांग जनों का नाम जोड़ें। 9 दिसंबर तक चलनेवाले इस विशेष अभियान को सफलीभूत करने की जिम्मेवारी सबकी है। मतदान के दिन भी यह प्रयास हो कि सामान्य लोगों के साथ दिव्यांगजनों को मतदान कराने में सहयोग करें। इस दौरान सक्षम एप और वोटर हेल्पलाइन एप का प्रयोग करने के तरीके बताएं। मतदान की महता पर कहा कि पांच साल में एक बार मतदान का मौका मिलता है। किसी भी परिस्थिति में इसे छोड़ना नहीं है। इस दौरान बीएलओ को किसी मतदाता का एक से अधिक जगह पर नाम होने की स्थिति में अतिरिक्त नाम को सूची से डिलीट करने, मृत व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची से हटाने की बात कही। इस दौरान दिव्यांग जनों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। बीडीओ विजय कुमार ने सुपरवाइजर और बीएलओ से मिले लक्ष्य का पूरा करने की बात कही। मौके पर चंदन कुमार, मनोज कुमार, लव कुमार, रितेश कुमार, मीरू झा, ज्योति बाला, पूजा विनायक, विद्या रानी, शाति देवी समेत अन्य मौजूद थे।

## एसकेएमयू का बीबीए एवं बीसीए सेमेस्टर 3 का परीक्षा परिणाम जारी

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय प्रशासन ने बीबीए एवं बीसीए का परीक्षाफल जारी हुआ। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता दीपक कुमार दास ने दी। उन्होंने बताया कि बीबीए-बीसीए सेमेस्टर थ्री का परीक्षा 2022, सत्र 2021-24 का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ है।

स्पीड न्यूज

## तीन राज्यों में कांग्रेस की हार के लिए नीतीश जिम्मेवार : जीतनराम

**पटना।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के संरक्षक जीतनराम मांझी ने तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जिम्मेदार ठहराया है। श्री मांझी ने रविवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नवगठित विपक्षी गठबंधन इंडिया का एक बड़ा चेहरा हैं और वह वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री पद के संभावित उम्मीदवार भी हैं। उन्होंने कहा कि श्री कुमार ने बिहार विधानसभा में उनका अपमान किया था और प्रदेश में जनसंख्या नियंत्रण में अपनी भूमिका का जिक्र करते हुए महिलाओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी भी की थी।

## देश की सबसे बड़ी बुद्ध मूर्ति का बोधगया में हुआ अनावरण

**गया।** तथागत की तपोभूमि बोधगया में देश की सबसे बड़ी बुद्ध मूर्ति का आज अनावरण धार्मिक मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। बुद्धा वेलफेयर मिशन के फाउंडर सेक्रेटरी भंते आर्यपाल ने रविवार को यहां बताया कि कोलकाता से आए हुए 22 कारीगरों के द्वारा लगातार दो वर्ष तक कड़ी मेहनत के बाद इस मूर्ति को बनाया गया है। यह मूर्ति देश की सबसे बड़ी बुद्ध मूर्ति है, जो शयन मुद्रा में है। यह मूर्ति 100 फीट लंबी व 30 फीट ऊंची है। इसके निर्माण पर लगभग 10 लाख रुपए की राशि खर्च हुई है।

## चुनाव नतीजों का असर, जदयू ने कहा - एक सीट पर एक उम्मीदवार लड़ने की जरूरत

**नालंदा।** जनता दल यूनाईटेड (जदयू) ने मध्यप्रदेश, राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को बढ़त मिलने पर आज कहा कि आई एन डी आई ए 'इंडिया' गठबंधन के कार्यों में शिथिलता नहीं बरती जानी चाहिए। जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने चुनाव को लेकर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जो रुझान विधानसभा चुनाव में आ रहे हैं उस स्थिति में भाजपा को हराने एवं संविधान को बचाने के लिए क्षेत्रीय, वामपंथी पार्टियों, कांग्रेस सहित तमाम राजनीतिक पार्टी को एक सीट पर एक उम्मीदवार लड़ने की जरूरत है।

## सारण में सड़क दुर्घटना में सेवानिवृत स्टेशन अधीक्षक की मौत

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के मशरक थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में सेवानिवृत्त स्टेशन अधीक्षक की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि चैनपुर गांव निवासी और कटिहार स्टेशन से सेवा निवृत्त स्टेशन अधीक्षक शशि भूषण सिंह शनिवार को साईकिल से अपने गांव स्थित बैंक से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान स्कूल बस ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।इस घटना में शशि भूषण सिंह घायल हो गये। सदर अस्पताल छपरा में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर चिकित्सा के लिए पटना भेज दिया। पटना में इलाज के दौरान देर रात को उनकी मौत हो गयी।

## जमुई में महिला ने आत्महत्या की

**जमुई।** बिहार में जमुई जिले के मलयपुर थाना क्षेत्र में रविवार को एक महिला ने आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि मलयपुर बस्ती में एक महिला ने गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।मृतक महिला की पहचान गढ़ी थाना क्षेत्र के गोहियादह गांव की निवासी गीता देवी (47) के रूप में हुयी है। गीता देवी अपने बेटे,बहु के साथ दो महीने से किराये के मकान में रहती थी। शनिवार की शाम गीता देवी के बेटे और बहू अपने गांव चले गये।

### बैंक से पैसे निकाल घर जा रहे दंपती से छिनतई करने वाला चार बदमाश गिरफ्तार, एक फरार

# पुलिस अपराधियों के पास से गिरिडीह में ज्वेलरी दुकान से लुटे गए जेवरात समेत 41 हजार नगदी की बरसमद

एजेंसी

**दुमका।** बैंक से पैसे निकासी कर घर जा रहे दंपति से पैसे छीनने के मामले का खुलासा करते हुए दुमका पुलिस गिरफ्तार अन्तर्राज्जिय गिरोह के चार अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफल रही। हालांकि एक बदमाश पुलिस की आंख में धूल झोंक फरार होने में कामयाब रहा। इसकी जानकारी रविवार को प्रेसवार्ता कर एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार ने दी। उन्होंने बताया कि बीते 19 अक्टूबर को हंसडीहा थाना क्षेत्र में दंपति राधेश्याम मंडल से बाइक सवार अपराधियों ने 1,13,500 रुपए से भरा थैला छीन फरार हो गया था। मामले में पुलिस पीड़ित के लिखित शिकायत पर मामला दर्ज कर अनुसंधान में जुट गई थी। पुलिस तकनीकी सहयोग से अपराधियों का पता लगाया। हंसडीहा पुलिस देवघर पुलिस की सहयोग से जसीडीह रेलवे स्टेशन के समीप तीन मंजिला मकान में छापेमारी कर चार बदमाशों को धर दबोची। हालांकि की भनक लगते ही तीसरे तल्ले से कूद भागने के प्रयास में बदमाशों को चोटें आई। जिसमे एक चंदन राव नामक अपराधी को अधिक चोटें आई है। हालांकि एक अन्य अपराधी पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहे। एसपी ने बताया कि बदमाशों का गिरोह जिले के जरमुंडी, रामगढ, हंसडीहा समेत गिरिडीह के देवरी थाना क्षेत्र में ज्वेलर्स दुकान में लूटपाट की घटना को अंजाम दे चुका है। पुलिस बदमाशों के पास से गिरिडीह से लूटा गया सोने-चांदी के भारी मात्रा में आभूषण, दो बाइक एवं 41 हजार रुपये नगदी बरामद की है। गिरफ्तार अपराधियों में पशिचम बंगाल के हुगली जिला के पंडुआ थाना क्षेत्र के नजामग्राम पंडुआ शेखपुकर गांव निवासी इंद्र राव, अंतेश राव एवं चंदन राव उर्फ अलु चंदन राव उर्फ चंदन नायक एवं थाना क्षेत्र के ही तिला कलोनी श्यामल कुमार बैरागी है। हालांकि इंद्र राव और चंदन राव मूलरूप से उड़ीसा निवासी है।फरार अपराधी हुगली निवासी प्रकाश दास है। अनुसंधान टीम का नेतृत्व थाना प्रभारी जिंतेंद्र साहू एसडीपीओ, जरमुंडी कामोद नारायण सिंह के निदेर्शानुसार कर रहे थे।









## एसकेएमयू के पीजी नामांकन का पहली मेधा सूची जारी, आज से शुरू होगी प्रमाण पत्र सत्यापन

एजेंसी

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय प्रशासन ने पीजी नामांकन के लिए पहला मेधा सूची प्रकाशित कर दिया है। सूची को विश्वविद्यालय का आधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकता है।इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता दीपक कुमार दास ने दी। उन्होंने बताया कि सोमवार से प्रमाण पत्र सत्यापन की प्रक्रिया शुरू होगी। जिन छात्र-छात्राओं का मेधा सूची में नाम है। वह 4 से 7 दिसंबर तक दस्तावेज सत्यापन करा सकते है। 8 से 12 दिसंबर निर्धारित फीस जमा करके नामांकन ले सकते है। ज्ञात हो विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा 11 से 27 नवम्बर से चांसलर पोर्टल खोला गया था। इस बार पीजी नामांकन के लिए चांसलर पोर्टल के माध्यम से लगभग 6500 छात्र-छात्राओं ने ऑनलाइन आवेदन किया है। विश्वविद्यालय के कुल 5 कॉलेजों में पीजी की पढाई होती है। जिसमें से सबसे अधिक क्रमशः यूनिवर्सिटी डिपार्टमेंट, देवघर कॉलेज, देवघर और साहेबगंज कॉलेज साहेबगंज, गोड्डा कॉलेज गोड्डा एवं एएस कॉलेज देवघर में छात्र-छात्राओं ने नामांकन के लिए आवेदन किया है। यूनिवर्सिटी डिपार्टमेंट में नामांकन लेने वाले छात्रों का प्रमाण पत्र सत्यापन विश्वविद्यालय कैंपस के एकेडमिक भवन में स्थित पीजी ऑफिस में होगी। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिमल प्रसाद सिंह के निदेशानुसार कुलसचिव डॉ. बिनय कुमार सिन्हा ने तीन कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति नामांकन कार्य के लिए यूनिवर्सिटी पीजी ऑफिस में किया है। कॉलेज स्तर प्रमाण पत्र सत्यापन कार्य - 4 से 7 दिसंबर तक होगी। नामांकन के लिए फीस भुगतान करने की अंतिम तिथि 12 दिसंबर एवं कक्षा प्रारंभ 13 दिसम्बर से होगी। यूनिवर्सिटी डिपार्टमेंट में भूगोल-448, हिंदी-286, इतिहास-213 जूलॉजी- 190 एवं राजनितिक विज्ञान-188 है।

## अहंकार और अति आत्मविश्वास की वजह से कांग्रेस की हुई हार, अहंकार का करे त्याग: पप्पू यादव

**किशनगंज।** चार राज्यों में विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद रविवार देर शाम किशनगंज पहुंचने पर जाप सुप्रीमों सह पूर्व सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव को मिडिया के सवालों का सामना करना पड़ा। जिला मुख्यालय बस स्टैंड में पूर्व सांसद पप्पू यादव का काफिला रूकी तो मीडिया कर्मियों के सवाल कि देश के चार राज्यों के विधानसभा चुनावों के परिणाम में से तीन राज्य में बीजेपी की जीत से मोदी जादू बरकरार रहा क्या? इस सवाल के जवाब को उन्होंने सुनते ही अपने अंदाज में घुमाया और कहा मोदी क्या मध्य प्रदेश में मोदी चुनाव लड़ें थे। वहां तो शिवराज सिंह चौहान चुनाव मैदान में थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान में अंदर की कलह से कांग्रेस पार्टी हारी है और छत्तीसगढ़ में चुनाव हारने की बात ही नहीं थी। पप्पू यादव ने कहा कि हां मैं मानता हूं कांग्रेस पार्टी की हार हुई है और इसकी समीक्षा भी होगी। लेकिन मैं तो कहूंगा कि सभी पार्टियों के नेतृत्व को अंहकार त्यागना होगा और आगामी लोकसभा चुनाव में जो प्रत्यासी जहां से जीत सकता है, टिकट उसी को मिलना चाहिए। उन्होंने बिहार के सरकार के मुखिया नीतिश कुमार और राजद सुप्रीमो लालू यादव को भी अंहकार छोड़ने की सलाह दी। एक सवाल के जवाब में बीजेपी के केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह को निशाने पर लिया और कहा ऐसे नेता जो समाज को बांटने का काम करतें हैं। उनके सवाल होंगे ही कि मदरसा को बंद कर देना चाहिए और ऐसे नेता समाज में जहर के समान है। वही फिर जाप सुप्रीमों पप्पू यादव मीडिया कर्मियों के सवाल के बीच में ही अपने पार्टी नेताओं के काफिले के साथ आगे बढ़ निकल गये।

## नेपाल पुलिस के फायरिंग में एक भारतीय नागरिक को लगी गोली,कई घायल

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** जिले रक्सौल से सटे भारत-नेपाल सीमा के सिवान टोला में महावीर मेला के दौरान नेपाल पुलिस के द्वारा फायरिंग करने पर एक भारतीय नागरिक बुरी तरह घायल हो गया है। वही गोली के छर्रे से कई और ग्रामीण जख्मी भी हुए है। घायल नागरिक की पहचान सिवान टोला निवासी राजन पटेल के रूप में हुई है। जिसको पैर में गोली लगी है। जिसका इलाज रक्सौल डंकन हॉस्पिटल में चल रहा है। घटना के बाद स्थानीय नागरिको में आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि नेपाल सीमा से सटे पंटोका पंचायत में छठ पूजा के 15वें दिन महावीरी मेला का आयोजन करने की परंपरा है,जिसमे दोनो देश के नागरिक उत्साहपूर्वक शामिल होते है।इस साल भी इस मेला का आयोजन नेपाल की ओर स्थित मंदिर के पास किया गया था।आयोजको द्वारा मेला रात्रि में नाच गान का भी आयोजन किया गया था।इसी दौरान रात्रि करीब 10 बजे नेपाल पुलिस द्वारा नाच बंद करने को कहा गया लेकिन ग्रामीणों ने उनसे अनुरोध किया कि दो घंटे के बाद बंद कर दिया जाएगा,लेकिन नेपाल पुलिस तत्क्षण नाच बंद करने को लेकर अड़ गये और फिर अतरिक्त पुलिस बल को बुला कर भीड़ पर लाठी चार्ज व फायरिंग कर दी गई, जिससे भगदड़ मच गई। ग्रामीणों ने बताया कि इस दौरान नेपाल पुलिस के द्वारा चार राउंड फायरिंग भी की गई। जिसमें राजन पटेल नामक एक युवक को पैर में गोली लगी है। जबकि अन्य कई लोग चोटिल हुए है। ग्रामीणों का आरोप है कि नेपाल पुलिस भारतीय सीमा में घुस लोगों को मारा व पीटा है। भारतीय सीमा के घर तक बंदूक के छर्रे लगे हुए है। वही इस घटना के बाद सिवान टोला के ग्रामीणों ने भारत-नेपाल सीमा को बांस से घेर पर आवाजाही को रोक कर नेपाल पुलिस का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन भी किया गया।फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है,और मौके पर भारतीय पुलिस और अधिकारी पहुंच कर छानबीन में जुटे है।

## टिकटों के कालाबाजारी में रिजर्वेशन क्लर्क समेत दो दलाल गिरफ्तार

**बेतिया।** पश्चिम चंपारण का सिकटा रेलवे स्टेशन स्थित रेलवे आरक्षण काउंटर पर अवैध टिकटों के कालाबाजारी में रिजर्वेशन क्लर्क समेत दो दलालों को आरपीएफ ने धर-दबोचा है। पूर्वी चम्पारण के रक्सौल आरपीएफ पोस्ट के इंस्पेक्टर ऋतुराज कश्यप ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान सिकटा रेल स्टेशन में पदस्थापित रिजर्वेशन क्लर्क अविनाश कुमार,जो मुजफ्फरपुर जिले के मोतीपुर थाने के झिगहां( वार्ड नंबर-दो)गांव निवासी कपिलदेव प्रसाद के पुत्र है तथा बलथर थाने के गौचरी टोला सुखपुर( वार्ड नंबर-छह)गांव के शिवपूजन साह के पुत्र रामबालक साह व शिकारपुर थाने के पीपरा( वार्ड नंबर-12) गांव के उलियास अंसारी उर्फ इलियास अंसारी के पुत्र रेयाज अंसारी के रूप में हुई। इंस्पेक्टर श्री कश्यप ने एफआईआर दर्ज कर रिजर्वेशन क्लर्क समेत तीनों आरोपियों को रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दी।आरपीएफ ने इस पुरे कार्रवाई को सादे लिवास व गोपनीय ढंग से की है।

## बिहार से लालू-नीतीश राज की विदाई का साफ संकेत : सुशील मोदी

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने तीन प्रमुख हिंदी भाषी राज्यों में भाजपा की शानदार सफलता के लिए प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी और कहा कि यह चुनाव परिणाम बिहार से लालू-नीतीश राज की विदाई का साफ संकेत है। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री श्री मोदी ने रविवार को जारी बयान में कहा कि इस चुनाव परिणाम ने फिर सिद्ध किया कि मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित किये बिना भी चुनाव जीते जा सकते हैं। यह जीत ब्रांड मोदी पर जनता के विश्वास की विजय है। उन्होंने कहा कि बिहार के लिए ये चुनाव परिणाम लालू-नीतीश राज की अंतिम विदाई के साफ संकेत हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बदलते समय की यह लिखावट पढ़ लेनी चाहिए।

# रेड क्रॉस के शिविर में पांच महिलाओं ने भी किया रक्तदान

एजेंसी

**दुमका।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी के दुमका शाखा द्वारा विश्व विकलांगता दिवस के अवसर पर रविवार को थैलेसीमीया विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह रक्तदान शिविर उपायुक्त सह अध्यक्ष ए. दोड्डे के निर्देश पर लगाया गया। इस रक्तदान शिविर में पांच महिलाओं ने भी रक्तदान किया जिनमें संजना राज, राखी देवी, सोना सिंह, कविता सिंह और रिन्कु शरण शामिल हैं। रेड क्राँस सोसायटी के संयुक्त सचिव-2 डा सिकंदर कुमार, कार्यकारिणी सदस्य उज्जवल कुमार दास, मणि केशरी, आजीवन सदस्य राजेश कुमार पाण्डे, आनन्द गुटगुटिया व मनोज भंडारी के अलावे फारूख अब्दुल समेत 12 लोगों ने रक्तदान किया। चेयरमैन डा राजकुमार उपाध्याय, सचिव डा अमरेंद्र कुमार यादव, वाइस चेयरमैन डा मनोज कुमार घोष एवं कार्यकारिणी सदस्य रूपम किशोर सिंह बंटी अक्टूबर में रक्तदान कर चुके हैं जिस कारण वह इस शिविर में रक्तदान नहीं कर पाये। रक्तदान करनेवालों में चेयरमैन डा राज कुमार उपाध्याय की पुत्री 18 वर्ष की संजना राज, संयुक्त सचिव-1 धर्मेन्द्र सिंह बिट्टू की पत्नी 48 वर्षीय सोना सिंह और कार्यकारिणी सदस्य 50 वर्षीय उज्जवल कुमार दास ने जीवन में पहली बार रक्तदान किया है। इसके अलावा कोषाध्यक्ष अंजनी शरण का रक्त ग्रूप एबी नेगेटिव होने के कारण उन्हें रिजर्व रखा गया। उनकी पत्नी रिन्कु शरण ने रक्तदान किया। वाईस चेयरमैन डा मनोज कुमार घोष अपने मैरिज एनिवर्सरी और मां की पूण्य तिथि पर रक्तदान किया करते हैं। राखी देवी ने अपने मैरिज एनिवर्सरी के दिन रक्तदान किया है। रक्तदान शिविर के साथ ही दो दिनों से रक्त का इंतजार कर रहे थैलेसीमिया मरीज मनीष देहरी को एक यूनिट रक्त मिल गया। रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा इस वर्ष लगाया गया यह तीसरा रक्तदान शिविर है। इससे पूर्व भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी के स्थापना दिवस सह थैलेसीमीया दिवस पर 08 मई और गांधी जयंती पर 02 अक्टूबर को रक्तदान शिविर लगाया गया था। रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव डॉ अमरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि दुमका में पहले के अपेक्षा अधिक संख्या में ऑपरेशन हो रहे हैं। सड़क दुर्घटनाएं भी लगातार हो रही है। दुमका ब्लड बैंक से 50 से अधिक थैलेसीमिया मरीज जुड़े हुए हैं जिन्हें हर माह करीब 70 यूनिट ब्लड बिना रिप्लेसमेंट के देना होता है। इस तरह से हर माह करीब 125 यूनिट रक्त की आवश्यकता है। सोसायटी विभिन्न संगठनों के साथ समन्वय बना कर रक्तदान कैलेण्डर बनाने में लगी है ताकि रक्त की उपलब्धता बनी रहे। ग्रामीण क्षेत्रों में भी रक्तदान शिविर लगाने का प्रयास किया जा रहा है। चेयरमैन डा राज कुमार उपाध्याय ने बताया कि ब्लड बैंक में रक्त उपलब्धता शुन्य हो गयी थी जिस कारण रेड क्रॉस सोसायटी ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया है। इसके तहत 05 दिसम्बर को महिन्द्रा फाईनेंस और 08 दिसम्बर को एचडीएफसी द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी के लिए रक्तदान करने के बजाय लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आना चाहिये। वाइस चेयरमैन डा मनोज कुमार घोष ने कहा कि थैलेसीमिया के अलावा डायलिसिस, एनेमिया, ऑपरेशन के मरीजों और प्रसव के दौरान भी रक्त की जरूरत पड़ती है। 18 से 65 आयुवर्ग के सभी लोगों को तीन माह के अंतराल पर रक्तदान करना चाहिये। शिविर में रेड क्रॉस सोसाईटी के चेयरमैन डा राज कुमार उपाध्याय, वाइस चेयरमैन डा मनोज कुमार घोष, सचिव डा अमरेन्द्र कुमार यादव, कोषाध्यक्ष अंजनी शरण, संयुक्त सचिव-1 धर्मेन्द्र सिंह बिट्टू, संयुक्त सचिव-2 डा सिकंदर कुमार, कार्यकारिणी सदस्य उज्जवल कुमार दास, मणि केशरी, रूपम किशोर सिंह बंटी, ब्लड बैंक के प्रभारी डाक्टर कुणाल पाण्डेय, आजीवन सदस्य रमण वर्मा, दशरथ महतो, ब्लड बैंक के प्रभारी डाक्टर कुणाल पाण्डेय, ब्लड बैंक के तकनीशियन प्रकाश कुमार दे, एलटी रोशा हेम्ब्रम, जीएनएम एस्पिना मराण्डी, मुन्ना आदि उपस्थित थे।



एक नजर में

## घमंडिया गठबंधन के भ्रष्टाचारी चेहरे को जनता ने नकारा : नित्यानंद राय

**पटना।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री एवं बिहार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व अध्यक्ष नित्यानंद राय ने तीन राज्यों में पार्टी को मिली अपार सफलता पर आज कहा कि ह्यघमंडिया गठबंधनह्न के भ्रष्टाचारी चेहरे एवं तुष्टिकरण की नीति को जनता ने पूरी तरह से खारिज कर दिया है। श्री राय ने रविवार को यहां कहा कि ह्यहर हर मोदी, घर-घर मोदीह्न सिर्फ नारा नहीं बल्कि सच्चाई है और यह लोगों के भरोसे का नाम है। उन्होंने तीन राज्यों में भाजपा की अपार सफलता और तेलंगाना में पार्टी के वोट में इजाफे पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि मोदी नाम केवलम, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम और काम घर-घर तक पहुंचा है और गरीबों के घर में खुशियां पहुंच रही है। इसी का परिणाम है कि भाजपा को चार राज्यों में से तीन राज्यों में जहां प्रचंड जीत मिली है वहीं तेलंगाना में भाजपा के वोट में जबरदस्त इजाफा हुआ है।

## टिकटों के कालाबाजारी में रिजर्वेशन क्लर्क समेत दो दलाल गिरफ्तार

**बेतिया।** पश्चिम चंपारण का सिकटा रेलवे स्टेशन स्थित रेलवे आरक्षण काउंटर पर अवैध टिकटों के कालाबाजारी में रिजर्वेशन क्लर्क समेत दो दलालों को आरपीएफ ने धर-दबोचा है। पूर्वी चम्पारण के रक्सौल आरपीएफ पोस्ट के इंस्पेक्टर ऋतुराज कश्यप ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान सिकटा रेल स्टेशन में पदस्थापित रिजर्वेशन क्लर्क अविनाश कुमार,जो मुजफ्फरपुर जिले के मोतीपुर थाने के झिगहां( वार्ड नंबर-दो)गांव निवासी कपिलदेव प्रसाद के पुत्र है तथा बलथर थाने के गौचरी टोला सुखपुर( वार्ड नंबर-छह)गांव के शिवपूजन साह के पुत्र रामबालक साह व शिकारपुर थाने के पीपरा( वार्ड नंबर-12) गांव के उलियास अंसारी उर्फ इलियास अंसारी के पुत्र रेयाज अंसारी के रूप में हुई। इंस्पेक्टर श्री कश्यप ने एफआईआर दर्ज कर रिजर्वेशन क्लर्क समेत तीनों आरोपियों को रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दी।आरपीएफ ने इस पुरे कार्रवाई को सादे लिवास व गोपनीय ढंग से की है।घटना की खबर स्टेशन परिक्षेत्र के ईदगीर्द के लोगों को भी भनक नहीं लगी।आरपीएफ ने रिजर्वेशन काउण्टर के ईदगीर्द सादे लिवास में पहले घंटो जाल बिछाकर टिकट के कालाबाजारी की निगरानी की।आरपीएफ को लगभग चार घंटे की कार्रवाई में सफलता हाथ लगी।इंस्पेक्टर ऋतुराज कश्यप ने बताया कि सिकटा रेलवे स्टेशन स्थित रेलवे आरक्षण काउन्टर पर अवैध टिकटों की कालाबजारी की सूचना पर छापेमारी कर पहले टिकट दलाल रामबालक साह को धर-दबोचा।

## मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान तो झांकी है, अब बिहार बाकी है: सम्राट चौधरी

**पटना।** राज्यस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा की जीत पर बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि मोदी की गारंटी को पूरे देश की जनता ने मान लिया है। इस देश में एक ही गारंटी चलेगी और उसका नाम है मोदी गारंटी। साथ ही कहा कि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान झांकी है। अब बिहार बाकी है। प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, सभी कार्यकताओं और जनता को ढेरों बधाई। सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि कांग्रेस तेरे पाप समाप्त नहीं होंगे, जबतक कांग्रेस समाप्त नहीं होगी। तीन दिसंबर, 1984 को भोपाल में भीषण गैस कांड हुआ था। इस घटना में हजारों लोगों की मृत्यु हुई थी लेकिन कांग्रेस ने हत्यारे एंडरसन को सजा-ए-मौत न देकर भागने के लिए फ्लाइट दिया।

## पेज 1 का शेष

### अब 2024 में हैट्रिक की...

सत्ता परिवर्तन के रिवाज के चर्चित इस राज्य में अभी कांग्रेस की अशोक गहलोत के नेतृत्व में सरकार थी। 2018 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 100 सीटें हासिल कर बहुमत की सरकार बनायी थी। जबकि, भाजपा 73 पर सिमट गयी थी। **तेलंगाना :** 2014 में अस्तित्व में आये तेलंगाना में अब तक मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की सरकार रही थी। इस बार उनकी पार्टी भारत राष्ट्र समिति यानी हैट्रिक की कोशिश में थी। पर कांग्रेस ने पासा पलट दिया।

### धनबाद जेल में गैंगस्टर अमन...

**नीरज सिंह हत्याकांड में बंद था अमन :** धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर सह कांग्रेस नेता नीरज सिंह हत्याकांड मामले में अमन सिंह जेल में बंद था। मूल रूप से वह उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। धनबाद के अलग-अलग थानों में उसके खिलाफ हत्या और रंगदारी के दर्जनों मामले दर्ज है। पुलिस की लापरवाही से रंगदारी मामले में बरी हो चुका था अमन सिंह।

### तीन राज्यों में हार से...

यूपी, बिहार, बंगाल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पंजाब और दिल्ली से लोकसभा की 269 सीट आती हैं। इन राज्यों से अब अखिलेश (उनकी जगह मायावती हुईं तो भी) नीतीश-तेजस्वी,ममता, पवार-उद्धव, स्टालिन और केजरीवाल कांग्रेस को रेस ही रखना पसंद करेंगे। **सपा को नहीं दी एक भी सीट :** यह सवाल इस इसलिए भी उठ रहा है क्यों मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने अत्याधिक आत्मविश्वास दिखाते हुए. अलायंस में शामिल समाजवादी पार्टी कोई एक भी सीट नहीं दी थी। यही हाल आम आदमी पार्टी का भी हुआ था। आम आदमी पार्टी ने छत्तीसगढ़ के साथ राजस्थान और मध्य प्रदेश में भी चुनाव लड़ा। चुनाव प्रचार के दौरान अखिलेश यादव और कांग्रेस की तकरार भी सामने आयी थी। अब वह सलाह 2024 के लोकसभा चुनावों के लिहाज से भारी पड़ेगी। कांग्रेस ने दो राज्यों में सत्ता गंवा दी और मध्य प्रदेश जहां पर सिंपैथी से जीत की उम्मीद लगाए बैठी थी। वहां पर सत्ता का सपना चकनाचूर हो गया।

## स्पीड न्यूज

### आरबीआइ की मौद्रिक नीति समिति की समीक्षा बैठक छह से

**नयी दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआइ) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की द्विमासिक समीक्षा बैठक छह दिसंबर को शुरू होगी। आरबीआइ गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में होने वाली इस तीन दिवसीय बैठक के नतीजे की घोषणा आठ दिसंबर को की जायेगी।

### मिजोरम विस चुनाव का परिणाम आज

**आइजोल।** मिजोरम विधानसभा चुनाव के लिए वोटों की गिनती सोमवार को सुबह शुरू होगी। इसके लिए पूरे मिजोरम में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी एच. लियानजेला ने कहा कि महिलाओं सहित चार हजार से अधिक अधिकारियों को लगाया गया है, जो सुबह आठ बजे से वोटों की गिनती के लिए राज्य भर के 13 केंद्रों पर तैनात रहेंगे। उन्होंने बताया, विभिन्न जिलों में लगभग 40 मतगणना हॉल बनाये गये हैं।

### राष्ट्रपति और पीएम ने डॉ राजेंद्र प्रसाद को किया नमन

**नयी दिल्ली।** देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद को रविवार को कृतज्ञ राष्ट्र ने 139वीं जयंती पर याद किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में डॉ राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर उन्हें नमन किया। उन्होंने एक्स पर लिखा- हमारे इतिहास के महत्वपूर्ण क्षणों में डॉ राजेंद्र प्रसाद की गहन बुद्धिमत्ता और दृढ़ नेतृत्व अत्यंत गर्व का विषय है। लोकतंत्र और एकता के विजेता के रूप में उनके प्रयास पीढ़ियों तक गूंजते रहेंगे। उनकी जयंती पर उन्हें शत-शत नमन। इसके अलावा, भारतीय जनता पार्टी ने भी डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर उन्हें याद करते हुए नमन किया।

### तूफान 'माइचौंग' को लेकर पीएम ने की आंध्र के सीएम से बात

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी से टेलीफोन पर बातचीत कर चक्रवात 'माइचौंग' से जुड़ी तैयारियों की जानकारी ली। प्रधानमंत्री ने राज्य को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

### डॉ उपाध्याय बने ब्रिक्स चैंबर के इंडिया चैप्टर के मीडिया सलाहकार

**नयी दिल्ली।** भारतीय जन संचार संस्थान (आइआइएमसी) के प्रोफेसर डॉ राकेश उपाध्याय को ब्रिक्स एन्यूअल रिकग्नीशन अवार्ड (बारा) की कार्यकारी समिति का मीडिया सलाहकार मनोनीत किया गया है।

पीएम मोदी ने तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर महिलाओं, युवाओं और आदिवासियों को दिया धन्यवाद, कहा

# चुनाव परिणाम भ्रष्टाचार, जातिवाद और परिवारवाद को कड़ा संदेश

छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और राजस्थान विस चुनाव का परिणाम

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तीन राज्यों में मिली जीत पर भाजपा मुख्यालय में आभार स्वरूप आयोजित कार्यक्रम में जनता विशेष कर महिलाओं, युवाओं और आदिवासियों का धन्यवाद दिया। उन्होंने कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा, मैं अक्सर कहता था कि नारी शक्ति यह ठान कर निकली है कि भाजपा का परचम लहरायेंगी। आज नारी शक्ति वंदन अधिनियम ने देश की माताओं-बेटियों के मन में नया विश्वास जगाया है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, चुनाव के नतीजों ने एक और बात स्पष्ट की है कि देश का युवा सिर्फ और सिर्फ विकास चाहता है। जहां भी सरकारों ने युवाओं के खिलाफ काम किया है, वे सरकारें सत्ता से बाहर हुईं, चाहे राजस्थान, छत्तीसगढ़ या तेलंगाना हो। इन तीनों राज्यों में सत्ता में बैठे दल अब सत्ता से बाहर हैं। उन्होंने कहा कि यह भ्रष्टाचार, जातिवाद और परिवारवाद को कड़ा संदेश है। जनता इनके प्रति अब जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। भाजपा इन तीनों बुराइयों के प्रति एकमात्र विकल्प है। यह जीत जांच एजेंटियों को बदनाम करने की कोशिश के खिलाफ एक जन समर्थन है। इससे पहले जश्न में शामिल होने के लिए पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह नयी दिल्ली में भाजपा मुख्यालय पहुंचे थे। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया।

प्रधानमंत्री ने पार्टी कार्यकताओं को जीत के लिए बधाई देते हुए कहा कि अब उन्हें आने वाले समय में अधिक सावधानी बरतनी होगी। अब देश को बांटने और कमजोर करने वाली ताकतें एड़ी-चोटी का जोर लगायेंगी। भाजपा कार्यकताओं को उनके फेक नरेटिव का जवाब देना होगा। साथ ही, जनता के बीच में पार्टी का जनाधार मजबूत करना होगा। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को बंगाल की खाड़ी में उपजे तूफान में राहत और बचाव कार्यों में सहयोग देने के लिए भी कहा।

मोदी ने कहा कि आज की जीत का संदेश दुनिया में गूंजेगा। यह निवेशकों को स्पष्ट संदेश है कि भारत का लोकतंत्र और लोग सशक्त हैं। भारत का विकास भरोसेमंद है और लोग यहां सोच-समझकर स्थिर सरकार को चुनते हैं। भाजपा की राजनीति परफॉर्मेंस और डिलीवरी की राजनीति है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने अपने चिर परिचित अंदाज में कहा कि मोदी की गारंटी मतलब गारंटी पूरा होने की गारंटी। उन्होंने कहा कि यह घमंडिया गठबंधन (विपक्षी गठबंधन) को स्पष्ट संदेश है कि जनता के लिए भेजे धन का दुरुपयोग करने वालों को जनता चुन-चुन कर साफ कर देगी। देश विरोधी और बांटने वाली ताकतों को सहयोग करने वालों को रास्ते से साफ कर देगी।


### तुष्टिकरण, जातिवाद और वोट बैंक की राजनीति पर भारी पड़ीं मोदी की विकासपरक नीतियां : नड्डा

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की शानदार जीत पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इन राज्यों की जनता का आभार व्यक्त किया है। रविवार शाम यहां भाजपा मुख्यालय में आयोजित समारोह में नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य स्वागत किया। इस मौके पर अपने संबोधन में नड्डा ने कहा कि आज विपक्ष की तुष्टिकरण, जातिवाद, वोट बैंक की राजनीति, देश को बांटने की कोशिश पर मोदी की विकासपरक नीतियां भारी पड़ गयीं। देश ने विकास को आगे रख कर इन चुनावों के नतीजों पर मुहर लगायी है। उन्होंने कहा कि चार राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजे आये हैं, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने एक बहुत बड़ी जीत हासिल की है। नड्डा ने कहा कि ये चुनाव के नतीजे बताते हैं कि इस देश में अगर गारंटी है, तो वो मोदी की गारंटी है। ये चुनाव संदेश देते हैं कि मोदी है तो मुमकिन है। जातिवाद और तुष्टिकरण की नीति पर चलने वाले आइएनडीआइ गठबंधन ने समाज को बांटने और खंडित करने की कोशिश की है। वोट बैंक की राजनीति पर मोदी के विकास की राजनीति भारी पड़ी है। राज्यों में जीत का मतलब है कि लोगों ने गारंटी पर मुहर लगायी है।



## जनता के दिल में सिर्फ मोदी : अमित शाह

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने तीन राज्यों (मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़) में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को मतगणना में मिली बढ़त पर खुशी जतायी है। शाह ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि आज के चुनाव परिणामों ने यह साबित कर दिया है कि तुष्टीकरण और जाति में बांटने की राजनीति के दिन समाप्त हो चुके हैं। नया भारत पॉलिटिक्स ऑफ परफॉरमेंस पर वोट देता है। इस अपार समर्थन के लिए मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान की जनता को वह नमन करते हैं। शाह ने कहा कि भाजपा की इस भव्य विजय पर वह प्रधानमंत्री मोदी को बधाई देते हैं।





शाह ने कहा कि मध्य प्रदेश की यह प्रचंड जीत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार की कल्याणकारी नीतियों और सुशासन पर जनता की मुहर है। प्रचंड बहुमत का आशीर्वाद देकर भाजपा को निरंतर सेवा का अवसर देने के लिए जनता का हृदय से आभार व कार्यकताओं का अभिनंदन। छत्तीसगढ़ के जनजातीय, गरीब और किसान बहनों-भाइयों ने प्रधानमंत्री मोदी में अपना विश्वास जताकर भाजपा को प्रचंड बहुमत का आशीर्वाद दिया है। इस विशाल जीत के लिए छत्तीसगढ़ की जनता का आभार। शाह ने कहा कि वीरभूमि राजस्थान की जनता का हृदय से आभार। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा को जीत का आशीर्वाद देने के लिए राजस्थान की जनता का वह अभिनंदन करते हैं। यह जीत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व पर जनता के अटूट विश्वास की जीत है। इस शानदार जीत के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित सभी भाजपा नेताओं और कार्यकताओं को बधाई।

## गहलोत और केसीआर ने पार्टी की हार के बाद सौंपा इस्तीफा

**नयी दिल्ली।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को राजभवन पहुंचकर राज्यपाल कलराज मिश्र को मुख्यमंत्री पद से अपना त्यागपत्र सौंपा। राज्यपाल मिश्र ने तत्काल प्रभाव से त्यागपत्र स्वीकार करते हुए उनसे राज्य में नयी सरकार के गठन होने तक कार्य करते रहने का आग्रह किया है। इधर, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने भी तेलंगाना विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी की हार के बाद रविवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। जानकारी के अनुसार राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन ने केसीआर का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। राज्यपाल ने केसीआर से नयी सरकार के गठन तक पद पर बने रहने का अनुरोध किया है।

## लोस चुनाव में भी मिलेगी प्रचंड जीत : अनुराग

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रचंड जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकासोन्मुखी राजनीति की जीत बताया। रविवार को भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में अनुराग ठाकुर ने कहा, इन परिणामों से एक बात स्पष्ट है की देश में सिर्फ एक हीं गारंटी चलती है और वो है मोदी को गारंटी। यह चुनाव परिणाम इस बात का भी संकेत है कि 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को प्रचंड जीत मिलेगी। उन्होंने कहा, मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों में निर्णायक जनादेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और भाजपा पर चुनाव दर चुनाव जनता के बढ़ते विश्वास का परिचायक है।



अनुराग ठाकुर ने कहा, यह जीत भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के संगठन कौशल और अनगिनत पार्टी कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत और समर्पण की है, जिन्होंने अपना दिन जनता के बीच बिताया और भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाया। ठाकुर ने कहा कि मोदी जी लगातार देश के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं। इन परिणामों से ये स्पष्ट है कि लोग मोदी जी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार और विकास चाहते हैं। ये चुनाव बताते हैं कि कांग्रेस और उसकी झूठी गारंटियों को लोगों ने पूरी तरह से नकार दिया है और भाजपा के सुशासन, विकास और गरीब कल्याण पर भरोसा जताया है।ठाकुर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोगों ने भूपेश बघेल और कांग्रेस के भ्रष्टाचार के विरोध में ये जनादेश दिया है।

## सांसदों और केंद्रीय मंत्रियों को मैदान में उतारने का भाजपा का दांव आया काम

चुनाव विश्लेषण

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का चार राज्यों के विधानसभा चुनावों में कई सांसदों और केंद्रीय मंत्रियों को मैदान में उतारने के सकारात्मक परिणाम मिले हैं। इन भाजपा नेताओं को अपेक्षाकृत कठिन चुनौती वाली विधानसभा सीटों पर मैदान में उतारा गया, जहां पार्टी पिछले चुनाव में हार गयी थी। इन सीटों पर चुनाव लड़ रहे सांसदों और केंद्रीय मंत्रियों ने ज्यादातर सीटों पर जीत हासिल की है। कई सांसदों और केंद्रीय मंत्रियों ने न केवल अपनी विधान सभा सीट पर विजय पायी, बल्कि अपने आसपास की सीटों पर भी पार्टी उम्मीदवारों की जीत का मार्ग प्रशस्त किया।

चुनाव आयोग की वेबसाइट के अनुसार कई भाजपा सांसदों ने अपनी-अपनी सीटें निकाल ली हैं। हालांकि, मप्र में केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते अपनी विधानसभा सीट से करीब 9000 से ज्यादा वोट से हार गये हैं। राजस्थान विधानसभा में भी सांसदों को चुनावी मैदान में उतारा गया था और कई सांसदों ने जीत हासिल की है। छत्तीसगढ़ में भी कई सांसदों को जीत मिली है।

### तीन राज्यों में सिमटी कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तीन चुनावी राज्य (राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़) में बहुमत का आंकड़ा पार कर चुकी है। जैसे ही इन तीनों राज्यों में चुनाव आयोग पूर्ण नतीजे जारी करेगा, भाजपा 12 राज्यों में अपने दम पर पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने वाली पार्टी बन जायेगी। वहीं, कांग्रेस राजस्थान और छत्तीसगढ़ में हार के बाद अब तीन राज्यों में सिमट गयी। जबकि, आम आदमी पार्टी दो राज्यों (दिल्ली, पंजाब) में सरकार होने के नाते तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है।

## मोदी की गारंटी पर लगी जनता के विश्वास की गारंटी : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ (हि.स.)।** तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में कमल खिलने पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने ऑफिशियल अकाउंट के जरिये जीत की बधाई दी है। मुख्यमंत्री योगी ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में मिली जीत बताया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में चार राज्यों के चुनाव परिणामों में तीन राज्यों में बीजेपी की भारी हैट्रिक लगना 'मोदी की गारंटी' पर 'जनता के विश्वास की गारंटी' है। सीएम ने इस जीत पर भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकताओं व सम्मानित मतदाताओं को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं।

राजस्थान की जीत पर योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि वीरभूमि

### भाजपा के वेंकट रमन्ना ने कामारेड्डी विधानसभा सीट से सीएम केसीआर और कांग्रेस के मुख्यमंत्री उम्मीदवार को हराया



**नयी दिल्ली (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी के कटिपल्ली वेंकट रमन्ना ने कामारेड्डी विधानसभा सीट से तेलंगाना के मौजूदा मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव और कांग्रेस के मुख्यमंत्री उम्मीदवार रेवंत रेड्डी दोनों को हरा दिया है। हालांकि दोनों नेता अपनी दूसरी सीटों पर जीत रहे हैं। उन्होंने अपने मुख्य विपक्षी उम्मीदवार मुख्यमंत्री राव को चार हजार से ज्यादा मतों से हराया है। इस जीत पर केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने सोशल मीडिया एक्स पर साझा करते हुए कहा है कि यह एक बड़ी जीत है जिसकी चर्चा ही नहीं हो रही है। हालांकि, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रेवंत रेड्डी कोडंगल से जीते हैं। वहीं, बीआरएस के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव गजवेल सीट से जीते हैं। उल्लेखनीय है कि तेलंगाना में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिला है और बीआरएस विपक्ष में बैठने जा रही है। भारतीय जनता पार्टी ने अपना वोट प्रतिशत बढ़ाया है। लगभग 14 प्रतिशत वोट के साथ भाजपा राज्य की तीसरी बड़ी पार्टी बनने जा रही है।

## तेलंगाना विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली शानदार जीत

चुनाव परिणाम

**हैदराबाद (हि.स.)।** तेलंगाना राज्य की जनता ने रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाली कांग्रेस पार्टी को स्पष्ट बहुमत दिया है। सत्तारूढ़ भारत राष्ट्रीय समिति को बड़ा झटका लगा। चुनाव आयोग के अनुसार खबर लिखे जाने तक भारत राष्ट्रीय समिति को 39, कांग्रेस 65, भाजपा 8 और एआइएमआइएम को 7 सीटें हासिल की हैं।

इधर, भारत के राष्ट्रीय समिति के कार्यकारी अध्यक्ष ने अन्य एक पत्रकार वार्ता में कहा है कि वह उनकी हार पर समीक्षा करेंगे। विधानसभा चुनाव परिणाम ने तेलंगाना राज्य के गठन के बाद लगातार दो बार मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठे केसीआर की हैट्रिक की उम्मीदों पर कांग्रेस ने पानी फेर दिया है। स्पष्ट बहुमत ने पिंक पार्टी (बीआरएस) को घर भेज दिया। राज्य के आठ से अधिक मंत्री अपने चुनाव क्षेत्र में हार गये हैं। जनता ने भी पिछले विधानसभा चुनाव के पश्चात कांग्रेस से सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति में शामिल हुए विधायकों को अच्छा सबक सिखाया है। दल बदलने वाले विधायक अपनी सीट पर जीत हासिल नहीं कर पाये।

### तेलंगाना के डीजीपी निलंबित

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने रविवार को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन मामले में तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अंजनी कुमार को निलंबित करने का आदेश दिया है। सूत्रों के अनुसार, तेलंगाना में अभी गिनती चल ही रही थी कि हैदराबाद में फूलों के गुलदस्ते के साथ डीजीपी अंजनी कुमार तेलंगाना कांग्रेस अध्यक्ष व उम्मीदवार रेवंथ रेड्डी को गुलदस्ता देने पहुंच गये थे। डीजीपी अंजनी कुमार के इस कदम का चुनाव आयोग ने आदर्श अचार संहिता का उल्लंघन माना।

## कैट ने ट्रैवल एवं टूरिज्म क्षेत्र में चीनी निवेश और डाटा सुरक्षा की जांच की मांग की

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने भारत के ट्रैवल एवं टूरिज्म क्षेत्र में कुछ बड़ी कंपनियों और चीन के निवेश को लेकर सवाल उठाने के साथ-साथ चिंता जतायी है। कैट ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से ट्रैवल एवं टूरिज्म के क्षेत्र में काम करने वाली इन कंपनियों के बिजनेस मॉडल की जांच कराने की मांग की है।

कैट ने रविवार को जारी एक बयान में कहा कि देश में ट्रैवल एवं टूरिज्म क्षेत्र में चंद बड़ी कंपनियों, जिनमें खासकर चीनी धन का निवेश के साथ-साथ नियंत्रण भी है, उन्होंने इस क्षेत्र में ट्रैवल एजेंटों के कारोबार को लगभग समाप्त कर दिया है। इनके द्वारा एकत्र डाटा की सुरक्षा भी खतरे में पड़ने की आशंका जताते हुए कैट ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से आग्रह किया है कि ट्रैवल एवं टूरिज्म के क्षेत्र में काम करने वाली इन बड़ी कंपनियों के बिजनेस मॉडल की जांच कर यह सुनिश्चित किया जाये कि उनके द्वारा एकत्र डाटा का दुरुपयोग तो नहीं हो रहा है। इसके साथ ही यह भी देखा जाये कि इस क्षेत्र में अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा तो नहीं हो रही है।

कारोबारी संगठन कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाते हुए कहा कि भारत में ट्रैवल एवं टूरिज्म व्यवसाय देशभर में फैले लगभग 10 लाख से अधिक ट्रैवल एजेंटों द्वारा किया जा रहा था, जो बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार भी दिया करते थे। पिछले कुछ सालों में चीनी एवं अन्य विदेशी निवेश के बल पर इस व्यवसाय पर कुछ चंद कंपनियों ने पूरा कब्जा कर लिया है। अब वो अपने पोर्टल के माध्यम से सारी बुकिंग करते हैं। उनकी कंपनी में बड़ी मात्रा में विदेशी धन का निवेश हुआ है, इसलिए यह व्यापार अब चंद बड़े हाथों में ही सिमट कर गया है। यह व्यवसाय अब एक एकाधिकार के रूप में काम कर रहा है और भारत के लोगों का बड़ा डाटा इनके पास इकट्ठा हुआ है।

## मारा गया हमास का खूंखार कमांडर फरहत

**गाजा पट्टी।** गाजा पट्टी पर सात अक्टूबर से मचे घमासान के बीच आठ दिन के संघर्ष विराम के बाद दो दिसंबर से फिर फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास और इजराइल के बीच लड़ाई तेज हो गयी है। इजराइली सुरक्षा बलों ने संघर्ष विराम टूटने के बाद से अब तक करीब 400 स्थानों पर रॉकेट और मिसाइल दागकर हमास के ठिकानों को तबाह कर दिया है। इस दौरान इजराइली फौज ने हमास के शीर्ष कमांडर विसम फरहत को मार गिराया। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने एक्स पर कहा है कि गाजा में छुपे आतंकवादियों ने इजराइली नागरिकों पर रॉकेट दागे हैं। सेना इन आतंकियों को माकूल जवाब दे रही है। प्रमुख अखबार द टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार अश्कलोन (गाजा) के सीमावर्ती कस्बों में रविवार की सुबह से रॉकेट हमले के सायरन बज रहे हैं।

## उपलब्धि प्राप्त दिव्यांग अपनी क्षमता के अनुसार औरों की मदद करें : राष्ट्रपति

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** एशियाई पैरा खेलों में दिव्यांग खिलाड़ियों ने अपनी अदम्य विजयी भावना के बल पर एक नया इतिहास रचा है। इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार अभी भी जारी है। इसमें डॉ दीपा मलिक और सुश्री अवनी लेखरा जैसे खिलाड़ियों द्वारा निभायी गयी प्रेरणादायक भूमिका सराहनीय रही है। भारत ने इन लक्ष्यों को उच्च प्राथमिकता दी है और उन्हें हासिल करने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के मौके पर वर्ष 2023 के लिए दिव्यांगों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करने के दौरान यह उदगार व्यक्त किये। राष्ट्रपति ने कहा कि जिन दिव्यांगों ने विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल की है, उन्हें अपनी क्षमता के अनुसार अन्य दिव्यांगों की मदद करनी चाहिए। इससे उचित सुविधाओं, अवसरों और सशक्तिकरण प्रयासों की मदद से सभी दिव्यांग समानता और सम्मान के साथ रहेंगे।

राष्ट्रपति ने कहा कि दिव्यांगों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार एक सराहनीय माध्यम है, जिसके तहत व्यक्तिगत और संगठनात्मक कार्यों की मान्यता सभी को प्रोत्साहित करती है। राष्ट्रपति ने कहा कि दुनिया की कुल आबादी का लगभग 15 प्रतिशत दिव्यांग हैं और उनका सशक्तिकरण एक उच्च प्राथमिकता है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि पिछले कुछ वर्षों में दिव्यांगों के प्रति समाज के दृष्टिकोण में बदलाव आया है। राष्ट्रपति ने कहा कि यह गर्व की बात है कि नये संसद भवन का हर हिस्सा दिव्यांगों के लिए सुलभ है।


VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| **English Medium** | | **English Medium** | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

# पीएम मोदी का जादू, 4 जातियां और टाइगर जिंदा है वाली इमेज

### 2024 के लिए विपक्ष याद रखेगा ये 7 सबक

भाजपा ने 4 राज्यों के विधानसभा चुनाव को 3-1 के स्कोर से जीत लिया है। इसमें भी खासतौर पर हिंदी पट्टी यानी राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा ने बड़ी जीत हासिल की है। खासतौर पर छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में भाजपा ने चौंकाया है, जहां उसकी हालत कमजोर बताई जा रही थी। मध्य प्रदेश में उसे लेकर फिफ्टी-फिफ्टी की भविष्यावाणी थी तो वहीं छत्तीसगढ़ में सभी पोल उसकी हार बता रहे थे। लेकिन सभी गलत साबित हुए और भाजपा ने जोरदार हासिल कर 54 सीटें हासिल कर ली हैं। यहां 2018 में भाजपा को करारी हार झेलनी पड़ी थी। अब इसके कुछ सबक भी होंगे, जिन्हें कांग्रेस समेत विपक्षी दलों को 2024 में याद रखना होगा...

### पीएम मोदी की फिर बनी टाइगर जिंदा है वाली इमेज

राजस्थान से लेकर तेलंगाना तक पीएम नरेंद्र मोदी ने प्रचार की कमान संभाली थी। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा ने बिना सीएम कैंडिडेट के ही चुनाव लड़ा था। इस तरह पूरा चुनाव पीएम मोदी के नाम पर ही लड़ा गया और अब नतीजे बता रहे हैं कि मोदी की गारंटी पर



लोगों को भरोसा है और उनका जलवा कायम है। विपक्ष को 2024 के चुनाव में उतरते हुए यह याद रखा होगा कि पीएम मोदी की इमेज बेहद मजबूत है और उन पर निजी हमले करने से कोई फायदा नहीं होगा बल्कि नुकसान ही होगा।

### भाजपा की चुनावी मशीनरी अब भी सब पर भारी

भाजपा ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और छ्त्तीसगढ़ में बड़े पैमाने पर केंद्रीय नेताओं को भेजा था। इसके अलावा राज्यों से ताल्लुक रखने वाले केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों को चुनाव भी लड़ाया गया। संगठन मंत्री से लेकर दूसरे राज्यों के विधायक तक चुनाव में उतरे थे। इस तरह भाजपा ने चुनावी मशीनरी की अपनी ताकत दिखा दी है। खुद शिवराज सिंह चौहान ने जीत के बाद केंद्र के सभी नेताओं को संगठन मंत्रियों को धन्यवाद दिया।

### मंडल पार्ट-2 और जातीय सर्वे पर भारी मोदी की 4 जाति?

बिहार में जातीय जनगणना के बाद से ही विपक्ष पूरे देश में इसकी मांग कर रहा है। इसके अलावा आबादी के अनुपात में आरक्षण की मांग कर पिछड़े और दलितों को एकजुट करने की रणनीति बनाई जा रही है। हालांकि पीएम नरेंद्र मोदी ने लगातार चुनाव प्रचार में कहा कि सबसे बड़ी जाति देश में गरीबों की है। इसके अलावा उन्होंने महिलाओं और युवाओं समेत 4 जातियों का जिक्र किया था। अब नतीजे बता रहे हैं कि देश में मंडल पार्ट-2 के भरोसे ही विपक्ष जीत नहीं हासिल कर पाएगा। यहां यह तथ्य है कि मध्य प्रदेश में भाजपा ने ओबीसी बहुल 67 सीटों में से 49 पर जीत हासिल की है।

### आदिवासियों के बीच भी मोदी का जलवा कायम-

भाजपा ने छत्तीसगढ़ की 29 आदिवासी आरक्षित सीटों में से 18 पर जीत हासिल की है। साफ है कि भाजपा को आदिवासी समाज के लोगों का बड़ा वोट मिला है। यह उसके लिए अन्य राज्यों में भी



अच्छा संकेत है। इसके अलावा 2024 के लिए भी भाजपा को उम्मीद बंधाता है।

### मुसलमान कांग्रेस के साथ, पर हर जगह कैसे भुनाएंगे?

तेलंगाना के नतीजे बता रहे हैं कि मुस्लिम वर्ग ने कांग्रेस को समर्थन दिया है। तेलंगाना की मुस्लिम बहुल सीटों पर कांग्रेस ने अच्छा प्रदर्शन किया है। इससे संकेत मिलता है कि कांग्रेस के मजबूत होने पर क्षेत्रीय दलों को छोड़कर मुस्लिम उसके साथ आ रहे हैं। बीआरएस ने इस बार मुस्लिम बहुल 39 में से 12 सीटों पर ही जीत दर्ज की है। वहीं ओवैसी की पार्टी को भी तीन पर ही जीत मिली है। अब इस समीकरण पर अखिलेश यादव, ममता और तेजस्वी जैसे नेताओं की भी नजर होगी।

### उत्तर भारत में भाजपा के मुकाबले अब भी कमजोर है कांग्रेस

कांग्रेस ने तेलंगाना में जीत हासिल की है, जहां भाजपा से उसका सीधा मुकाबला नहीं था। वहीं हिंदी बेल्ट के तीन राज्यों में वह भाजपा से बुरी तरह हारी। इससे स्पष्ट होता है कि कांग्रेस अब भी भाजपा के मुकाबले कमजोर है। इलेक्शन मशीनरी के तौर पर भी कांग्रेस कमजोर नजर आई। इसके अलावा केंद्रीय नेतृत्व भी उतना सक्रिय नहीं था, जितना भाजपा की ओर से पीएम मोदी, अमित शाह और जेपी नड्डा जैसे नेताओं ने जमकर कैंपेन किया।

### महिलाओं ने पलटा गेम, आगे भी पीएम मोदी चलेंगे दांव

मध्य प्रदेश में लाडली बहना योजना और छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना जैसी स्कीमों ने भाजपा को बंपर वोट दिलाए। पहले से ही चर्चा थी कि भाजपा को महिलाओं के समर्थन का फायदा मिल सकता है और अंत में वही हुआ। एमपी में तो इस बार महिलाओं ने मतदान भी किया था। भाजपा ने धीरे-धीरे योजनाओं के जरिए एक लाभार्थी वर्ग तैयार किया है, जिसके जरिए वह तमाम समीकरणों की काट करती रही है।

### राजस्थान-छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के हारने की राहुल गांधी की भविष्यवाणी सच

मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत मिलता दिख रहा है। इसे लेकर भाजपा कार्यकताओं ने जश्न मनाना शुरू कर दिया है। इस बीच, बीजेपी लीडर व केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का एक वीडियो शेयर किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने मजे लेते हुए लिखा, 'सच हुई राहुल जी की भविष्यवाणी'। यह महज 10 सेकंड लंबा वीडियो क्लिप है जिसमें राहुल राजस्थान और छत्तीसगढ़ चुनाव पर बयान देते नजर आ रहे हैं। वह कहते हैं, 'राजस्थान में भी सरकार जा रही है। छत्तीसगढ़ में भी जा रही है।' इसके बाद वायरल 'मोये-मोये' गाने की धुन बजने लगती है। इससे पहले राजस्थान में चुनाव प्रचार के दौरान राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'पनौती' कहा था। भाजपा की ओर से इसका कड़ा विरोध जताया किया था। साथ ही इस मामले को चुनावों में भुनाने का भी प्रयास किया गया।

# नतीजों के बाद कितना बदला देश का सियासी नक्शा, मोदी राज में कितनी बदली तस्वीर

**मध्य प्रदेश**, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में मतगणना जारी है। छह घंटों की मतगणना के बाद आंकड़ों को निर्णायक माना जा रहा है। तेलंगाना में भी सत्ता परिवर्तन के आसार हैं। राजस्थान-छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का जनाधार खिसकता दिख रहा है। मध्य प्रदेश में भाजपा को 160 से अधिक सीटों पर बढ़त है। चार राज्यों के जनादेश से मिल रहे सियासी संकेतों के बीच आइये जानते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश की सत्ता में आने बाद देश का सियासी नक्शा कैसे बदला है?

मध्य प्रदेश, राजस्थान समेत पांच चुनावी राज्यों में से चार के नतीजे आज आएंगे। मिजोरम जहां सबसे पहले 7 नवंबर को वोट डाले गए थे, उसके नतीजे चार दिसंबर को आएंगे। इन पांच में से दो चुनावी राज्यों- राजस्थान और छत्तीसगढ़ में इस वक्त कांग्रेस सरकार है। वहीं, मध्य प्रदेश में भाजपा, तेलंगाना में बीआरएस और मिजोरम में एमएनएफ सत्ता में है।

चार राज्यों की मतगणना से इतर देश के बाकी राज्यों की बात करें तो इस वक्त 10 राज्यों में भाजपा के मुख्यमंत्री हैं। वहीं, छह राज्यों की सरकार में भाजपा हिस्सेदार है। चार राज्यों में कांग्रेस के मुख्यमंत्री हैं। जबकि, तीन राज्यों में कांग्रेस गठबंधन सरकारों का हिस्सा है। सात राज्य ऐसे हैं जहां अन्य दलों की सरकारें हैं। दो राज्यों पंजाब और दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार है। पश्चिम बंगाल में टीएमसी, तेलंगाना में बीआरएस, आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस, ओडिशा में बीजद और केरल में लेफ्ट गठबंधन की सरकार है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश



की सत्ता में आने बाद देश का सियासी नक्शा कैसे बदला है? मोदी सरकार बनने के वक्त कितने राज्यों में भाजपा और कितने राज्यों में कांग्रेस की सरकार थी? कितने राज्यों में अन्य दल सत्ता में थे? कब देश की सबसे ज्यादा आबादी वाले हिस्सों में भाजपा और उसके सहयोगी सरकारों का शासन आया? इस वक्त देश का सियासी नक्शा कैसा है?

जब मोदी सत्ता में आए तब सात राज्यों में थीं भाजपा सरकारें

मई 2014 में नरेंद्र मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री पद की जिम्मेदारी संभाली थी। उनके सत्ता में आने के समय देश के सात राज्यों में भाजपा और उसके सहयोगी दल सरकार चला रहे थे। इनमें पांच राज्यों में भाजपा के मुख्यमंत्री थे, जबकि आंध्र प्रदेश और पंजाब में उसकी सहयोगी पार्टी सत्ता में थी। इन दो राज्यों में देश की छह फीसदी से ज्यादा आबादी रहती है। बाकी पांच राज्यों छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, मध्य प्रदेश और राजस्थान में भाजपा के मुख्यमंत्री थे। इन राज्यों में देश की 19 फीसदी से ज्यादा आबादी रहती है।

यानी, जब नरेंद्र मोदी देश की सत्ता में आए उस वक्त करीब 26 फीसदी आबादी पर भाजपा और उसकी सहयोगी सरकारें चल रही थीं। उस वक्त देश के 14 राज्यों में कांग्रेस और उसके सहयोगी पार्टियों की सरकार थी। कांग्रेस शासित इन राज्यों में देश की 37 फीसदी से ज्यादा आबादी रहती है। इन राज्यों में महाराष्ट्र, कर्नाटक जैसे बड़े राज्य शामिल थे।

### 2018 में पीक पर पहुंची भाजपा

2014 में सात राज्यों में भाजपा और उसके सहयोगियों की सरकार थी। चार साल बाद मार्च 2018 में 21 राज्यों में भाजपा और उसके सहयोगियों की सरकार थी। इन राज्यों में देश की करीब 71 फीसदी आबादी रहती है। ये वो दौर था, जब भाजपा शासन आबादी के लिहाज से पीक पर था। वहीं, चार राज्यों में कांग्रेस की सरकार थी। इन राज्यों की सात फीसदी आबादी रहती है।

### अभी किन-किन राज्यों की सरकार में है भाजपा?

राज्य किससे गठबंधन?

अरुणाचल प्रदेश भाजपा-एनपीपी

असम भाजपा, एजीपी, यूपीपीएल, बीपीएफ

गोवा भाजपा, एमजीपी

गुजरात भाजपा

हरियाणा भाजपा, जेजेपी, एचएलपी

मध्य प्रदेश भाजपा (छह घंटे की गिनती में निर्णायक बढ़त)

महाराष्ट्रभाजपा, शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट)

मणिपुर भाजपा

मेघालय भाजपा

नगालैंडएनडीपीपी, एनपीएफ, भाजपा

पुडुचेरी एआईएनआरसी, भाजपा

सिक्किम एसकेएम, भाजपा

त्रिपुरा भाजपा, आईपीएफटी

उत्तर प्रदेश भाजपा

उत्तराखंड भाजपा

तेलंगाना में पहली बार कांग्रेस!

मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना में विस चुनाव के बाद दिसंबर,

### कितने राज्यों की सरकार में कांग्रेस?

राज्य किससे गठबंधन?

छत्तीसगढ़ कांग्रेस (रुझानों में भाजपा आगे)

राजस्थान कांग्रेस (रुझानों में भाजपा को स्पष्ट बहुमत के संकेत)

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस

झारखंडजेएमएम, कांग्रेस

बिहार जेडीयू, आरजेडी, कांग्रेस

तमिलनाडु डीएमके, कांग्रेस

कर्नाटक कांग्रेस

### अब आगे क्या होगा?

अभी 15 राज्यों में भाजपा सत्ता में है। 2024 में लोकसभा और सात राज्यों के विधानसभा चुनाव भी होंगे। इनमें सिक्किम, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा, हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड शामिल हैं। अभी हरियाणा, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, महाराष्ट्र में भाजपा की सरकार है। ओडिशा में बीजद, आंध्र प्रदेश में मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की अगुवाई वाली वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) की सरकार है।

## जीते तो मिठाई और हारे तो ईवीएम पर ही दोष मढ़ने की कांग्रेस की दो तरफा तैयारी

कांग्रेस मुख्यालय में सुबह से दिल्ली और आसपास के राज्यों के कार्यकर्ता और पदाधिकारी पहुंचने लगे थे। राहुल प्रियंका गांधी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश शर्मा अपनी पूरी टीम के साथ जीत और हार दोनों तरह से इंतजाम करके पार्टी मुख्यालय पहुंचे थे। जैसे-जैसे चुनावी राज्यों की तस्वीर सरकार बनने के लिहाज पर स्पष्ट होती गई, कांग्रेस पार्टी कार्यालय में ईवीएम को लेकर विरोध होना शुरू हो गया...

दोपहर तक तस्वीर करीब-करीब साफ हो चुकी थी कि देश के चार राज्यों के आने वाले नतीजे क्या हैं? कांग्रेस मुख्यालय में चुनावी परिणाम को लेकर बीती रात से की जा रही तैयारी में जीत का जश्न मनाने के तौर पर ढोल, नगाड़े, फूल माला और लड्डुओं के साथ साथ हार का ठीकरा भी फोड़ने का पूरा सामान भी कांग्रेस के कार्यकर्ता लेकर आए थे। जैसे ही रुझानों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनती नजर आई, वैसे ही कांग्रेस पार्टी मुख्यालय के भीतर ईवीएम के विरोध की बड़ी मात्रा में तख्तियां बाहर निकलने लगीं।

कांग्रेस मुख्यालय में सुबह से दिल्ली और आसपास के राज्यों के कार्यकर्ता और पदाधिकारी पहुंचने लगे थे। राहुल प्रियंका गांधी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश शर्मा अपनी पूरी टीम के साथ जीत और हार दोनों तरह से इंतजाम करके पार्टी मुख्यालय पहुंचे थे। जैसे-जैसे चुनावी राज्यों की तस्वीर सरकार बनने के लिहाज पर स्पष्ट होती गई, कांग्रेस पार्टी कार्यालय में ईवीएम को लेकर विरोध होना शुरू हो गया। दिल्ली निवासी परबीन खान बताती हैं कि वह अपने साथ ईवीएम के विरोध की तख्तियां भी साथ लेकर आई थीं। वोटिंग मशीन का विरोध करने वाली तख्तियों को लाने के पीछे



उनका तर्क था कि उनको पहले से अंदाजा हो गया था कि भाजपा सरकार इन मशीनों में गड़बड़ी करके चुनाव जीत सकती है। इसीलिए वह अपने साथ फूल माला और मिठाई की बजाए ईवीएम के विरोध की तख्ती लेकर आईं थीं। जिसे पार्टी मुख्यालय के बाहर गाड़ियों में रख दिया गया था।

चुनाव के रुझानों के परिणाम में बदलने के साथ-साथ पार्टी मुख्यालय के भीतर जमकर नारेबाजी भी शुरू हो गई। पार्टी मुख्यालय में मौजूद राहुल-प्रियंका गांधी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश शर्मा कहते हैं कि जिस तरीके से राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बाद लोगों में उत्साह और समर्थन बना हुआ था, वह सिर्फ और सिर्फ इन मशीनों के जरिए ही बदला जा सकता था। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि ईवीएम में हुई छेड़खानी के चलते ही यह रुझान परिणामों के तौर पर तब्दील हो रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के मुख्यालय में मौजूद पार्टी कार्यकताओं ने दोपहर तक के परिणाम पर पूरा ठीकरा ईवीएम पर फोड़ दिया।

पार्टी कार्यालय पर रुझानों के परिणामों में बदलने पर मिली-जुली प्रतिक्रिया भी सामने आई। दिल्ली राजौरी गार्डन के विधानसभा उपाध्यक्ष हरजोत कहते हैं कि उनका अनुमान तो था कि वह यह सभी राज्य जीतने वाले हैं। क्योंकि उनकी पार्टी ने मजबूती के साथ तैयारी की थी। लेकिन निश्चित तौर पर कहीं ना कहीं कोई बड़ी कमी जरूर रही होगी, जिसके चलते यह परिणाम आए हैं। वह कहते हैं कि उनके लिए यह वक्त मंथन का है, क्योंकि अगले साल लोकसभा के चुनाव होने हैं और लोकसभा चुनाव के साथ-साथ कई राज्यों के विधानसभा के चुनाव भी होने हैं। इसलिए वह इन परिणामों के साथ आगे की रणनीतियों पर अपने शीर्ष नेतृत्व के दिशा निर्देशन में फिर से मजबूती से काम करेंगे ताकि लोकसभा के चुनाव में बेहतर ढंग से मैदान में उतर जा सके।

## बीआरएस से त्रस्त तेलंगाना की जनता ने कांग्रेस पर भरोसा जताया

**ऐसे** में लोगों के मन में सवाल भी उठ रहे हैं कि आखिर वो कौन से मुद्दे थे, जो बीआरएस के लिए भारी पड़ गए? कांग्रेस के अच्छे प्रदर्शन की वजह क्या है?

कांग्रेस ने सत्ता विरोधी लहर का फायदा उठाया 2014 में आंध्र प्रदेश से अलग होने के बाद तेलंगाना में पहली सरकार बनाई थी। वहीं, 2018 में पार्टी को प्रचंड बहुमत मिला। दोनों बार पार्टी 'स्वर्णिम तेलंगाना' बनाने के वादे पर राज्य में सत्ता में आई थी। हालांकि, किसानों, युवाओं, दलितों और पिछड़े वर्गों के लिए वादों को न पूरा करने पर बीआरएस की पकड़ कमजोर हुई और यह केसीआर के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर बनकर उभरी। वहीं, विपक्ष में कांग्रेस ने जनता के बीच इस असंतोष का फायदा उठाया। इसके साथ ही कांग्रेस ने राज्य में बेरोजगारी, कृषि संकट, भ्रष्टाचार, परिवारवाद और विकास की कमी के मुद्दों को जनता के सामने रखा।

बेरोजगारी की समस्या भी राज्य में केसीआर सरकार की पकड़ को कमजोर करने की एक बड़ी वजह रही। वहीं, कांग्रेस ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान बार-बार बेरोजगारी और पेपर लीक जैसे मुद्दे उठाए। 2014 में पहली बार सत्ता में आने वाली बीआरएस ने युवाओं को रोजगार देने का वादा किया, लेकिन पिछले 10 सालों में आपेक्षित नौकरियां उपलब्ध नहीं करा पाईं। भर्तियों के मुद्दे पर राज्य में आए दिन बेरोजगार धरना-प्रदर्शन होते रहे। भर्तियों में देरी और इंटर, पीएससी परीक्षाओं का लीक होना और ग्रुप परीक्षाओं का स्थगन बीआरएस को युवाओं से दूर करता गया।

पिछले विधानसभा चुनाव में बीआरएस सरकार ने बेरोजगारों को भत्ता देने का एलान भी किया गया था, जिसको लागू नहीं करने से युवाओं में गुस्सा देखा गया। यही कारण है कि युवाओं को रिझाने के लिए बीआरएस ने चुनाव से कुछ महीने पहले 'विद्यार्थी और युवजन' जैसे कार्यक्रम शुरू किए।

**योजनाओं में अनियमितता से टूटा लोगों का भरोसा**

राज्य में केसीआर सरकार ने कई योजनाएं शुरू कीं, लेकिन इनमें लोगों की अनियमितता की शिकायत रही। सरकार की ओर से एक पोर्टल 'धरणी' बनाया गया था, जिसको लेकर आरोप लगाया गया कि पोर्टल के कारण बटाईदार किसानों और काश्तकारों को काफी नुकसान हुआ। लोगों ने शिकायत की कि इससे केवल जमींदारों को लाभ हुआ है। कई स्थानों पर लोगों को वितरित की गई जमीनें असल में जमींदारों के नाम पर भी हैं।

केसीआर सरकार ने दलित समाज के लिए दलितबंधु योजना शुरू की थी। आरोप लगाए गए कि योजना का दुरुपयोग किया गया। बीआरएस सरकार के गठन के बाद डबल बेडरूम घर नाम से एक योजना शुरू की गई थी जो सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजना है। आरोप लगे कि सरकार गरीबों और वंचित तबकों को डबल बेडरूम का घर देने में सफल नहीं हो पाई। इसके अलावा महत्वाकांक्षी कालेश्वरम परियोजना में मेदिगड्डा बैराज में भ्रष्टाचार के आरोप लगे है। इसमें गुणवत्ता संबंधी खामियां भी बताई गईं।

कर्नाटक के बाद तेलंगाना में काम आईं कांग्रेस की गारंटियां

इस चुनाव में राज्य में महिलाओं, आदिवासियों और किसानों से जुड़े मुद्दे भी हाबी रहे। इन मुद्दों को लेकर कांग्रेस ने जहां सरकार को घेरा तो वहीं सरकार में आने पर सभी वर्गों के लिए काम करने का वादा किया। खासकर महिला वोटर को साधने के लिए कर्नाटक की तरह तेलंगाना में कांग्रेस ने गारंटियों की बात की।

इसके साथ ही कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में मतदाताओं को लुभाने के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं और लोकलुभावन वादे पेश किए। इनमें से महिलाओं के लिए महालक्ष्मी, इंदिरम्मा और गृहज्योति जैसे योजनाएं शुरू करने का वादा किया। इंदिरम्मा गरीबों के लिए 25 लाख सस्ते आवास उपलब्ध कराने की योजना है। गृहज्योति में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बिजली बिलों पर सब्सिडी देने की गारंटी दी गई है।

वहीं रायथु भरोसा में किसानों को धान के लिए 2,500 रुपये प्रति क्विंटल और कपास के लिए 7,000 रुपये प्रति क्विंटल के साथ-साथ मुफ्त बिजली, पानी, बीज और उर्वरक का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देने का वादा किया गया है।

**योजनाबद्ध तरीके से चुनाव लड़ी कांग्रेस**

पिछली बार बुरी तरह हारी कांग्रेस ने इस बार बीआरएस के सामने एक प्रभावी और आक्रामक चुनाव अभियान चलाया। यहां प्रचार अभियान का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस इकाई के अध्यक्ष रेवंत रेड्डी, सांसद उत्तम कुमार रेड्डी और के. जना रेड्डी, सीएलपी नेता मल्लू भट्टी विक्रमार्क और सांसद कोमाटी रेड्डी वेंकट रेड्डी जैसे अन्य वरिष्ठ नेताओं ने किया। इसके अलावा पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सांसद राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी जैसे बड़े नेताओं ने भी राज्य में लगातार चुनावी दौरे किए।

चुनाव के लिए एक पेशेवर अभियान रणनीतिकार सुनील कनुगोलू को शामिल किया। सुनील पहले भाजपा और आम आदमी पार्टी के साथ काम कर चुके हैं।

उन्होंने कांग्रेस के लिए एक व्यापक चुनाव अभियान योजना तैयार की, जिसमें रैलियां, रोड शो, घर-घर दौरे, सोशल मीडिया शामिल था।